ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 18 जून 2024
वर्ष 4, अंक 121, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराया 13
सूर्या की शूटिंग फिर से शुरू करेंगे सनी देओल 14

रेल हादसे में 15 की मौत, 60 घायल

- मालगाड़ी को कंचनजंघा एक्स. ने मारी टक्कर, 3 बोगी पटरी से उतरीं
- पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग के न्यू जलपाईगुड़ी के पास हुआ हादसा
- राज्य और केंद्र की कई एजेंसियां युद्ध स्तर पर बचाव कार्य में जुटीं

न्यू जलपाईगुड़ी/कोलकाता/नयी दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में सोमवार सुबह एक मालगाड़ी के पीछे से टक्कर मारने के कारण सियालदह जाने वाली कंचनजंघा एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे 15 लोगों की मौत हो गई और 60 लोग घायल हो गए।

एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने बताया कि मृतकों में मालगाड़ी का चालक और यात्री ट्रेन का गार्ड शामिल है। दुर्घटना में घायल हुए लोगों को उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि उत्तर बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से लगभग 30 किलोमीटर दूर रंगापानी स्टेशन के पास ही मालगाड़ी के इंजन द्वारा पीछे से टक्कर मारे जाने के कारण कंचनजंघा एक्सप्रेस ट्रेन के तीन डब्बे पटरी से उतर गए।

मंत्रालय ने कहा कि अप लाइन को ठीक करते हुए उस पर ट्रेन परिचालन शुरू कर दिया गया है। साथ ही कहा कि डाउन लाइन को भी जल्द ही ठीक कर दिया जाएगा। त्रिपुरा के अगरतला से पश्चिम बंगाल के सियालदह जा रही कंचनजंघा एक्सप्रेस डाउन लाइन पर थी और कोलकाता से लगभग 600 किलोमीटर दूर न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के पास एक मालगाड़ी ने उसमें पीछे से टक्कर मार दी थी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दुर्घटना स्थल का मुआयना किया। सड़क संकरी होने की वजह से वह कुछ दूरी तक बाइक से भी गए।

रेल मंत्री ने कहा कि कंचनजंघा एक्सप्रेस में एक मालगाड़ी के पीछे से टक्कर मारने के कारणों की जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने शुरू कर दी है। दुर्घटना के लिए जिम्मेदार परिस्थितियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उपाय किए जाएंगे।

मोदी ने जताया शोक मृतकों के परिजनों को देगा 10 लाख मुआवजा

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने इस दुर्घटना में मारे गये लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायल यात्रियों को 2.5-2.5 लाख रुपये देने की घोषणा की है। मामूली रूप से घायल य़ात्रियों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की गई है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेल दुर्घटना में प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा की है। यह राशि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने रेल हादसे में मारे गए लोगों के प्रति शोक जताते हुए उन लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। साथ ही घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना की।

प.बंगाल में दार्जिलिंग के न्यू जलपाईगुड़ी के पास हुए ट्रेन हादसे में मालगाड़ी के इंजन पर चढ़ी कंचनजंघा एक्स. की बोगी। ● एजेंसी

स्वचालित सिग्नल फेल होने से मालगाड़ी को आगे जाने की थी अनुमति

रेलवे अधिकारियों से मिली शुरुआती जानकारी के मुताबिक, यात्री ट्रेन पटरी पर खड़ी थी तभी पीछे से मालगाड़ी ने उसमें टक्कर मार दी। इस बीच, आंतरिक दस्तावेज़ों से पता चला कि मालगाड़ी को सभी लाल सिग्नलों को पार करने की अनुमति दी गई थी क्योंकि स्वचालित सिग्नलिंग विफल हो गई थी। रेलवे के एक सूत्र ने बताया कि दस्तावेज, टीए 912 नामक एक लिखित प्राधिकार, मालगाड़ी के चालक को रानीपत्रा के स्टेशन मास्टर द्वारा जारी किया गया था, जिसमें उसे सभी लाल सिग्नल पार करने के लिए अधिकृत किया गया था। सूत्र के अनुसार, रानीपत्रा और कैट के बीच स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली सुबह 5.50 बजे से खराब थी। ट्रेन नंबर 13174 (सियालदह-कंचनजंगा एक्सप्रेस) सुबह 8.27 बजे रंगापानी स्टेशन से रवाना हुई और आरएनआई और कैट के बीच रुकी।

2004 से देशभर में हुए कितने रेल हादसे, कितनों की हुई मौत

- 2 जून, 2023 : एक साल पहले जून के महीने में ही बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस से टकराने के बाद कोरोमंडल एक्सप्रेस बालासोर में एक मालगाड़ी टकरा गई थी। इस हादसे में 300 से अधिक लोगों की मौत हुई थी, जबकि 1,000 से अधिक लोग घायल हो गये थे।
- 29 अक्टूबर, 2023 : विशाखापट्टनम-पलासा पैसेंजर ट्रेन और विशाखापत्तनम-रायगडा पैसेंजर ट्रेन के बीच टक्कर हो गई थी। इस टक्कर में 14 लोगों की मौत हो गई थी।
- 11 अक्टूबर, 2023 : बिहार नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस पटरी से उतर गई थी. इस दुर्घटना में 70 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।
- 25 अगस्त, 2023 : लखनऊ-रामेश्वरम भारत गौरव ट्रेन में आग लग गई थी। इस आग की वजह से 9 यात्रियों की मौत हो गई थी जबकि 20 अन्य घायल हो गए थे।
- 13 जनवरी, 2022 : बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस के 12 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इसमें 9 यात्रियों की मौत हो गई थी जबकि 36 अन्य घायल हो गए थे।
- 2004 से 2014 के बीच करीब 1853 रेल दुर्घटनाएं हुई हैं। 2004-14 की अवधि के दौरान प्रतिवर्ष 171 रेल दुर्घटनाएं हुई हैं, जबकि 2015 से 2023 तक 449 रेल दुर्घटना हुई हैं। 2014-23 की अवधि के दौरान प्रतिवर्ष 71 रेल दुर्घटनाएं हुई हैं।

यूपी में लू और गर्मी ने ली 78 की जान

संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : लू और हीट स्ट्रोक से सोमवार को प्रदेश के कई जिलों में 78 लोगों की मौत हो गई। कुछ लोगों को हालत गंभीर होने पर अस्पतालों में भर्ती कराया गया। वहीं सर्वाधिक मरने वालों में कानपुर और बुंदेलखंड के आसपास के लोग शामिल हैं। प्रदेश में एक बार फिर से सोमवार को प्रयागराज सबसे गर्म जिला रहा, अधिकतम तापमान 47.6 दर्ज किया गया। यहां भी लू और गर्मी से 15 लोगों की मौत हो गई है।

कानपुर, बुंदेलखंड और आसपास के जिलों में 63 लोगों की मौत हो गई। बुंदेलखंड में 32 ने लू व हीट स्ट्रोक से दम तोड़ दिया। कानपुर में 20, कानपुर देहात में 1 और औरैया में 2, उन्नाव में 3 व फतेहपुर 5 तो हमीरपुर में 17, महोबा और उरई में 3-3, चित्रकूट में 8 व बांदा में 1 व्यक्ति की मौत हो गई। हालांकि जिला प्रशासन लू से मौत होने से इंकार किया है। कन्नौज में अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस रहा। कानपुर में अधिकतम पारा 45.8 डिग्री सेल्सियस रहा। हमीरपुर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस रहा।

- बुंदेलखंड में 32 तो कानपुर में 20 लोगों ने हीट स्ट्रोक से तोड़ा दम
- उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 47.6 डिग्री रहा प्रयागराज का तापमान

मौसम का हाल

शहर	अधिकतम तापमान
देहरादून	43.1
हल्द्वानी	41.6
अल्मोड़ा	37.2
ऊधम सिंह नगर	41.9
पौड़ी	31

वहीं प्रयागराज और आसपास में गर्मी और लू से 15 लोगों की मौत हो गई। इसमें आठ प्रयागराज, पांच कौशांबी और प्रतापगढ़ के दो लोग हैं। कई लोगों इमरजेंसी वार्ड में भर्ती है। सोमवार को प्रयागराज एक बार फिर प्रदेश में सबसे गर्म जिला रहा। अधिकतम 47.6 व न्यूनतम तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

राज्य में हीट बेव की चेतावनी, ऑरेंज अलर्ट

हल्द्वानी : मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने राज्य के पांच जिलों में मंगलवार को भीषण उष्ण लहर चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पहाड़ों में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार राज्य के देहरादून, पौड़ी, हरिद्वार, नैनीताल और ऊधम सिंह नगर जिले में भीषण हीट बेव चलने का अनुमान जताया है। पहाड़ों में कहीं-कहीं बारिश होने का अनुमान है लेकिन मैदानी इलाकों में बारिश की संभावना नहीं है। देहरादून में सोमवार को अधिकतम तापमान 43.1 डिग्री रहा जो सामान्य से नौ डिग्री ज्यादा है। हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री रहा जो सामान्य से छह डिग्री ज्यादा है। सोमवार को उत्तरकाशी में भी उष्ण लहर चली है। अल्मोड़ा में अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री रहा। मौसम विज्ञान ने अनुमान जताया है कि बुधवार से राज्य में बारिश हो सकती है। अगर ऐसा होता है तो लोगों को गर्मी से काफी राहत मिलेगी।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

एक नजर

जम्मू-कश्मीर: मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने रविवार रात जिले के अरागाम इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक अभियान जारी था। मारे गए आतंकवादी की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

झारखंड में पुलिस मुठभेड़ में चार माओवादी ढेर

झारखंड। झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में सोमवार तड़के पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए। यह मुठभेड़ टोंटो और गोइलकेरा इलाके में हुई। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता और महानिरीक्षक (अभियान) अमोल वी होमकर ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान दो माओवादी को गिरफ्तार भी किया गया है। मारे गए चार माओवादियों में एक जोनल कमांडर, एक सब-जोनल कमांडर, एक एरिया कमांडर और संगठन का एक कार्यकर्ता है। एक महिला समेत दो माओवादियों को गिरफ्तार किया गया।

येदियुरप्पा से पॉक्सो मामले में 3 घंटे हुई पूछताछ

बेंगलुरु। कर्नाटक में सीआईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा से पॉक्सो कानून के तहत उनके खिलाफ दर्ज एक मामले के संबंध में सोमवार को तीन घंटे तक पूछताछ की। कर्नाटक हाईकोर्ट ने 14 मार्च को दर्ज मामले के संबंध में भाजपा नेता की गिरफ्तारी पर शुक्रवार को रोक लगा दी थी। पुलिस के मुताबिक, 17 वर्षीय एक लड़की की मां की शिकायत के आधार पर येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

राहुल गांधी छोड़ेंगे वायनाड सीट प्रियंका वाड्रा लड़ेंगी चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट छोड़ने की सोमवार को घोषणा की और कहा कि वहां से पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के आवास पर पार्टी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा और पार्टी महासचिव के सी वेणुगोपाल उपस्थित थे।

राहुल ने पार्टी अध्यक्ष खड़गे और प्रियंका की उपस्थिति में मीडिया के समक्ष यह घोषणा करते हुए कहा कि उनके लिए यह निर्णय कोई आसान नहीं है। उनका रायबरेली और वायनाड दोनों निर्वाचन क्षेत्र से भावानात्मक रिश्ता है और वह वायनाड का दौरा करते रहेंगे। प्रियंका ने इस निर्णय पर खुशी जताई है। राहुल गांधी 18वीं लोकसभा के चुनाव में उत्तर प्रदेश की रायबरेली और केरल की वायनाड सीट, दोनों जगहों पर चुनाव लड़े थे और दोनों सीटों पर विजयी हुए। नियम के अनुसार किसी व्यक्ति को एक समय में लोकसभा में किसी एक सीट का ही प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिल सकता है। गांधी ने कहा कि वह वायनाड के हर व्यक्ति से प्यार करते हैं और उनके दरवाजे वहां के लोगों के लिए हमेशा खुले रहेंगे।

- सोनिया गांधी के आवास पर पार्टी की बैठक में लिया गया निर्णय

बहुत खुश हूं कि वायनाड के लोगों का प्रतिनिधित्व करूंगी : प्रियंका

प्रियंका वाड्रा ने कहा मैं बहुत खुश हूं कि मैं वायनाड के लोगों का प्रतिनिधित्व कर सकूंगी। मुझे नहीं लगता कि वहां के लोगों को राहुल गांधी की कमी महसूस होगी क्योंकि जैसा कि उन्होंने कहा कि वह बीच-बीच में जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पूरी मेहनत के साथ वायनाड के लोगों की सेवा करने और उन्हें खुश रखने का प्रयास करेंगी। रायबरेली से मेरा पुराना रिश्ता है वहां मैंने पिछले 20 साल से काम किया है। उन्होंने कहा कि रायबरेली और अमेठी से उनका रिश्ता टूट नहीं सकता और यह कायम रहेगा।

किसानों के खाते में आज आएंगे 20 हजार करोड़

लखनऊ। तीसरी बार देश की सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को वाराणसी पहुंचेंगे। इस दो दिवसीय दौरे में वह सेवापुरी विधानसभा स्थित मेंहदीगंज में किसान सम्मान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। नरेंद्र मोदी काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। साथ ही दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। मोदी वहां डीबीटी के माध्यम से लगभग 20 हजार करोड़ की किसान सम्मान निधि लगभग 9.26 करोड़ लाभार्थी किसानों के खाते में ट्रांसफर करेंगे। इसके अलावा स्वयं सहायता समूह की 30,000 महिलाओं को प्रमाण पत्र भी देंगे। भाजपा ने किसान सम्मेलन में 50 हजार किसानों की भागीदारी का लक्ष्य रखा है।

3 युवकों को मारी गोली, एक की मौत

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : राजधानी देहरादून में कार की कीमत को लेकर हुए विवाद में रविवार देर रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई जबकि दो लोग गंभीर घायल हो गए। मारे गए युवक का शव सोमवार की सुबह घटना स्थल के पास नाले में पड़ा मिला। युवक के परिजनों ने हंगामा किया और पुलिस को शव देने से मना कर दिया। बाद में क्षेत्रीय विधायक ने मौके पर पहुंच कर भीड़ को शांत कराया। वहीं पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस के अनुसार, रायपुर क्षेत्र निवासी रवि बडोला ने अपनी कार डोभाल चौक के पास रहने वाले देवेंद्र शर्मा उर्फ भारद्वाज को दी थी। रवि बडोला इस कार की कीमत चार लाख रुपए मांग रहा था लेकिन भारद्वाज ने कार का सौदा साढ़े तीन लाख रुपए में कर दिया। इस बात से नाराज रवि बडोला ने अपने दो साथी सुभाष छेत्री और मनोज नेगी को बुलाया और कार वापस लेने भारद्वाज के घर की ओर निकल पड़ा। इस बीच भारद्वाज को खबर मिली कि बडोला अपने साथियों के साथ उसका काम तमाम करने आ रहा है। खबर मिलते ही भारद्वाज ने भी अपने लोगों को बुला लिया। जैसे ही बडोला और उसके साथी भारद्वाज के घर पहुंचे तो भारद्वाज ने साथियों के साथ बडोला और तीनों युवकों पर गोलियां चला दीं। इसमें बडोला, छेत्री और नेगी को गोली लग गई। बडोला गोली लगते ही भागा जबकि छेत्री और नेगी घायल हो गए। गोलीबारी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को कोरोनेशन अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं, सोमवार की सुबह 6 बजे बडोला का शव घटना स्थल के समीप नाले में पड़ा मिला। हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेने की कोशिश की तो बडोला के परिजनों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया। पुलिस को शव देने से इंकार कर दिया। सूचना पर रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ मौके पर पहुंचे और भीड़ को समझा बुझाकर शांत कराया। इसके बाद परिजनों ने शव पुलिस को सौंपा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

- कार की सौदेबाजी को लेकर हुआ था विवाद, पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया

> गोलीकांड में तीन युवकों को हिरासत में लिया गया है। तीनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी ब्याज पर रुपये देने का काम करता है, सभी एंगिल को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।
> -**प्रमोद कुमार**, एसपी सिटी

आईआईटी खड़गपुर की छात्रा फंदे से लटकी मिली

कोलकाता। आईआईटी खड़गपुर की तीसरे वर्ष की छात्रा का शव सोमवार को उसके छात्रावास में फंदे से लटकता पाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी (आईपीएस) ने बताया कि छात्रा देविका पिल्लई (21) का शव छात्रावास की इमारत की छत से फंदे पर लटका मिला। यह आत्महत्या है या कुछ और, इसका पता नहीं चल पाया है। हमने जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए खड़गपुर उप-मंडल अस्पताल भेज दिया गया है।

आईआईटी खड़गपुर ने मामले में बयान जारी कर कहा कि जैव प्रौद्योगिकी विभाग की तीसरी वर्ष की छात्रा देविका का शव सुबह सरोजिनी नायडू छात्रावास की छत से लटका मिला। छात्र, कर्मचारी और संकाय सदस्य देविका के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। संस्थान के प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस देविका की मौत से जुड़ी परिस्थितियों की जांच कर रही है। पिल्लई को प्रतिभाशाली छात्रा बताते हुए संस्थान ने कहा कि जीवविज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के क्षेत्र में उनका भविष्य उज्ज्वल है। वह जीवविज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी विभाग में ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कर रही थी। खड़गपुर में परामर्श एवं मानसिक स्वास्थ्य संसाधन सहित विभिन्न सहायता सेवाएं हैं औ हम छात्रों से अनुरोध करते हैं कि जब भी जरूरत पड़े, इन सेवाओं का उपयोग किया जाए।

बाढ़ को लेकर 29 अतिसंवेदनशील जिलों पर नजर

उत्तर प्रदेश में 20 से 25 जून के बीच मानसून आने की संभावना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः भीषण गर्मी और लू से परेशान प्रदेशवासियों के लिए राहत की खबर है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के अनुसार राज्य में 20 से 25 जून के बीच मानसून आने की संभावना है। ऐसे में राज्य सरकार मानसून को लेकर सतर्क हो गयी है। मुख्यमंत्री ने उच्च स्तरीय बैठक कर मानूसन की सक्रियता के बाद बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों को खाका तैयार करने का आदेश दिया था ताकि प्रदेशवासियों और उनके मवेशियों को समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सके।

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए प्रदेश को तीन भागों में बांटा गया है। इसमें अतिसंवेदनशील श्रेणी में 29, संवेदनशील श्रेणी में 11 और सामान्य श्रेणी में 35 जनपद शामिल हैं। इन जिलों में विशेष निगरानी के लिए टीमों का गठन कर अलर्ट कर दिया गया है, जिसमें सिंचाई विभाग, कृषि विभाग और पशुपालन विभाग के अधिकारी के साथ कर्मचारी शामिल हैं।

इसके अलावा एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पीएसी और मौसम विभाग भी सचेत है। राहत आयुक्त ने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए एनडीआरएफ की 7 टीमें, एसडीआरएफ की 18 टीमें और पीएसी की 17 टीमों की प्रीपोजीशनिंग की जा चुकी है। इसके साथ ही राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा बाढ़ की अवधि में मौसम विभाग, सिंचाई विभाग, कृषि विभाग और केंद्रीय जल आयोग से रिपोट्स प्राप्त कर दैनिक समीक्षा का रोस्टर तैयार कर लिया गया है ताकि बाढ़ प्रबंधन के संबंध में आवश्यक कवायद की जा सके।

- शासन ने बाढ़ से निपटने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश
- आपदा से निपटने के लिए प्रदेश को तीन भागों में बांटा गया

आपदा मित्रों और वालंटियर्स को दिया गया प्रशिक्षण

बाढ़ से निपटने के लिए राज्य स्तरीय इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को भी सतर्क कर दिया गया है, जहां चौबीसों घंटे राहत हेल्पलाइन 1070 के लिए 20 सीटर कॉल सेंटर संचालित कर दिया गया है। इमरजेंसी सेंटर के माध्यम से बाढ़ प्रभावित जिलों में फील्ड में तैनात अधिकारियों को एसएमएस और वॉयस कॉल के माध्यम से वास्तविक स्थिति से अपडेट किया जाएगा ताकि समय रहते स्थिति से निपटा जा सके। बाढ़ समेत अन्य आपदा से निपटने के लिए 400 आपदा मित्रों की तैनाती की है। इन्हे 15 दिन की ट्रेनिंग के साथ यूनीफार्म, आईडी कार्ड, सर्टिफिकेट तथा इमरजेंसी रिस्पांडर किट उपलब्ध करायी गयी है। इसके अलावा 10500 वालंटियर्स को प्रशिक्षण दिया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय उड़ान में परोसे गए खाने में निकला ब्लेड एयर इंडिया ने मांगी माफी

मुंबई। एअर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट में एक पैसेंजर के खाने में ब्लेड मिलने का मामला सामने आया है। पैसेंजर ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी। पोस्ट के बाद रविवार 16 जून को एअर इंडिया ने बयान जारी कर पैसेंजर के खाने में ब्लेड मिलने की बात को स्वीकार किया और माफी मांगी।

एयरलाइन ने कहा कि यह वस्तु उसके खानपान साझेदार की सुविधाओं में इस्तेमाल की जाने वाली सब्जी प्रसंस्करण मशीन से आई थी। एयर इंडिया के मुख्य उपभोक्ता अनुभव अधिकारी राजेश डोगरा ने कहा कि एयरलाइन इसकी पुष्टि करती है कि हमारे एक विमान में सवार यात्री के भोजन में ऐसी वस्तु मिली जो भोजन का हिस्सा नहीं थी। जांच में पता चला कि ये वस्तु हमारे खानपान साझेदार की सुविधाओं में प्रयुक्त होने वाले सब्जी प्रसंस्करण मशीन से आई। यात्री ने एक्स पर भोजन में ब्लेड की जानकारी साझा करने के बाद यह भी लिखा कि शुक्र है कि कोई नुकसान नहीं हुआ। पॉल ने एयर इंडिया की खानपान सेवा को दोषी ठहराते हुए कहा कि यह घटना ठीक नहीं है किसी बच्चे को यह धातु वाला खाना परोसा गया होता तो जान जोखिम में पड़ सकती थी।

सोमवार को ईद-उल-अजहा के मौके पर हल्द्वानी ईदगाह में नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग। शहर की रजा मस्जिद, फातिमा मस्जिद, नई मस्जिद, नूरी मस्जिद, चराग शाह मस्जिद, आस्ताना आदि मस्जिदों में उमड़े नमाजी। ● अमृत विचार

ईद-उल-अजहा पर ईदगाह और मस्जिदों में अदा की नमाज

सुबह से ही मस्जिदों में पहुंचने लगे नमाजी, ईदगाह में जामा मस्जिद के शाही इमाम शहर काजी शेख मुफ्ती मुहम्मद ने नमाज पढ़ाई

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार सोमवार को मनाया गया। सुबह ईदगाह सहित शहर की विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई।

ईदगाह में जामा मस्जिद के शाही इमाम शहर काजी शेख मुफ्ती मुहम्मद ने नमाज अदा कराई। लोगों ने देश में अमन-चैन और तरक्की की दुआ की। शहर की रजा मस्जिद, फातिमा मस्जिद, नई मस्जिद, नूरी मस्जिद, चराग शाह मस्जिद, आस्ताना मस्जिद सहित समस्त मस्जिदों में नमाज का समय अलग-अलग निर्धारित था। सुबह 6 बजे से 8:30 बजे तक मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई। नमाज के बाद ईद मिलन का कार्यक्रम हुआ। इसके बाद पारंपरिक तौर पर जानवरों की कुर्बानी दी गई। शहर काजी शेख मुफ्ती मुहम्मद ने कहा कि ईद-उल-अजहा का पर्व तीन दिन मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि त्याग और बलिदान का प्रतीक ईद का त्योहार बंधुत्व और सामाजिक सद्भावना का संदेश देता है।



नैनीताल के मल्लीताल डीएसए मैदान में नमाज अदा करते नमाजी। ● अमृत विचार

सुख-शांति और भाई चारे के लिए दुआएं कीं

कालाढूंगी : बकरीद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थानीय ईदगाह में शहर इमाम कारी वसीम रजा चिश्ती ने ईद की नमाज अदा कराई। इस दौरान उत्तराखंड सहित देश में सुख शांति और भाई चारे के लिए दुआएं भी की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी और चयनित स्थान स्लॉटर हाउस के पास कुर्बानी की गई। नमाज के दौरान थानाध्यक्ष भगवान सिंह महर के नेतृत्व में तमाम पुलिस कर्मी सुरक्षा की दृष्टि से ईदगाह, मस्जिद एवं स्लाटर हाउस के पास तैनात रहे।

सरोवर नगरी में ईद की धूम

नैनीताल : सरोवर नगरी नैनीताल में सोमवार को ईद उल अजहा की नमाज डीएसए मैदान में मुफ्ती अजमल कासमी की ओर से अदा कराई गई। इस दौरान नमाजियों की ओर से दुआ में देश की खुशहाली, आपसी भाईचारे, तरक्की के लिए दुआ की गई। इस दौरान हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय ने नमाज अदा की। इस दौरान सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने खास इंतजाम किए थे। नमाज अदा करने के बाद नमाजियों ने एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। उसके बाद बकरों की कुर्बानी दी। मुफ्ती अजमल कासमी की ओर से लोगों से अपील की कि स्वच्छता का ध्यान रखते हुए घरों में कुर्बानी करें और खून को नालियों में ना बहाएं। इस दौरान अंजुमन इस्लामिया के सदर शोएब शम्सी, सचिव जमाल सिद्दीकी, तल्लीताल मस्जिद कमेटी के सदर वसी कुरैशी, मोहम्मद तय्यब, तल्लीलाल के पेश इमाम नईम अहमद, पूर्व सदर अकरम शाह, अधिवक्ता सुहेल सिद्दीकी, पूर्व हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सैयद नदीम मून, यूसुफ खान, हारुण खान पम्मी, इकबाल कुरैशी, एजाज कुरैशी, सरफराज कुरैशी, जकी कुरैशी, अफजल फौजी, अजमल हुसैन, इस्तखार अहमद, शाजमान खान, मखमत जमान खान, फैसल कुरैशी, मने कुरैशी आदि मुस्लिम समाज के लोग मौजूद थे।

लालकुआं और भवाली में भी मनाई गई ईद

लालकुआं/भवाली : नगर में बकरीद का पर्व हर्षोल्लास के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने देश व दुनिया मे अमन चैन के लिए दुआ मांगी। जामा मस्जिद व रोशन मस्जिद में प्रात: सात एवं साढ़े सात बजे नमाज अदा की गई। इस मौके पर हिंदू एवं मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी। प्रात: नमाज के दौरान दोनों मस्जिदों में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। वहीं भवाली में भी बकरीद का त्योहार सौहार्द पूर्ण माहौल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। नमाजियों ने नैनीताल रोड तिराहे पर स्थित मास्जिद पर नमाज अदा की।

सार-संक्षेप

रामनगर में हथिनी के शव की जांच करते वन विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

गजराज के हमले में घायल हथिनी की उपचार के दौरान मौत

रामनगर : कार्बेट टाइगर रिजर्व के कालागढ़ रेंज स्थित हाथी शाला में वयस्क हथिनी चंचल की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। बता दें कि 51 वर्षीय हथिनी चंचल पर गजराज हाथी की ओर से हमला कर दिया गया था। जिससे हथिनी का पिछला बांया पैर अन्दर की ओर मुड़ गया था। जिससे वह चलने में असमर्थ हो गयी थी। हथिनी के शरीर पर अन्य जगह भी गम्भीर (गहरे गहरे) घाव/चोटें आयी थीं। उसका उपचार किया जा रहा था। सोमवार को हथिनी की मृत्यु हो गयी। हथिनी के शव का पोस्टमार्टम करवा कर विसरा व आंतरिक अंगों के सैम्पल को परीक्षण के लिए बरेली भेजा गया है। इस दौरान दौरान दिगम्ब नायक, उप निदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व, डॉ. शालिनी जोशी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़, मनीष जोशी, सहायक वन संरक्षक, डॉ. हिमांशु पांगती, वरिष्ठ पशुचिकित्साधिकारी, डॉ. राहुल सती, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी, डॉ. आयुष उनियाल आदि उपस्थित रहे।

सड़क दुर्घटना में कार चालक पर मुकदमा दर्ज

रामनगर : लापरवाही से कार चलाकर दुर्घटना को अंजाम देने वाले एक कार चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मोहम्मद आदिल पुत्र स्व. ताहिर निवासी ईदगाह रोड, खताड़ी रामनगर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसके पिता ई रिक्शा लेकर हिम्मतपुर से रामनगर आ रहे थे, तभी हिम्मतपुर ब्लॉक के पास रामनगर की ओर से आ रही एक कार के चालक ने गलत दिशा में आकर उसके पिता के वाहन पर टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में प्रार्थी के पिता को गंभीर चोट आई है। लोगों की सहायता से उन्हें रामनगर सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों की ओर से चोटों की गंभीरता को देखते हुए उन्हें उच्च इलाज हेतु रेफर कर दिया गया, लेकिन पिता को इलाज के लिए मुरादाबाद ले जाते समय मृत्यु हो गई।

रामपुर का युवक सात किलो गांजे संग गिरफ्तार

रामनगर : पहाड़ से फुटकर बिक्री के लिए गांजा लाने वाले एक युवक को पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया। एसआईओ संदीप वर्मा की ओर से वाहन चैकिंग के दौरान पीडब्लूडी तिराहा पम्पापुरी से आमडंडा की तरफ पुख्ता सड़क से रिजवान पुत्र फरगुन निवासी मोहल्ला सजन शाहबाद रामपुर उप्र हाल पता शक्तिनगर पूछड़ी रामनगर को कुल 7.168 किग्रा गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह खुद गांजा पीता है। यह गांजा वह सराईखेत से लालू नाम के व्यक्ति से कम दामों में लेकर आया। जिसे यहां अधिक पैसों में छोटी छोटी पुड़िया में बेचने की कोशिश थी। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में हल्द्वानी जेल भेज दिया गया।

डीएसए मैदान में हॉकी प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ी। ● अमृत विचार

हरियाणा और ऑल इंडिया ने जीते हॉकी मुकाबले

नैनीताल : 99वीं अखिल भारतीय ट्रेड्स कप हॉकी प्रतियोगिता के तहत सोमवार को डीएसए मैदान में दो मुकाबले खेले गए। जिला क्रीड़ा संघ और जिमखाना क्लब के सहयोग से डीएसए मैदान में खेला गया पहला मुकाबला रजा स्पोर्ट्स क्लब रामपुर और स्पोर्ट्स हॉस्टल हरियाणा के मध्य हुआ। यह 2–1 से हरियाणा ने मुकाबला जीता। दूसरे मुकाबले में हॉकी सोसाईटी सुल्तानपुर और सीबीडीटी ऑल इंडिया आमने–सामने रहे। जिसमें ऑल इंडिया ने मुकाबला 1–0 से जीता। रेफरी मोहित, लाल खान रहे। आयोजन की सफलता में हॉकी सचिव आलोक चौधरी, जीएल साह, सीएल साह, मुकुल जोशी, नरेंद्र सिंह बिष्ट, रवि जोशी, धर्मेंद्र शर्मा, एनडी बिष्ट, संजय कुमार, मनोज बिष्ट आदि जुटे रहे।

कड़ी सुरक्षा के बीच पर्दे में हुई कुर्बानी

इंतजाम

- 178 दरोगा व सिपाही, दो कंपनी पीएसी व थानों की फोर्स मुस्तैद
- व्यवस्था बनाने के लिए एक दिन पहले रूट डायवर्ट कर दिया था

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ईद कड़ी सुरक्षा के बीच मनाई गई। व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस और पीएसी तैनात थी। कुर्बानी भी पर्दे के पीछे कराई गई। खुले में कुर्बानी और कुर्बानी की फोटो व वीडियो न बनाने को लेकर पुलिस पहले ही सख्त संदेश जारी कर चुकी थी।

ईद-उल अजहा को लेकर जिले में पुलिस अलर्ट थी। 178 दरोगा व सिपाही, दो कंपनी पीएसी और थानों की फोर्स अपने-अपने क्षेत्रों में मुस्तैद रही। व्यवस्था बनाए रखने के लिए ईद से एक दिन पहले रूट डायवर्ट कर दिए गए थे। बनभूलपुरा क्षेत्र में एक दिन पहले पुलिस और प्रशासन की टीम ने लोगों से अपील की थी कि वह खुले में कुर्बानी न करें। इसको लेकर ईद के दिन पुलिस मुस्तैद दिखी। हालांकि तमाम लोगों ने सड़क किनारे और गलियों में कुर्बानी की, लेकिन पर्दे की आड़ में। जिले के संवेदनशील इलाकों में दो कंपनी पीएसी भी मुस्तैद रही। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी, कोतवाल उमेश कुमार मलिक समेत सभी थानों और चौकियों के प्रभारी अपने क्षेत्रों में मुस्दैत रहे।

मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में कुर्बानी के लिए प्रशासन की ओर से लगाई गईं कनातें।

मार्ग पर जलते सूखे पेड़ से खतरा बना

नैनीताल, अमृत विचार: नैनीताल हल्द्वानी रोड के ऊपर सूखा हुआ जलता पेड़ लोगों के लिए खतरा बना हुआ है।

रूसी बाईपास में बीते 12 जून को आग लगी हुई थी, जिसकी चपेट में हल्द्वानी रोड पर सड़क के ऊपर तुन के सूखे पेड़ में आग लग गई। छह दिन से लगातार पेड़ में आग लगने से पेड़ सड़क पर गिरने का भय बना हुआ है। आग पेड़ के ऊपरी हिस्से में लगने से आग बुझ नहीं सकी। हादसे का अंदेशा जताते हुए वन विभाग की टीम दो दिन से मौके पर ही मौजूद रही। जब सोमवार को भी पेड़ नहीं गिर पाया तो वन विभाग ने पेड़ कटवा दिया। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि पेड़ गिरने का डर बना हुआ था इसलिए पेड़ को गिरा दिया गया है। अब वहां कोई खतरा नहीं है।

रामनगर में हर्षोल्लास से मनी बकरीद

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : रामनगर में ईद उल अजहा (बकरीद) का पर्व सोमवार को शांतिपूर्ण माहौल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने मुल्क व कौम की तरक्की एवं अमन चैन के लिये अल्लाह की बारगाह में दुआ की गयी। सोमवार को ईदगाह में शहर पेश इमाम मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नईमी के द्वारा साढ़े सात बजे नमाज पढ़ाई गयी और मोहल्ला खताड़ी स्थित बड़ी मस्जिद मे इमाम मुफ्ती मोहम्मद वसीम ने सुबह 7 बजे नमाज पढ़ाई गई।

ग्राम शक्तिनगर आला हजरत मस्जिद में मौलाना सद्दाम ने 7 बजे, ताज मस्जिद में मुफ्ती मोहम्मद आरिफ नईमी ने 6.30 बजे और छप्पर वाली मस्जिद में मुफ्ती मोहम्मद अकबर अली ने 8 बजे पढ़ाई गई। जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नईमी ने नमाज के बाद मुल्क, कोम की तरक्की, वतन मे अमन चैन के लिये अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर दुआयें की। इस मौके पर निवर्तमान पालिकाध्यक्ष हाजी मो. अकरम, जामा मस्जिद प्रशासक शकील खान, ईदगाह कमेटी के सदर बाबर खान, डॉ. जफर सैफी, ताईफ खान, सोहराब सैफी, मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष मो. शमी उर्फ छम्मो, हफीज कुरैशी, पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथलाल चौधरी, पूर्व राज्यमंत्री पुष्कर दुर्गापाल, कांग्रेस नेता ताइफ खान, तनुज दुर्गापाल, भुवन डंगवाल, शिल्पेन्द्र बसंल,एडवोकेट फैजुल हक, ओम प्रकाश रौत, अजीज खान, नजाकत अली, नदीम कुरैशी, आफाक हुसैन, फरमान अली आदि ने मुबारकबाद दी।

रामनगर में ईदगाह पर नमाज अदा करते नमाजी। ● अमृत विचार

ग्रामीण बोले — भीमताल विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के लिए हाहाकार, बानना और पिनरौ सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों में शुमार, मवेशी भी प्रभावित

वॉटर लेबल में वृद्धि से नहीं वर्षा जल संग्रहण टैंकों से बुझेगी प्यास

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीण अपने पीने के लिए तो कई किलोमीटर दूर जाकर पानी की व्यवस्था कर ले रहे हैं, लेकिन पशुओं के लिए पानी का नहीं होना मुसीबत बनता जा रहा है।

बानना और पिनरौ सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों में शुमार हैं। क्षेत्र के निवासी व सामाजिक कार्यकर्ता उमेश पलड़िया और पूर्व प्रधान शांति पलड़िया बताती हैं कि यदि आने वाले चार से पांच दिनों में बारिश नहीं होती है तो पर्वतीय क्षेत्रों में पानी को लेकर भयावह स्थिति पैदा हो जाएगी।

पानी के लिए इंतजार करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

दो दशक पूर्व बनाए गए थे 200 जल संग्रहण टैंक

दो दशक पूर्व बने 200 जल संग्रहण टैंक जिनकी क्षमता दस दस हजार लीटर थी। वह अब तक ग्राम सभा के ग्रामीणों की प्यास को बुझा रहे हैं। यह टैंक स्वैप के अन्तर्गत एक योजना के तहत निर्मित किए गये थे। उप प्रधान पिनरौ संतोष पलड़िया बताते हैं कि अब चूंकि वैज्ञानिकों की ओर से बताया जा रहा है कि हर वर्ष लगातार पानी की कमी होगी इसलिए हर पर्वतीय क्षेत्र के ग्रामों में वर्षा संग्रहण के टैंकों की आवश्यकता है।

वर्षा जल संग्रहण टैंकों का अधिक से अधिक निर्माण की मांग की

पर्वतीय क्षेत्रों के काश्तकारों ने सरकार से भूमि का जल स्तर बढ़ाने के बजाए ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा जल संग्रहण टैंकों का अधिक से अधिक निर्माण करने की मांग की है। तर्क दिया है कि पर्वतीय क्षेत्रों में जल स्तर बढ़ाने का लाभ उनको नहीं मिल पाता है। बताते हैं कि जल स्तर जब बढ़ता है तो नदी आदि में पानी का स्तर में बढ़ोत्तरी होती है जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में सीमित जल स्रोत होते हैं और कई ग्रामीण क्षेत्रों में जहां मोटर मार्ग नहीं हैं ना कोई बोरिंग है और ना ही कोई और माध्यम जहां से पर्वतीय क्षेत्रों के ग्रामीणों को पानी मिल सके। वहीं बताते हैं कि पर्वतीय क्षेत्रों में काश्तकारों को तभी लाभ मिल सकता है जब वर्षा जल संग्रहण टैंक का निर्माण हो। वहीं बानना पिनरौ के काश्तकारों ने इस बार बरसात से पूर्व हर ग्राम सभा में तीन से पांच एक एक लाख लीटर के जल संग्रहण टैंकों के निर्माण की मांग की है।

बोले लोग

"ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार को चाहिए कि भूमि का जल स्तर बढ़ाने के साथ साथ और अधिक क्षमता के जल संग्रहण टैंकों का निर्माण करे ताकि ग्रामीणों को पानी की कमी के समय इन टैंकों से राहत मिल सके। **–चिंतामणि पलड़िया**, सेवानिवृत्त सूबेदार, बानना

"पर्वतीय क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यहां वर्षा का पानी संग्रह करना अति आवश्यक है। भूमि का जल स्तर बढ़ाने से इस पानी को निकालने के लिए कोई व्यवस्था नहीं होती है और ना ही यह निकाला जा सकता है। **–गोपाल दत्त पलड़िया**, बानना

"वर्तमान में जल स्रोत इतने सूख गए हैं। ठीक–ठाक बारिश की आवश्यकता है। नहीं तो वर्तमान स्थिति को देख कर लग रहा है कि जल स्रोत दोबारा से चार्ज भी हो पाएंगे कि नहीं। ऐसी स्थिति में अधिक क्षमता वाले जल संग्रहण टैंकों का निर्माण होगा तो गर्मी में सभी ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। **–संतोष पलड़िया**, उप प्रधान, पिनरौ

50 किमी के दायरे में एक भी हैंड पंप नहीं

भीमताल विकासखंड मुख्यालय से लगा बानना और पिनरौ एक ऐसा ग्रामीण क्षेत्र है जहां पचास किमी के दायरे में एक भी हैंड पंप नहीं है। ऐसे में भूमि का जल स्तर बढ़ाने का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिलेगा। ऐसा ग्रामीण बताते हैं। बताते हैं कि एक ओर हल्द्वानी से लेकर धारचूला तक हर स्थान में विभाग ने और शासन ने हैंड पंप लगा दिए हैं पर हल्द्वानी से लगा हुआ अमृतपुर से बानना पिनरौ और जंगलिया गांव से लेकर बानना पिनरौ तक एक भी हैंड पंप नहीं लगा है। मोटर मार्ग की स्थिति के चलते हैंड पंप लगना संभव नहीं है। इन स्थानों में हैंड पंप लगाने वाली मशीनें नहीं आ सकती हैं। मालूम हो कि भीमताल ब्लॉक के बानना और पिनरौ एक मात्र ऐसा क्षेत्र है जहां जंगलियागांव से लेकर अमृतपुर तक एक भी हैंड पंप नहीं है। ऐसे में ग्रामीणों ने भूमि का जल स्तर बढ़ने का लाभ नहीं मिलने की बात कही है।

दुग्ध उत्पादन घटने की आशंका

पानी की कमी के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादन घटने की संभावना ग्रामीणों के द्वारा व्यक्त की गई है। अकेले बानना और पिनरौ से वर्तमान में नौ सौ लीटर दूध लालकुआं भेजा जाता है। पर वहीं अब चूंकि पानी की कमी है तो लोग अपने जानवरों को बेचने की भी सोचने लगे हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि यह स्तिथि पर्वतीय क्षेत्रों के हर ग्राम सभा की है। बताते हैं कि आने वाले कुछ दिनों में यदि ठीक ठाक बारिश नहीं हुई तो दुग्ध उत्पादन कई गुणा कम हो जाएगा।

आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

40.8⁰ अधिकतम तापमान | 26.1⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.13 | सूर्यास्त 07.14

मौसम विभाग ने पहाड़ों में बारिश होने का जताया अनुमान, 41.6 डिग्री सेल्सियस पहुंचा पारा, गर्मी से बाजार में पसर रहा सन्नाटा

आज हल्द्वानी में चलेगी भीषण उष्ण लहर, ऑरेंज अलर्ट जारी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सोमवार को भी गर्मी का कहर रहा। दिनभर गर्म हवाएं चलती रहीं। उष्ण लहर का ऐसा असर था कि दिन के समय बाजार में सन्नाटा पसर गया। मौसम विभाग ने मंगलवार को भीषण उष्ण लहर का अनुमान जताया है। हालांकि पहाड़ों में बारिश हो सकती है।

सोमवार की सुबह से ही तपिश रही। गर्म हवा ने लोगों को बेहाल कर दिया। उष्ण लहर पूरे दिन चलती रही। शाम को भी गर्म हवा का असर रहा। लोगों का घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया। गर्मी से लोग इतना परेशान रहे कि दिन के समय सड़कों पर चहल-पहल कम रही। कई लोगों ने दोपहर के समय अपनी दुकानें तक बंद कर दीं। तेज धूप के समय बाजार में भी लोगों का आना-जाना कम रहा। सोमवार को हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से छह डिग्री ज्यादा था। न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने अनुमान जताया है कि कुमाऊं मंडल के पहाड़ी क्षेत्रों में मंगलवार से बारिश हो सकती है। मंगलवार को हल्द्वानी में भीषण उष्ण लहर चल सकती है। मौसम विभाग ने गर्मी और भीषण उष्ण लहर को लेकर ओरेंज अलर्ट जारी किया है।



सोमवार की दोपहर कालाढूंगी रोड पर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

मुक्तेश्वर में सामान्य से 9.1 डिग्री ज्यादा रहा पारा

पहाड़ों में भी उष्ण लहर का असर देखा गया। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 32 डिग्री रहा, जो सामान्य से 9.1 डिग्री ज्यादा है। यहां दोपहर के समय धूप तेज हो रही है। न्यूनतम तापमान भी 18.5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.6 डिग्री ज्यादा है।

तराई में आज तेज अंधड़ और बूंदाबांदी की संभावना

काशीपुर : मौसम वैज्ञानिकों ने मंगलवार (आज) को तराई में 25 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से अंधड़ चलने का पूर्वानुमान लगाया है। अंधड़ के साथ कई स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। तामपान में भी दो से तीन डिग्री की कमी होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि सोमवार को तराई का अधिकतम तामपान 42.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28.0 डिग्री सेल्सियस रहा। उन्होंने बताया कि सोमवार को उत्तर पश्चिम की ओर से 11 किलोमीटर की रफ्तार से लू चली। मंगलवार को तराई में 25 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से अंधड़ चलने की संभावना है।

सीटी स्कैन सेवा बंद होने से मरीज परेशान

हल्द्वानी : बेस अस्पताल और डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में सीटी स्कैन सेवा बंद होने से मरीज परेशान हैं। एसटीएच में एक बार फिर से सीटी स्कैन मशीन खराब हो गई है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जीएस तितियाल ने बताया कि मशीन को ठीक कराने का काम चल रहा है। इसमें तीन दिन लग जाएंगे। वहीं बेस अस्पताल में पिछले दो माह से सीटी स्कैन मशीन खराब है। अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के निदेशालय से आदेश आने के बाद ही मशीन को ठीक कराया जायेगा। सरकारी अस्पतालों में सीटी स्कैन सेवा बंद होने से मरीजों को निजी सेंटरों में सीटी स्कैन कराना पड़ रहा है।

एक नजर

कल होगी पर्यावरण विज्ञान की परीक्षा

हल्द्वानी : स्नातक के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण विज्ञान की परीक्षा के लिए अंतिम दिन ऑनलाइन आवेदन पत्र भरा। पूर्व में आवेदन करने के लिए 16 जून तक पोर्टल खोला गया था। इसके बाद भी कई विद्यार्थियों ने आवेदन पत्र नहीं भरा। जिस पर पोर्टल को सोमवार को खोला गया था। देर रात 12 बजे तक विद्यार्थियों ने आवेदन किया। परीक्षा नियंत्रक महेंद्र राना ने बताया कि बुधवार 19 जून को परीक्षा होगी। प्राचार्य की संस्तुति के आधार पर किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा में बैठने से वंचित नहीं रखा जाएगा, लेकिन उन्हें परीक्षा शुल्क जमा करना होगा। परीक्षा में एक हजार से अधिक विद्यार्थी बैठेंगे। इनमें 571 बीबीए और 500 अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थी शामिल हैं।

महिला ने गटका जहर अस्पताल में हुई मौत

हल्द्वानी : नेपाल मूल की महिला ने संदिग्ध हालात में विषैला पदार्थ गटक लिया। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नेपाल मूल की महिला बबीता (35 वर्ष) पत्नी काला मल्ला रामगढ़ में रहती थी। रविवार को संदिग्ध हालात में उसने विषैला पदार्थ गटक लिया। पहले उसे नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया। जहां से हल्द्वानी डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। सोमवार को उसकी मौत हो गई।

दो पेटी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी : पुलिस ने गौलापार में दो पेटी शराब के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। काठगोदाम पुलिस ने रामेश्वर शर्मा उर्फ राहुल को यूके बाट्र्स रेस्टोरेंट के पास से गिरफ्तार किया। युवक दो लोगों को शराब तस्करी करता था। वह पहले भी जेल जा चुका है। नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है।

कार्यों को उलझाने के बजाए सुलझाने की प्रवृत्ति रखें अधिकारी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल क्लब में विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश, बिजली बिलों के निस्तारण के लिए कैंप लगाने को कहा

ब्यूरो संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नैनीताल क्लब में विभागीय अधिकारियों के साथ मानसून की तैयारी और विभागीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति हर वर्ग तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है, इसके लिए सभी अधिकारी समन्वय के साथ बेहतर योजना के साथ कार्य करें।

सीएम धामी ने कहा कि कई बार शिकायत मिलती है कि अधिकारी आम जन के कार्यों को उलझा देते हैं, जबकि अधिकारियों की प्रवृत्ति कार्यों को सुलझाने की होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि आमजन को ध्यान में रखकर कार्य करें। इसके लिए विभागीय मुखिया को जिम्मेदारी लेनी होगी तभी जनता के कार्य सुगमता से होंगे।

उन्होंने बिजली विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि सोशल मीडिया से आए दिन जानकारी मिलती है कि जनता को बिजली खपत से ज्यादा बिल आ रहे हैं। इस समस्या के निस्तारण के लिए उन्होंने मुख्य अभियंता को रिमोट एरिया में कैंप लगाकर बिलों में सुधार करने के निर्देश दिए। इसके अलावा शहरी व ग्रामीण बिजली घरों में बिल सुधार की व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान एपीसीसीएफ विवेक पांडेय, डीएम वंदना सिंह, एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, दर्जा मंत्री अनिल कपूर एवं दिनेश आर्य, नैनीताल विधायक सरिता आर्य, सीटीआर निदेशक डॉ. धीरज पांडेय, एमएनए विशाल मिश्रा, सीएफ टीआर बीजूलाल, डीएफओ हिमांशु बागड़ी, यूसी तिवारी, पीसी आर्य आदि मौजूद रहे।

नैनीताल क्लब में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

भीमताल में पार्किंग बनाने के निर्देश

विधायक राम सिंह कैड़ा ने बताया भीमताल में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से पर्यटकों को परेशानी और जाम की स्थिति बन रही है। इस वजह से क्षेत्रीय लोगों की भी फजीहत होती है। इस पर मुख्यमंत्री धामी ने भीमताल समेत आसपास के स्थलों में स्थाई और अस्थाई पार्किंग के लिए जगह चिन्हित करने के निर्देश दिए। साथ ही इंटर कॉलेजों से समन्वय कर स्कूल की भूमि में छोटी पार्किंग बनाकर जाम की समस्या का समाधान का सुझाव दिया।

बोले- निकाय चुनाव के लिए तैयार है सरकार

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मिली जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। सरकार निकाय चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है, जल्द ही निकाय चुनाव को लेकर कैलेंडर जारी करेगी।

आदि कैलाश में बेहतर की जाएंगी सुविधाएं

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस साल दोगुने यात्री आदि कैलाश यात्रा पर आए हैं। भविष्य में यात्रियों के बढ़ने की संभावना है। यहां आने वाले यात्रियों की संख्या को देखते हुए सुविधाएं विकसित करने की जरूरत है। इस दिशा में मंडलायुक्त दीपक रावत और कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप तिवारी को काम करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि पिछले साल पूरे सीजन में 315 यात्री कुमंविनि के जरिए आदि कैलश यात्रा पर गए थे। इस वर्ष अब तक 610 यात्री आदि कैलाश की यात्रा कर चुके हैं। साथ ही लगभग 15 हजार लोगों को इनर लाइन परमिट जारी की गई है।

मानसून से पहले सभी अधिकारी पूरा करें कार्य

मुख्यमंत्री धामी ने मंडल एवं जिला स्तर पर मानसून की तैयारी की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मानसून से पूर्व सड़कों का पैचवर्क, चौड़ीकरण पूरा हो जाना चाहिए। नगर निकायों के अधिकारियों को नालियों के साफ-सफाई के काम पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में स्वास्थ्य सेवाओं, बिजली, पानी आदि व्यवस्थाओं में खलल नहीं पड़ना चाहिए, इसके लिए अभी से तैयारी की जाए। उन्होंने कहा कि वन विभाग के अतिरिक्त सभी विभागों के अधिकारी मानसून में अधिकाधिक पौधरोपण करें। यह भी ध्यान रखा जाए कि सिर्फ पौधे रोपने से जिम्मेदारी पूरी नहीं होती है, इसका संरक्षण और पोषण पर भी ध्यान देना होगा।

कैंची धाम में व्यवस्था पर थपथपाई पीठ

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस वर्ष कैंची धाम में जिला प्रशासन ने बेहतर व्यवस्था की। मेले में भक्तों को जाम से नहीं जूझना पड़ा। स्वास्थ्य सुविधाएं भी बेहतर रहीं। भवाली और गरमपानी में स्थाई और अस्थाई पार्किंग छोटी-छोटी बनने से लोगों को सहूलियत रही। उन्होंने अगले वर्ष 2025 में होने वाले कैंची धाम मेले से पूर्व धाम का सौंदर्यीकरण और अन्य निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सैनिटोरियम बाईपास का पुल निर्माण, डामरीकरण, अमृत सरोवर आदि कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराने को कहा। उन्होंने रामनगर से कैंचीधाम के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाने की भी बात कही।

बैंक्वेट हॉल के कमरे में मृत मिला कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

घटना

- पीलीकोठी स्थित एक बैंक्वेट हॉल में काम करता था युवक
- सोमवार की सुबह हुई घटना यूपी का रहने वाला था मृतक

अमृत विचार : बैंक्वेट हॉल में काम करने वाला एक युवक वहीं कमरे में रहता था। सोमवार सुबह वह कमरे में मृत अवस्था में मिला। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

लानाखेड़ा रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी महेश सिंह (32 वर्ष) मुखानी थाना क्षेत्र के पीलीकोठी स्थित एक बैंक्वेट हॉल का कर्मचारी था। वह पिछले पांच साल से यहीं नौकरी कर रहा था। मुखानी एसओ पंकज जोशी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में रविवार की रात वह अकेला ही कमरे में जाता दिखा। सोमवार सुबह करीब 8 बजे एक अन्य कर्मचारी ने फोन से पुलिस को घटना की जानकारी दी।

पुलिस मौके पर पहुंची तो महेश बेसुध पड़ा था। उसके पास कुछ गोलियां भी पड़ी थीं। परिजनों ने किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है। इधर, युवक की मौत से परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल है।

ईद पर उमड़ी भीड़, रेंगते हुए काठगोदाम से निकले वाहन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

समस्या

- आम तौर पर वीकेंड के दिन बनती है जाम की स्थिति
- मुख्यमंत्री की सुरक्षा में थी पुलिस, लोगों ने की मनमानी

अमृत विचार : पर्यटन सीजन चल रहा है। शनिवार और रविवार को पर्यटक बड़ी संख्या में पहाड़ों की ओर रुख करते हैं, लेकिन सोमवार को भी सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आये। चूंकि पुलिस नैनीताल में मुख्यमंत्री की सुरक्षा में मुस्तैद थी, ऐसे में शहर में वाहन चालकों और खास तौर पर सवारी वाहन चालकों ने जमकर मनमानी की।

सोमवार को ईद की वजह से बड़ी संख्या में लोग घरों से घूमने के लिए निकले। उत्तर प्रदेश व दिल्ली से पर्यटक पहुंचे तो यातायात का दबाव बढ़ गया। काठगोदाम नरीमन तिराहा, तीनपानी और पंचायत घर चौराहे पर पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। शहर में स्थिति और खराब थी। यहां टुकटुक और ऑटो चालकों ने जमकर मनमानी की। क्योंकि पुलिस नैनीताल में मुख्यमंत्री की सुरक्षा में थी तो शहर में इन चालकों को रोकने वाले कम ही पुलिस कर्मी थे। ऐसे में सवारी वाहन चालक चौराहों पर जहां-तहां वाहन खड़े कर सवारियां ढोते रहे। काठगोदाम से रानीबाग तक वाहनों को रेंगकर निकलना पड़ा। वीकेंड न होने के बावजूद जब यातायात का बोझ बढ़ा तो कोतवाल उमेश कुमार मलिक, थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल मिश्रा, काठगोदाम चौकी प्रभारी फिरोज आलम समेत अन्य पुलिस व यातायात कर्मी व्यवस्था बनाने में जुट गए।

ग्रामीणों ने की जाम से निजात दिलाने की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी/भीमताल

अमृत विचार : रानीबाग, भुजियाघाट, सूर्यागांव, अमृतपुर, डेहरा, अमिया गांवों के ग्रामीणों ने रानीबाग में जाम को लेकर बैठक की। जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय साह व संचालन आनंद कुंजरवाल ने किया।

रानीबाग के उप ग्राम प्रधान पवन साह ने कहा कि प्रतिदिन जाम लगने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। सड़क पार कर हल्द्वानी व काठगोदाम जाना भी मुश्किल हो रहा है। रानीबाग के बीडीसी सदस्य मनीष गौनी ने कहा कि बच्चे हल्द्वानी ट्यूशन व कोचिंग को जाते हैं, आए दिन जाम में फंस रहे हैं। बीडीसी सदस्य पूनम गोस्वामी ने कहा कि राशन व सब्जी भी लाना मुश्किल हो रहा है। हल्द्वानी बाजार जाने में फजीहत हो रही है।

पूर्व बीडीसी सदस्य रितु नौगाई ने कहा कि मरीजों को भी जाम से जूझना पड़ रहा है। जाम में फंसने से मरीजों को इलाज भी समय पर नहीं मिल पा रहा है। युवक मंगल दल अध्यक्ष संदीप राणा ने कहा कि जिला प्रशासन व राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से ग्रामीणों को जाम से निजात दिलाई जाए। पूर्व में जाम सिर्फ शनिवार व रविवार को लगता था, अब यह रोज की मुसीबत हो गई है। अंत में सर्वसम्मति से फैसला लिया कि एक शिष्टमंडल मंडलायुक्त दीपक रावत से मिलकर जाम से निजात दिलाने और नरीमन चौक काठगोदाम से रानीबाग-भीमताल तिराहे तक सड़क चौड़ीकरण की मांग करेगा। इस दौरान महेश राणा, निर्मला राणा, जिला पंचायत सदस्य प्रेमबल्लभ बृजवासी, वन पंचायत सरपंच जानकी टाकुली, मोहन चंद बुड़लाकोटी, हरीश कुंवर, ललित साह, अमित गोस्वामी, संदीप थापा मौजूद थे।

रानीबाग चित्रशिला घाट के पास जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

जल संकट | **कुर्बानी वाले स्थान पर नहीं थी पानी की व्यवस्था, जल संस्थान ने भेजे टैंकर मगर पर्याप्त मात्रा में नहीं मिला पानी**

ईद के दिन भी पानी के लिए जूझते रहे इंदिरानगर के लोग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ईद के दिन भी मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में लोग पानी के लिए जूझते रहे। एक बाल्टी पानी के लिए लोगों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। जिला प्रशासन व जल संस्थान की ओर से पानी की व्यवस्था नहीं करने से कई मस्जिदों व बस्तियों में लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

सोमवार को बकरीद के मौके पर प्रशासन ने जिन स्थानों पर कुर्बानी के लिए जगह चिन्हित की थी, उन स्थानों पर भी पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। पूर्व पार्षद शकील अहमद सलमानी ने बताया कि इंदिरानगर के करीब एक दर्जन मोहल्लों में पानी का संकट बना हुआ है। छोटी सड़क, बड़ी सड़क, दुर्गा मंदिर, बड़ी मस्जिद, सबरी मस्जिद, बरसाती नाला, मोहम्मदी चौक आदि इलाकों में पानी की किल्लत छाई हुई है। जल संस्थान की ओर से पानी के टैंकर भेजे गये, लेकिन पर्याप्त पानी नहीं मिला। इंदिरानगर की सभी मस्जिदों में पानी नहीं होने से लोग अपने घरों से वजू कर निकले। कई घरों में खाना बनाने तक के लिए पानी नहीं था। क्षेत्र में टैंकर के आते ही लोग लोग पानी भरने के लिए टूट पड़ते हैं।

इंदिरानगर में टैंकर से पानी भरने के लिए लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

राजपुरा में नलकूप ठीक होने के बाद फिर हुआ खराब

हल्द्वानी : राजपुरा क्षेत्र के राजेंद्र नगर स्थित स्कूल में लगा नलकूप दो दिन से खराब चल रहा था। सोमवार को नलकूप की वॉल्व को बदल कर ठीक किया गया, लेकिन कुछ देर चलने के बाद ही नलकूप की मोटर खराब हो गई। जिसके चलते लोगों के सामने पानी की समस्या गहरा गई है। स्थानीय निवासी प्रीती आर्या ने बताया कि जल संस्थान टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति कर रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि नलकूप की मोटर को जल्दी ही ठीक कर दिया जाएगा।

बदली जाएंगी पुरानी पाइप लाइनें

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई गई 60 साल पुरानी लाइनों को जल्द बदला जायेगा। पेयजल निगम 50 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 172 किलोमीटर पेयजल लाइनों की मरम्मत और पुनरुद्धार का कार्य करेगा। जिससे पेयजल वितरण प्रणाली में काफी सुधार आयेगा।

हल्द्वानी शहर और आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से पुरानी पेयजल लाइनों से पानी की आपूर्ति हो रही है। कहीं पेयजल लाइनों में लीकेज से पानी की बर्बादी हो रही है तो कहीं प्रेशर न होने के कारण पानी घरों तक नहीं पहुंच पा रहा है। जिससे लोगों को आये दिन परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों की परेशानी को दूर करने के लिए शीघ्र ही पेयजल निगम पुरानी लाइनों की मरम्मत और उन्हें बदलने का कार्य करेगा। आने वाले दिनों में जमरानी पेयजल योजना शुरू होने के बाद लोगों को बिना किसी दिक्कत के निर्बाध पेयजल आपूर्ति हो पाएगी।

विभाग ने इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया है। योजना के तहत कार्य शुरू हुआ तो पहले चरण में शीशमहल में 26 एमलडी के नए फिल्टर प्लांट का निर्माण किया जाएगा। दूसरे चरण में वार्ड नंबर एक से 33 तक पेयजल लाइनों की मरम्मत व उन्हें बदलने का कार्य होगा। इसके तहत काठगोदाम, हीरानगर, मल्ला गोरखपुर, बाजार क्षेत्र, सुभाषनगर, बनभूलपुरा और रामपुर रोड तक बिनी किसी अवरोध के पेयजल की आपूर्ति हो पाएगी।

बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सीएचसी में किया सुंदरकांड पाठ

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बेतालघाट में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने अनोखा प्रदर्शन किया। उन्होंने अस्पताल परिसर में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए सरकार से स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त करने की मांग की।

ग्रामीणों ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। सीएचसी बेतालघाट के भी यही हाल हैं। अधिकतर मरीजों को यहां से अन्य अस्पतालों के लिए रेफर किया जाता है। विगत दिनों क्षेत्र में सड़क दुर्घटना हुई थी। अगर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होती तो घायलों को यहां उपचार मिल जाता, लेकिन उन्हें भी हल्द्वानी रेफर करना पड़ा।

जिला पंचायत सदस्य मंजू आर्य ने कहा कि सीएचसी की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों ने सरकार तक अपनी मांग पहुंचाने के लिए अस्पताल में परिसर में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया है। ग्रामीणों ने कहा कि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सेवा तक नहीं है। हड्डी रोग और स्त्री रोग विशेषज्ञ भी नहीं हैं। दवाओं की कमी है। उन्होंने सरकार से शीघ्र सीएचसी में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग की। इस दौरान राहुल अरोरा, क्षेत्र पंचायत सदस्य पुष्कर जलाल, मोहित सिंह बिष्ट, संजू बोहरा, ग्राम प्रधान शेखर दानी, व्यापार मंडल अध्यक्ष शंकर जोशी, बालम बोहरा, महेंद्र रावत, रमेश तिवारी, दीप, तरुण शर्मा, अतुल भंडारी, पुष्कर पूनोरा, कृपाल सिंह, माया बोहरा मौजूद रहे।

सीएचसी बेतालघाट में सुंदरकांड पाठ करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

शिलान्यास के ढाई साल बाद भी नहीं बनी सड़क

राजेंद्र नगर की गली नंबर 1 और 3 की सड़कों के निर्माण के लिए 2 करोड़ 60 लाख रुपये का मिला था बजट

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राजेंद्र नगर वार्ड 12 की गली नंबर 1 व 3 की सड़क शिलान्यास होने के ढाई साल बाद भी नहीं बन पाई है। जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं। गली नंबर 2 की सड़क जगह-जगह टूट चुकी है। इसका निर्माण नहीं होने से लोग परेशानी झेलने को मजबूर हैं। पुलिया में गड्ढे होने से आये दिन रिक्शा, ऑटो व मोटर साइकिल चालक चोटिल हो रहे हैं। रात के समय भी दुर्घटनाएं हो रही हैं। सड़क करीब 30 साल पुरानी है, लेकिन मरम्मत के अभाव में सड़क जगह-जगह टूट-फूट चुकी है। कुछ समय पहले इसे बनाने की चर्चा हुई, लेकिन यहां अब तक कोई काम नहीं हुआ है।

पूर्व में अधिकारियों ने खुदाई किए बिना सड़क बनाने की बात कही तो लोगों ने इसका पुरजोर विरोध किया। बिना खुदाई करके सड़क बनाने से लोगों के घरों में पानी आने की आशंका थी। लोगों का कहना है कि सड़क बनाए जाने का विरोध नहीं था, लेकिन मकानों की तुलना में सड़क की ऊंचाई ज्यादा न हो, इसलिए पहले सड़क की खुदाई करने की मांग की गई थी। वहीं गली नबंर 3 में प्राइमरी पाठशाला व इंटर कॉलेज स्थित है, लेकिन सड़क खराब होने से छात्रों को परेशानी उठानी पड़ती है। गलियों में अतिक्रमण भी खूब हो रहा है, जिससे लोगों को चलने-फिरने में दिक्कतें होती हैं। लोनिवि के ईई अशोक कुमार ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है, इस बारे में जानकारी ली जाएगी।

क्षेत्र की निवर्तमान पार्षद राधा आर्या ने बताया कि वर्ष 2021 में वार्ड की गली नंबर 1 व 3 की सड़कों के निर्माण के लिए 2.60 करोड़ रुपये का बजट मिला था। जिसके बाद यहां निर्वतमान मेयर जोगेंद्र सिंह रौतेला की उपस्थिति में शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। लेकिन आज तक सड़कें नहीं बन पाईं। गली नंबर 1 में सिर्फ पैचवर्क करके छोड़ दिया और शेष बजट का क्या हुआ, इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई।

राजेंद्र नगर की गली नंबर- 3 की बदहाल सड़क। ● अमृत विचार

शिलान्यास का पत्थर।

30 साल पुरानी सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है

बोले लोग

"सड़क की हालत बेहद खराब है। लोगों व स्कूली बच्चों को आने जाने में दिक्कत होती है। यहां की गलियों में अतिक्रमण भी खूब हो रहा है। - **हरीश सिनौली**

"खुदाई किए बिना सड़क बनाने का लोगों ने विरोध किया, क्योंकि सड़क बनाने के बाद लोगों के घरों में पानी आने की आशंका थी। - **दीपक मंडल**

"लोग सड़क बनाए जाने के विरोध में नहीं थे, लेकिन मकानों की तुलना में सड़क की ऊंचाई ज्यादा न हो, इसलिए खुदाई करने को कहा गया। -**संजय कुमार**

"पुलिया में गड्ढे होने से आए दिन रिक्शा, ऑटो व मोटर साइकिल वाले चोटिल होते हैं। रात में भी लोगों के साथ दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। - **देवांशु गुप्ता**

"सड़क करीब 30 साल पुरानी है, लेकिन मरम्मत नहीं होने से यह जर्जर हो चुकी है। इसे बनाए जाने की चर्चा थी, लेकिन नहीं बन पाई। -**सुरेश चंद्र**

नाव चालक की लापरवाही से झील में गिरे पर्यटक

नैनीताल : शहर के मल्लीताल बोट हाउस क्लब के समीप नाव में बैठने के दौरान नाव चालक की लापरवाही से नाव पलट गई। इस बीच नाव सवार महिला पुरुष समेत बच्चा झील में पलट गए। तीनों ने लाइफ जैकेट पहनी थी, जिससे तीनों की जान बच गई। आस-पास मौजूद नाव चालकों ने किसी तरह तीनों को झील से बाहर निकाला। इस बीच महिला पर्यटक ने जमकर हंगामा भी काटा।

जबलपुर से घूमने के लिए नैनीताल पहुंचे पति पत्नी व उनका बच्चा सोमवार शाम नैनी झील में नौकायन करने पहुंचे थे। बोट हाउस क्लब के समीप नाव टिकट लेने के बाद तीनों बोट में बैठने लगे। महिला व बच्चे के बोट में चढ़ने के बाद पुरुष पर्यटक नाव में चढ़ ही रहा था कि नाव चालक ने नाव आगे बढ़ा दी, जिससे नाव पलट गई और तीनों झील में गिर गए। आसपास मौजूद नाव चालकों ने तत्परता दिखाते हुए किसी तरह तीनों को झील से बाहर निकाला। ईओ पूजा चंद्रा ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है, मामले की जांच की जाएगी।

सार-संक्षेप

कालाढूंगी में पानी के टैंकर से बर्तनों में पानी भरते ग्रामीण। ● अमृत विचार

कोटाबाग में पेयजल किल्लत से लोग परेशान

कालाढूंगी : विकास खंड कोटाबाग के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल किल्लत से लोग परेशान हैं। भीषण गर्मी में जहां लोगों जीना बेहाल हो गया वहीं पेयजल किल्लत से लोगों की समस्या और बढ़ गयी है। विकास खंड कोटाबाग के दर्जनों ग्रामसभाओं में दिन प्रतिदिन पीने का पानी की किल्लत बढ़ती जा रही है। भीषण गर्मी से परेशान लोग पीने के लिए भी पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी से होने के बाद भी जिला प्रशासन पेयजल व्यवस्था कराने को लेकर गंभीर नहीं है। बजुनियाहल्दू, मूसाबंगर, केशाबंगर, अवलांकोटा, रामदत, गिन्ती गांव, दोहनियां, पतलिया सहित दर्जनों ग्राम सभाओं में पेयजल की किल्लत बढ़ गयी है। वही व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश वर्मा की ओर से रामदत गांव में पेयजल टैंकर से पानी वितरण किया गया। इस दौरान पेयजल के लिए लोगों की भीड़ लग गयी। ग्रामीण अपने हाथों में बाल्टी, डिब्बे लेकर पानी लेने पहुंच गये।

लालकुआं नगर में क्षेत्रवासियों को शरबत पिलाते समाजसेवी। ● अमृत विचार

निर्जला एकादशी की पूर्व बेला पर बांटा शरबत

लालकुआं : भीषण गर्मी को देखते हुए निर्जला एकादशी की पूर्व बेला पर क्षेत्र के समाजसेवियों ने नगर में जगह–जगह शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। क्षेत्र में पढ़ रही भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए नगर में निर्जला एकादशी की पूर्व बेला पर क्षेत्र के समाजसेवियों ने कोतवाली चौराहा और तहसील तिराहे पर शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन करते हुए राहगीरों को शीतल पेय का वितरण किया, कोतवाली चौराहे पर समाजसेवी राजकुमार सेतिया के नेतृत्व एवं तहसील तिराहे पर व भाजपा नेता बॉबी संभल के नेतृत्व में युवाओं ने लोगों को शरबत पिलाया, इस मौके पर लोगों की भारी भीड़ लगी रही।

सर्किल रेट के आधार पर चुकाना होगा टैक्स

संवाददाता, नैनीताल

"शहर की सभी निजी और व्यावसायिक संपत्तियों का अलग अलग ब्योरा तैयार किया जा रहा है। शहरी विकास निदेशालय से जीआईएस टैगिंग के निर्देश मिले हैं। अगले छह माह में सर्वे संबंधी सभी कार्य पूरे कर टैक्स की दरें सर्किल रेट के आधार पर लागू की जाएंगी। -**पूजा चंद्रा**, ईओ, नगर पालिका परिषद नैनीताल"

अमृत विचार : नगर के लोगों को निजी और व्यावसायिक संपत्ति का टैक्स (स्वच्छता और हाउस टैक्स) बदली हुई दरों के आधार पर चुकाना पड़ेगा। नगर पालिका ने संपत्तियों की जीआईएस टैगिंग शुरू कर दी है। शहर में वर्तमान में करीब साढ़े छह हजार लोग हाउस टैक्स चुकाते हैं। अगले छह माह में टैक्स की दरें सर्किल रेट के आधार पर तय की जाएंगी।

शहरी विकास निदेशालय की ओर से नगर पालिका नैनीताल को जीआई सर्वे के लिए निर्देश मिले हैं, जिसके तहत सभी 15 वार्डों का डेटा ऑनलाइन होना है। रामटेक नाम की जीआईएस सर्वे एजेंसी को ये काम सौंपा गया है। एजेंसी अब तक सभी वार्डों में ड्रोन सर्वे कर ऑनलाइन ब्योरा एकत्र कर चुकी है। दूसरे चरण में अब एजेंसी के कर्मचारी डोर-टू-डोर सर्वे कर रहे हैं। ये काम पूरा होने के बाद सभी निजी और व्यावसायिक संपत्तियों का ब्योरा नगर पालिका के पास अलग-अलग रहेगा। वर्तमान व्यवस्था के तहत हाउस टैक्स भवन के क्षेत्रफल के अनुसार लिया जा रहा है। पालिका की मानें तो सर्किल रेट के अनुसार परिवर्तित टैक्स की दरें अगले छह माह में लागू कर दी जाएंगी। बता दें कि नगर पालिका की ओर से शहर की संपत्तियों में स्वच्छता कर और हाउस टैक्स लगाया जाता है।

धूमधाम से मनाया कोश्यारी का जन्मदिन

राजपुरा कुष्ठ आश्रम में खाद्य सामग्री बांटते मदन मोहन जोशी व अन्य। ● अमृत विचार

अस्पताल में रोगियों को फल देते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

आयोजन

- 82वां जन्मदिवस समरसता दिवस के रूप में धूमधाम से मना
- रामनगर में कार्यकर्ताओं ने मरीजों को फल वितरित किए

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भगत सिंह कोश्यारी जन्मदिवस समारोह समिति ने 17 जून को महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी का 82वां जन्मदिवस समरसता दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया और उनके दीर्घायु होने की कामना की।

समिति ने सोमवार को कुष्ठ आश्रम राजपुरा में खाद्य सामग्री बांटी। समिति के संयोजक मदन मोहन जोशी ने कहा कि पर्वत पुत्र भगत सिंह कोश्यारी उत्तराखंड का गौरव हैं। हम सभी ईष्ट देव गोलज्यू देवता और प्रभु भोलेनाथ सहित सभी देवी देवताओं से उन्हें दीर्घायु व शतायु स्वस्थ जीवन प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं। भगत दा का आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्रदेशवासियों को निरंतर ऐसी ही मिलता रहे।

इस दौरान नरेश खुल्बे, वीरेन्द्र जायसवाल, सुमन पाठक, देवीलाल, गोपाल सिंह, नर बहादुर, रामेश्वर जोशी, मोतीलाल भंडारी, वीर सिंह, रतन सिंह, नर राम, जेडए वारसी आदि मौजूद रहे।

रामनगर में फल वितरण किया

रामनगर : महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल व उत्तराखंड पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रामदत्त जोशी संयुक्त चिकित्सालय रामनगर में मरीजों की कुशलक्षेम पूछने के साथ उनके स्वास्थ लाभ की कामना की तथा मरीजों को फल वितरित किये तथा उनके दीर्घायु होने की ईश्वर से प्रार्थना की इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र शर्मा, दिनेश मेहरा, भावना भट्ट, अमिता लोहनी, माया रावत, नीमा मठपाल, गणेश कुमार गगन, राजेन्द्र मित्तल, पूरन नैनवाल, आशीष कुमार, दीपा देवी, बसंती राणा, मनप्रीत कौर मौजूद रहे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी तेज

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य बनाने के लिए 'आओ हम सब योग करें' अभियान पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा विभाग द्वारा चलाया जा रहा है। योग दिवस को भव्य बनाने की तैयारी आरंभ हो चुकी है। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.एम.सी पाण्डे के दिशानिर्देशानुसार महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा अनेकों रंगारंग कार्यक्रम, योगासन प्रस्तुति आदि का आयोजन किया जाएगा।

प्राचार्य प्रो.पाण्डे द्वारा रामनगर के गणमान्य व्यक्तियों सहित स्थानीय नागरिकों को योग दिवस में प्रतिभाग हेतु आमंत्रित किया गया है। 21मई से शुरू हुए 'आओ हम सब योग करें' अभियान में योग प्रशिक्षक डॉ.मुरलीधर कापड़ी एवं योग विभाग के छात्र-छात्राएं रामनगर के विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क योग शिविरों का आयोजन कर रहे हैं।

योग प्रशिक्षक डॉ.कापड़ी के निर्देशन में योग विभाग की छात्रा सपना शर्मा व मीनाक्षी रौतेला महाविद्यालय परिसर में प्रतिदिन प्रातः एवं सायं काल में निःशुल्क योग शिविर में प्रशिक्षण दे रहे हैं।दूसरी ओर रामनगर के आसपास के क्षेत्रों में योग विभाग की छात्रा सपना पाण्डेय आईआरबी बैलपड़ाव, विनीता सैनी पिरुमदारा, छात्र हरजीत सिंह मालधन चौड़, विनीत पांडे कोटाबाग, छात्रा मधु दुर्गापुरी तथा रामनगर से बाहर नमिता खरे बरेली, सलोनी त्यागी अमरोहा में निःशुल्क योग शिविर आयोजित कर सैकड़ो लोगों को योग का प्रशिक्षण दे रहे हैं। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के कार्यक्रम निदेशक प्राचार्य प्रो. एम.सी.पाण्डे ने बताया कि इस बार 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों जुड़ने की संभावना है, वहीं प्रशिक्षण दे रहे छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा योग दिवस पर सम्मानित भी किया जाएगा।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह को भव्य बनाने के लिए प्राचार्य प्रो. पाण्डे ने कार्यक्रम संयोजक योग प्रभारी डॉ.सुमन कुमार, कार्यक्रम समारोहक डॉ.डी.एन.जोशी, कार्यक्रम समन्वयक डॉ.मूल चंद्र शुक्ल व डॉ.भावना पन्त तथा योग प्रशिक्षक डॉ.मुरलीधर कापड़ी को जिम्मेदारी सौंपी है।

डिग्री कालेज में योग करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

होटल में पर्यटक का शव मिलने की सूचना से हड़कंप

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : गाजियाबाद से घूमने के लिए नैनीताल पहुंचे तीन पर्यटकों को होटल कमरे में तकियों से नकली डेड बॉडी बनाकर प्रैंक करना महंगा पड़ गया।

रविवार को मल्लीताल स्थित सैयद ताज होम स्टे संचालक जुबैर ने सूचना दी थी कि शनिवार को उनके होम स्टे में गाजियाबाद के तीन पर्यटक ठहरे थे। सुबह चेकआउट के बाद वह भागते हुए निकल गए। जब उनके कमरे में जाकर देखा तो बेड पर चादर से लिपटी लाश पड़ी दिख रही थी। सूचना पर कोतवाल हरपाल सिंह मौके पर रवाना हुए, उन्होंने उच्चाधिकारियों को सूचित करने के साथ ही तत्काल फारेंसिक टीम को मौके पर भेजने की मांग की। मगर पुलिसकर्मियों ने चादर हटा कर देखी तो उसके नीचे तकियों से लाश की जैसी आकृति बनी हुई मिली। तत्काल पुलिस ने पर्यटकों के मोबाइल नंबर सर्विलांस में लगा दिये। सोमवार को तीनों पर्यटकों की लोकेशन मुक्तेश्वर मिली। मुक्तेश्वर पुलिस तीनों को पकड़ नैनीताल ले आई, जहां तीनों पर्यटक छोड़ देने की गुहार लगाने लगे। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि इंद्रापुरम निवासी देवाशीष नायक, शालीमार गार्डन साहिबाबाद दिल्ली निवासी उज्ज्वल भारद्वाज व शालीमार गार्डन दिल्ली निवासी दिव्या सोनी के विरुद्ध पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई कर सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

अच्छी खबर श्रीराम की नगरी अध्यात्म नगरी के रूप में विकसित होगी, साथ ही कुमाऊं के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों की जानकारी भी श्रद्धालुओं को हो सकेगी

रामनगर से चारधाम यात्रा के समर्थन में खड़े हुए विहिप व बजरंग दल

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : चारधाम यात्रा रामनगर से शुरू करने के समर्थन में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल ने भी अपना समर्थन दिया है। विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का कहना है कि रामनगर को अगर चार धाम यात्रा से जोड़ने में सरकार पहल करती है तो राम की नगरी भी अध्यात्म नगरी के रूप में तो विकसित होगी ही साथ ही कुमाऊं के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों की जानकारी भी श्रद्धालुओं को होगी। बेरोजगारी का दंश झेल रहे युवाओं को रोजगार करने का भी मौका मिलेगा। क्या कहते हैं विहिप के कार्यकर्ता उनकी बात में आमजन तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं।

"उत्तराखंड चार धाम यात्रा प्रारंभ का मुख्य द्वार हरिद्वार है, किन्तु कुछ तीर्थ यात्रियों को केदारनाथ, बद्रीनाथ धाम यात्रा करनी होती है। इसके लिए उन्हें हरिद्वार से यात्रा करनी पड़ती है। ऐसे यात्रियों को रामनगर (कॉर्बेट नेशनल पार्क) से होते हुए अपनी धार्मिक यात्राएं शुरू कराने की व्यवस्था हो ताकि वह उत्तराखंड की कुछ विशेष मंदिरों जैसे सिद्ध पीठ मंदिर, मां गिरिजा देवी, हनुमान धाम, सीतावनी, सल्ट में मनिला देवी जैसे स्थलों की भी जानकारी तीर्थ यात्रियों को हो जाएगी। -**डॉ. फूल कुमार**, संयोजक, विहिप

"चार धाम यात्रा यदि रामनगर से जुड़ जाती है तो निश्चित तौर पर कुमाऊं और गढ़वाल का साथ साथ विकास होगा। कुमाऊं के तीर्थ स्थलों को भी श्रद्धालु जा सकेंगे। व्यापार में वृद्धि होगी, युवाओं को रोजगार मिलेगा। चारधाम यात्रा को जा रहे यात्रियों की यात्रा पूर्ण होने के पश्चात वापिस निकास के रूप में भी यदि रामनगर का मार्ग निश्चित किया जाए तो बहुत बड़े लगने वाले जाम से भी निश्चित रूप से समस्या समाप्त होगी और इस क्षेत्र व लोगों का भी विकास हो सकेगा। -**हृदयेश शर्मा**, अध्यक्ष, विहिप प्रखंड

"चार धाम यात्रा को रामनगर से जोड़ने चल रही मुहिम जायज है। वैसे भी पूर्व में चार धाम यात्रा का अंतिम पड़ाव रामनगर ही था, तो फिर उसके खोये गौरव को पुन: वापस लाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। इससे केवल रामनगर का ही नही बल्कि कुमाऊं के कई छोटे छोटे कस्बों को भी लाभ मिलेगा। -**सुचिता बिष्ट**, मातृ शक्ति संयोजिका

"रामनगर को चार धाम यात्रा से जोड़ना नितांत आवश्यक है। इसके लिए हर सम्भव प्रयास किये जाने की जरूरत है। चार धाम यात्रा से जुड़ने से क्षेत्र का ही नही कुमाऊं का भी विकास होगा। मुख्यमंत्री को इस संदर्भ में ज्ञापन भी दिया जाएगा। -**कल्पना वर्मा**, प्रखंड उपाध्यक्ष

"रामनगर जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान के लिए प्रसिद्ध है। यह कस्बा इस राष्ट्रीय उद्यान का प्रवेश द्वार है। आसपास के अन्य प्रसिद्ध स्थल हैं गर्जिया देवी मन्दिर और सीता बनी मन्दिर। रामनगर "लीची की खेती" के लिए भी प्रसिद्ध है। कुमाऊं व गढ़वाल मुख्य द्वार है यहां से चार यात्रा प्रारंभ करने के कई फायदे हैं। आध्यात्मिकता बढ़ेगी, धर्म का प्रचार प्रसार होगा व रोजगार भी बढ़ेगा कुमाऊं गढ़वाल की रोड़ों का चौडीकरण भी होगा। -**सूरज चौधरी**, जिला उपाध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद

"कॉर्बेट नेशनल पार्क से होते हुए चार धाम यात्रा का विकल्प होना चाहिए, जिससे इस क्षेत्र में भी पौराणिक मान्यताओं के दैवीय शक्ति स्थल हैं जिनका दर्शन भी उन यात्रियों को मिलेगा तथा इस क्षेत्र व जाने वाले मार्ग के लोगों को अपना रोजगार करने का अवसर प्राप्त होगा जो अभी तक नहीं है। धाम यात्रा को जा रहे यात्रियों की यात्रा पूर्ण होने के पश्चात वापस निकास के रूप में भी यदि रामनगर का मार्ग निश्चित किया जाए सकेगा। -**हरीश प्रकाश**, विहिप रामनगर प्रखंड मंत्री

NCTE & HARIYANA BOARD & M.P. BOARD
Recognized University से मान्यता प्राप्त कॉलेजों में सीधे प्रवेश
D.El.Ed. (डी.एल.एड.)
• योग्यता 50% •NO AGE LIMIT
• प्राइमरी अध्यापक के लिए नया नियम डी.एल.एड. आवश्यक हो गया है।
DIRECT ADMISSION
B.Ed., M.Ed, B.P.Ed. Ph.D. (All Subject)
ADMISSION OFFICE
GLOBAL CAREER INSTITUTE
Add. : Canal Road, Near Durga City Centre, Haldwani
Mob. +91-7617632557

अग्रवाल न्यूरो एण्ड मेडिकल सेन्टर, हल्द्वानी
डॉ. रजत अग्रवाल
(न्यूरोफिजिशियन)
पूर्व विशेषज्ञ : सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली
सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी
सुविधायें :-
• मिर्गी दौरे • हिस्टीरिया • लकवा (Stroke) • सिर दर्द / माइग्रेन / चक्कर आना • मस्तिष्क ज्वर • दिमाग में सूजन • दिमाग में सूजन • मानसिक तनाव, घबराहट, मन उदास • कमर व गर्दन का दर्द • शियाटिका, स्पोन्डिलाइटिस • हाथ पैरों में सुन्नपन • झनझनाहट • दिमागी कमजोरी • याददाश्त की कमी • बैचेनी एवं नींद न आना।
New Well Equipped Setup - अपने नए सेन्टर में
नया पता : होटल पर्ल इन के पीछे, निकट सरगम सिनेमा, रामपुर रोड, हल्द्वानी, Mob. 7302293944

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

सार-संक्षेप

फ्लाइंग ऑफिसर बनने के बाद अपने परिजनों के साथ अखिलेश। ● अमृत विचार

हल्द्वानी के अखिलेश नेवी में बने फ्लाइंग ऑफिसर

हल्द्वानी : लोहरियासाल मल्ला के दुर्गा नगर निवासी अखिलेश गोस्वामी राष्ट्रपति कमीशन मिलने के बाद भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर बन गए हैं। अखिलेश के पिता राजेंद्र नाथ गोस्वामी यूनाइटेड इंश्योरेंस कंपनी में प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। अखिलेश ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल से 12वीं उत्तीर्ण की और दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई की। पहले ही प्रयास में एयरफोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट (एएफसीएटी) की परीक्षा पास कर भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग कैडेट बने। बीते 15 जून को वायुसेना अकादमी डुंडीगल हैदराबाद में समीक्षा अधिकारी एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी की निगरानी में प्रशिक्षण के बाद उन्हें राष्ट्रपति कमीशन प्रदान किया गया।

विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभागी। ● अमृत विचार

साप्ताहिक योग कार्यक्रम में हुई क्विज प्रतियोगिता

हल्द्वानी : उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के योग विभाग की ओर से साप्ताहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत रविवार को योगा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 18 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान डॉ. दीपक कुमार, डॉ. अनिल कोठारी, नीता, दीक्षा बिष्ट आदि मौजूद रहे। 15 जून को कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था, जिसमें ध्यान सत्र का आयोजन हुआ था।

जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

महेश चंद्र अध्यक्ष व पवन कुमार बने शाखा सचिव

हल्द्वानी : उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ हल्द्वानी इकाई का चुनाव सरस मार्केट कार्यालय में संपन्न हुआ। जिसमें महेश चंद्र अध्यक्ष और पवन कुमार को शाखा सचिव चुना गया। इसके अलावा श्याम सिंह बबियाड़ी, विजय चंद्रसेन को उपाध्यक्ष, नवीन चंद्र उपसचिव, टीकम सिंह कार्की कार्यालय मंत्री, महेश चंद्र, गिरीश चंद्र पंत, ओम प्रकाश मौर्य और मनोज कुमार को निर्विरोध कार्यकारिणी सदस्य चुना गया है। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याएं लंबे समय से लंबित चल रही हैं। लगातार मांग करने के बाद भी मांगों का स्थाई समाधान नहीं हो पाया है। यदि शीघ्र मांगों का समाधान नहीं हुआ तो कर्मचारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर मंडलीय अध्यक्ष गोविंद आर्या, महामंत्री गिरीश, श्याम सिंह मौजूद रहे।

अपने कोच के साथ उन्नति डंगवाल। ● अमृत विचार

उन्नति ने नेशनल पेंचक सिलाट में जीता कांस्य पदक

रामनगर : चौदह जून तक किट यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर उड़ीसा में 12वीं सीनियर नेशनल पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में मदर्स ग्लोरी स्कूल की छात्रा उन्नति डंगवाल ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य मीना पांथरी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देवभूमि उत्तराखंड के 35 महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें मदर्स ग्लोरी पब्लिक स्कूल की छात्रा उन्नति डंगवाल ने प्रतिभाग किया। इस पेंचक सिलाट टूर्नामेंट में 65 से 70 किलोग्राम भार वर्ग में मे उन्नति डंगवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त कांस्य पदक पदक व प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य मीना पाथंरी ने उन्नति डंगवाल व पूरे विद्यालय प्रबंधन को इस बड़ी उपलब्धि के लिए बधाई दी व इसी तरह निरंतर जीत हासिल करने का आशीर्वाद दिया।

समर्थ पोर्टल से स्नातक में प्रवेश को फीस मैनेजमेंट मॉड्यूल लागू

छात्र कहीं से भी कर सकेंगे ऑनलाइन भुगतान, पोर्टल में सुरक्षित रहेगा डाटा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : अब छात्रों को फीस भुगतान के लिए लंबी-लंबी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की सुविधा उपलब्ध होने से छात्र बिना अतिरिक्त भुगतान किये कहीं से भी अपने प्रवेश शुल्क का भुगतान कर सकेंगे। सभी शैक्षणिक सत्रों की शुल्क रसीद भी पोर्टल में सुरक्षित रहेगी। समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्नातक में प्रवेश के लिए फीस मैनेजमेंट मॉड्यूल लागू कर दिया गया है।

नया मॉड्यूल लागू होने से प्रवेश प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनेगी। जिससे छात्रों, शिक्षण संस्थानों और अभिभावकों को काफी सुविधा मिलेगी। मॉड्यूल के माध्यम से छात्रों को प्रवेश शुल्क और अन्य संबंधित फीस का भुगतान ऑनलाइन करने की सुविधा मिलेगी। राज्य के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों (राजकीय महाविद्यालयों व राज्य विश्वविद्यालयों) को बैंकों की ओर से डैशबोर्ड भी प्रदान किया जायेगा। जिसमें संस्थान रियल टाइम ट्रांजेक्शन को देखने के साथ ही डाटा डाउनलोड कर सकेंगे। इससे प्रवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी। साथ ही गड़बड़ी की संभावनाएं कम होंगी। राज्य समर्थ नोडल अधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि यह डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि समर्थ पोर्टल के नए मॉड्यूल का उद्देश्य उच्च शिक्षा में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना है, ताकि छात्रों को त्वरित और सहज समाधान प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि सभी शिक्षण संस्थानों में छात्र सहायता केंद्र भी स्थापित किए गए हैं, जो छात्रों को किसी भी समस्या या शंका का समाधान प्रदान करेंगे। जिन छात्रों के पास अपने अकाउंट नहीं हैं, उनके शिक्षण संस्थान के नजदीकी बैंक के माध्यम से खाता खोलने के लिए शिविर भी लगाए जायेंगे।

एमबीपीजी कॉलेज में हुए सबसे अधिक आवेदन

फीस मैनेजमेंट मॉड्यूल के तहत राज्य के सभी विश्वविद्यालयों और राजकीय महाविद्यालयों के अंतर्गत छात्रों को लाभान्वित किया जा रहा है। बीती 14 जून तक करीब 63,717 छात्रों ने प्रवेश के लिए आवेदन किया है, जिसमें सबसे अधिक प्रवेश हल्द्वानी एमबीपीजी कॉलेज में हुए हैं। यहां कुल 5,200 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्रदेश में प्रवेश के लिए 15,904 छात्रों की काउंसलिंग हो चुकी है, जिसमें से 4,311 छात्र फीस मैनेजमेंट मॉड्यूल के अंतर्गत ऑनलाइन फीस जमा कर चुके हैं। इनमें 1,132 छात्र कुमाऊं विश्वविद्यालय व संबद्ध महाविद्यालयों से हैं, जबकि 2,219 छात्र श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय व संबद्ध महाविद्यालयों से हैं। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों के 960 छात्रों ने भी अपनी फीस ऑनलाइन माध्यम से जमा की है।

भुगतान होने के बाद समर्थ पोर्टल देगा एडमिशन ग्रांट

छात्र प्रवेश काउंसलिंग के बाद समर्थ पोर्टल में स्वयं के अकाउंट में जाकर क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग या यूपीआई के माध्यम से प्रवेश शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। भुगतान होने के बाद समर्थ पोर्टल ऑटोमैटिकली एडमिशन ग्रांट कर देगा और छात्रों के समर्थ अकाउंट में प्रवेश की शुल्क पर्ची (फी रिसीप्ट) भी उपलब्ध करा देगा, जिससे शिक्षण संस्थान को फिर से एंट्री नहीं करनी पड़ेगी और फीस ट्रैक करने में सुविधा प्रदान होगी। इससे न केवल प्रवेश शुल्क भुगतान की प्रक्रिया आसान होगी, बल्कि समय की भी बचत होगी।

प्रवेश तो लिया पर फीस जमा नहीं कर रहे छात्र

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एमबीपीजी कॉलेज में करीब 1400 छात्र-छात्राओं को प्रवेश मिल चुका है, लेकिन अभी तक 500 छात्रों ने ही फीस जमा की है। छात्र-छात्राओं ने दस्तावेज तो सत्यापित करा लिए हैं, मगर फीस जमा करना भूल गए हैं।

प्रवेश समिति के अनुसार यदि छात्रों ने 20 जून तक फीस जमा नहीं की तो वह अपने मनपसंद विषय नहीं चुन पाएंगे। फीस जमा नहीं करने पर प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा। सीटें रिक्त मानकर इसके स्थान पर वेटिंग लिस्ट वाले छात्रों को मौका दिया जाएगा। एमबीपीजी कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को 20 जून तक फीस जमा करने का मौका दिया गया है। दूसरी मेरिट सूची वाले छात्रों को 30 जून तक फीस जमा करनी है। कॉलेज में राजनीतिक विज्ञान, इतिहास, अंग्रेजी और हिंदी जैसे विषयों में छात्र अधिक रूचि ले रहे हैं। जबकि एजुकेशन, गृह विज्ञान और संस्कृत में छात्रों का रूझान कम है।

समर्थ पोर्टल के माध्यम से सोमवार तक कॉलेज में 5,397 पंजीकरण हुए, जिसमें बीए के 2,803 विद्यार्थी शामिल हैं। बीएससी गणित में 686, बीएससी बायो में 670, बीकॉम में 1,058, बीएससी बॉयोटेक में 137, डिप्लोमा इन टूरिज्म में 137 और डिप्लोमा इन इंटीरियर डेकोरेशन में 32 प्रवेश हुए हैं।

आज जारी होगी बीए में प्रवेश की कटऑफ सूची

एमबीपीजी कॉलेज में मंगलवार को बीए में प्रवेश के लिए कटऑफ सूची जारी की जाएगी। प्रवेश समिति को सोमवार देर शाम समर्थ पोर्टल से डाटा प्राप्त हुआ, जिसमें कुछ छात्र-छात्राओं के अंक शून्य होने के कारण मेरिट सूची जारी करने में दिक्कत हुई। प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने बताया कि समर्थ पोर्टल में पंजीकृत छात्र जिनके 55 प्रतिशत से ऊपर अंक हैं वे मंगलवार को कॉलेज में आकर प्रवेश ले सकते हैं। जिन विद्यार्थियों का डाटा पूरा नहीं है, वह भी अपने दस्तावेज लाकर त्रुटि सुधार कर प्रवेश ले सकते हैं।

मंगलौर से निजामुद्दीन, बदरीनाथ से बुटोला होंगे कांग्रेस के प्रत्याशी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के बाद उत्तराखंड में दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तिथि घोषित हो गई है। भाजपा और बसपा ने मंगलौर और बदरीनाथ सीट से अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। वहीं कांग्रेस ने भी अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने जारी बयान में कहा कि हरिद्वार जिले में मंगलौर सीट से काजी निजामुद्दीन और चमोली जिले में बदरीनाथ से लखपत बुटोला उम्मीदवार होंगे। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में मंगलौर सीट से बसपा के सरवत करीम अंसारी ने चुनाव जीता था। कांग्रेस के काजी निजामुद्दीन केवल 598 वोटों से चुनाव हारे थे। सरवत अंसारी के निधन के बाद यह सीट खाली हो गई। बसपा ने उनके बेटे उबेदुर्रहमान को टिकट दिया है। कांग्रेस ने फिर से निजामुद्दीन पर ही भरोसा जताया है।

भाजपा ने करतार सिंह को उम्मीदवार बनाया है। उधर, बदरीनाथ विधानसभा सीट से वर्ष 2022 में कांग्रेस के राजेंद्र सिंह भंडारी चुनाव जीते थे। राजेंद्र ने इस समय के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को चुनाव हराया था। हालांकि लोकसभा चुनाव के दौरान राजेंद्र ने कांग्रेस छोड़ दी और भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा ने उन्हें इस सीट से प्रत्याशी बनाया है तो वहीं कांग्रेस ने लखपत बुटोला को टिकट दिया है। लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के लिए उत्तराखंड में एक और परीक्षा है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रदेश में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। कांग्रेस पांचों सीटें हार गई थी।

नई गौशाला में भेजे जाएंगे निराश्रित पशु

हल्द्वानी, अमृत विचार : हल्दूचौड़ के गंगापुर कबडवाल में निर्माणाधीन गौशाला में जल्द निराश्रित पशुओं को भेजा जाएगा। जिससे शहर में इनकी संख्या में गिरावट आएगी। वर्तमान में नगर निगम की ओर से शीशमहल व राजपुरा में दो अस्थाई गौशालाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन क्षमता के मुताबिक यहां निराश्रित पशुओं की संख्या अधिक है। जिससे यहां अब और ज्यादा पशु नहीं रखे जा सकते हैं। इसी कारण कुछ समय पहले नगर निगम ने पकड़े गए करीब 560 निराश्रित पशुओं को बाजपुर, बैलपड़ाव और हल्दूचौड़ स्थित निजी गौशालाओं में भेजा था। नगर निगम के ऐई नवल नौटियाल ने बताया कि गंगापुर कबडवाल में 4.26 हेक्टेयर भूमि में गौशाला का निर्माण किया जा रहा है। इसे पूरी तरह होने में अभी समय लगेगा, लेकिन 21 जून से यहां निराश्रित पशुओं को रखा जाएगा। इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं।

भीषण गर्मी और बिजली कटौती से लोगों में बढ़ रहा है मानसिक तनाव

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उष्ण लहर, प्रचंड गर्मी और बिजली कटौती के बाद जो स्थिति बन रही है उससे इंसान मानसिक तौर पर भी परेशान हो रहा है। असामान्य गर्मी पड़ने की वजह से लोगों को माहौल में सामंजस्य बैठाने में दिक्कत आ रही है। जिस वजह से लोगों को चिड़चिड़ापन, तनाव जैसी समस्या हो रही है।

डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के मनोरोग की ओपीडी में ऐसे कई मरीज पहुंच रहे हैं, जिनके व्यवहार में पिछले कुछ दिनों में बदलाव आया है। चिकित्सकों का कहना है कि काउंसलिंग करने के बाद पता चला रहा है कि उष्ण लहर और गर्मी की वजह से कई लोग मानसिक तनाव में जा रहे हैं। जो लोग पहले से तनाव, चिंता, अवसाद जैसी समस्याओं से पीड़ित हैं उनकी समस्या और भी बढ़ रही है।

अस्पताल के मनोवैज्ञानिक डॉ. युवराज पंत ने बताया कि अगर हल्द्वानी शहर की ही बात करें तो यहां गर्मियों में सामान्य तौर पर 37 से 38 डिग्री तक तापमान जाता था। उष्ण लहर चलती थी, लेकिन वह भी कभी-कभी चलती थी। साथ ही पहले कभी भी लगातार एक सप्ताह से ज्यादा समय तक पारा 40 डिग्री के पार नहीं रहा है। इस वजह से यहां के लोग इस तरह के मौसम के आदी नहीं हैं।

भीषण गर्मी से लोगों के काम प्रभावित हो रहे हैं। कई लोगों की आजीविका पर भी नकरात्मक प्रभाव पड़ रहा है। जिसके चलते कुछ लोग तनाव में आ रहे हैं। बिजली कटौती भी बढ़ रही है, इससे लोगों की समस्या और भी बढ़ रही है। गर्मियों के मौसम में मानव के ब्रेन सेल्स में भी ड्राइनेस होती है। जिसका असर मानसिक स्वास्थ्य पर दिखता है।

माहौल में खुद को ढालना होगा

मनोवैज्ञानिक डॉ. युवराज पंत ने बताया कि अगर गर्मी की बात करें तो हमें पर्यावरण को बचाना होगा। ज्यादा पेड़ लगाने होंगे, लेकिन साथ ही हम लोगों को बदलते मौसम के लिए तैयार रहना सीखना होगा। मौसम में परिवर्तन की वजह से कभी असामान्य ठंड पड़ रही है तो कभी असामान्य गर्मी पड़ रही है।

पांच हजार किसान बनाएंगे साइलेज

संवाददाता, हल्द्वानी

खेती-किसानी

- जायका परियोजना के तहत राज्य डेयरी फेडरेशन उपलब्ध कराएगा बाजार, किसानों की सुधारेगी आर्थिकी

अमृत विचार : जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी (जायका) के सहयोग चल रही जायका परियोजना के तहत प्रदेश के पांच हजार किसान साइलेज बनाएंगे। जिसके लिए उत्तराखंड सहकारी डेयरी फेडरेशन लिमिटेड बाजार उपलब्ध कराएगा।

जायका परियोजना प्रदेश के किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने में मदद करेगी। इसके तहत करीब पांच हजार किसानों को मक्का के बीज वितरित किए गए थे। मक्का तैयार होने के बाद किसान उससे साइलेज बनाएंगे। किसानों के इस्तेमाल के अलावा उनके पास बचे हुए साइलेज को यूसीडीएफ बाजार में बेचेगा। फेडरेशन के प्रबंधक (प्रशासन) डॉ. मोहन चंद ने बताया कि हरे चारे को हवा की अनुपस्थिति में गड्ढे के अंदर रखने से चारे में लैक्टिक एसिड बनता है, जो हरे चारे का पीएच (पावर ऑफ हाइड्रोजन) को कम कर देता है। जिससे हरा चारा सुरक्षित रहता है। जिसे साइलेज कहते हैं।

उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत किसानों को प्रशिक्षण देने के बाद मक्का आदि के बीज उपलब्ध कराए गए हैं। बीज बोने के करीब दो माह बाद मक्के को तोड़कर उसके छोटे-छोटे टुकड़े करके साइलेज बनाया जाएगा। साइलेज सालभर तक खराब नहीं होता है और चारे की दिक्कत होने पर पशुपालक इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि परियोजना का उद्देश्य साल भर चारे की उपलब्धता बनाए रखना और किसानों की आय बढ़ाना है। नैनीताल जिले के 1296 किसान भी जायका परियोजना से जुड़े हैं। परियोजना के तहत जिले में समूह आधारित बागवानी भी की जानी है, जिसमें किसानों के समूह के आधार पर साग-सब्जियों का उत्पादन किया जाएगा। इसके लिए कोल्ड स्टोर बनाए जाएंगे।

रात में बिजली कटौती से लोगों में आक्रोश

हल्द्वानी, अमृत विचार : बिजली विभाग ने रात में अंधाधुंध कटौती शुरू कर दी है। जिसके चलते लोगों में विभाग के खिलाफ आक्रोश है। सोमवार की तड़के 3 बजे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। कठघरिया, रामपुर रोड, नैनी विहार कॉलोनी, गन्ना सेंटर, टीपीनगर समेत कई इलाकों में तीन घंटे तक बिजली गुल रही। रामपुर रोड निवासी अनिल कुमार ने बताया कि रात में हो रही कटौती से बच्चों व बुजुर्गों को खासी दिक्कत हो रही है। इधर, ईई डीडी पांगती ने बताया कि केबिल में फाल्ट के चलते शटडाउन लिया गया था। फाल्ट ठीक होते ही बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई।

एक नलकूप पर निर्भर हैं गौलापार के कई किसान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गौलापार क्षेत्र में किसानों को मक्के की फसल की सिंचाई के लिए जूझना पड़ रहा है। अधिकांश गांवों में एक नलकूप पर दर्जनों किसान निर्भर हैं। ऐसे में करीब दस दिन में एक किसान को नलकूप से सिंचाई के लिए पानी मिल रहा है। अक्सर हो रही बिजली कटौती से भी नलकूप ठप हैं।

देवला मल्ला के किसान नरेंद्र सिंह मेहरा ने बताया कि मक्का बोने से पहले खेत की सिंचाई करनी होती है, लेकिन पानी के अभाव में इस बार देरी से मक्का बोई। मक्का बोए हुए 15 से 20 दिन हो गए हैं। अब उसकी सिंचाई आवश्यक है, लेकिन एक ही नलकूप होने से नबंर आने में समय लग रहा है। वहीं लछमपुर के किसान दीवान सम्मल ने बताया कि गांव में दो नलकूप हैं, लेकिन किसानों की संख्या ज्यादा होने से नंबर आने में कई दिन लग जाते हैं। नवाड़ खेड़ा, पूर्वी खेड़ा, पश्चिमी खेड़ा, देवला मल्ला, देवला तल्ला आदि गांवों के किसानों के साथ इसी तरह की दिक्कतें आ रही हैं। बिजली कटौती के कारण भी किसान परेशान हैं, बिजली नहीं होने से नलकूप ठप रहते हैं। पानी के अभाव में किसान धान की पौध भी तैयार नहीं कर पा रहे हैं। इधर, कृषि विभाग के अधिकारी अफरोज अहमद ने बताया कि विकासखंड में एक से डेढ़ हेक्टेयर में मक्के की बुआई होती है। गौलापार, लाखनमंडी, हल्दूचौड़ आदि में अधिक मात्रा में मक्का बोया जाता है। मक्के की फसल की नियमित सिंचाई आवश्यक है।

परेशानी

- दस दिन में एक बार मिलता है सिंचाई के लिए पानी
- अक्सर बिजली गुल रहने से ठप रहता है नलकूप

पानी की कमी के कारण नहीं बोया मक्का

गौलापार के मदनपुर के डॉ. नरेंद्र चुफाल ने बताया कि गांव में 35 से 40 किसान हैं, लेकिन इस बार पानी के अभाव व निराश्रित पशुओं के कारण किसी ने भी मक्का नहीं बोया है। कई जगहों में सिंचाई के बावजूद 30 प्रतिशत बीज ही अंकुरित हो पाया है।

वॉल्वो बसों में चालकों से कराई जा रही डबल ड्यूटी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में चालकों से डबल शिफ्ट में ड्यूटी कराने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार ड्यूटी करने की वजह से चालकों को आराम नहीं मिल पा रहा है। पूर्व में डबल ड्यूटी के चलते कई बस चालक दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं, इसके बाद भी विभाग के अधिकारी आंखें मूंदकर बैठे हैं।

काठगोदाम डिपो की वाल्वो बस में चालक से डबल ड्यूटी कराने का ताजा मामला सामने आया है। सोमवार को बस संख्या यूके04 पीए1519 में अनुबंधित बस चालक अनिल यादव सुबह जैसे ही ड्यूटी करके यहां पहुंचे, उन्हें करीब 10 बजे फिर से दिल्ली भेज दिया गया है। रोडवेज बसों में परिचालक भी लगातार चालक को मार्ग में भेजने का विरोध कर रहे हैं।

उत्तराखंड रोडवेज कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै ने बताया कि आये दिन चालकों को डबल शिफ्ट में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। वाल्वो बसों में कार्यरत परिचालकों को शनिवार व रविवार को लगातार ड्यूटी में भेजा रहा है।

अनदेखी बेकरी शुरू करके देनी थी ट्रेनिंग, विद्युत विभाग ने फीस जमा करने के बाद भी नहीं लगाया मीटर

कैदियों-बंदियों के उज्जवल भविष्य में बाधा बना सरकारी तंत्र

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सरकार तो चाहती है कि जेल से निकलने से पहले बंदी और कैदी कुछ हुनर सीख कर जाएं। ताकि बाहर जाकर काम कर सकें, समाज के साथ मुख्य धारा में जुड़ सकें और अपना व अपने परिवार का भविष्य उज्जवल कर सकें, लेकिन सरकारी तंत्र उज्जवल भविष्य के आड़े आ गया है।

दरअसल, हल्द्वानी उप कारागार में एक बेकरी शुरू होनी थी। इस बेकरी के जरिये कैदी व बंदियों को बेकरी उत्पाद बनाना सिखाना और उत्पादों की बिक्री कर जेल की आय बढ़ाना था। जेल प्रशासन इसके लिए कई माह पहले से तैयारी करके बैठ गया। सरकार से भी सहमति मिल चुकी है, लेकिन सरकारी तंत्र इस नई शुरुआत के आड़े आ रहा है। बेकरी का काम करीब पांच माह पहले शुरू हुआ और मशीनें भी लगी दी गईं, लेकिन विद्युत मीटर का कनेक्शन न होने की वजह से बेकरी का काम ठप पड़ा है। ऊर्जा निगम मीटर लगाने के लिए तब टालमटोल कर रहा है, जब जेल प्रशासन 51 हजार रुपये मीटर फीस जमा कर चुका है। जेल अधीक्षक प्रमोद पांडेय का कहना है कि बेकरी के संचालन के लिए विद्युत कनेक्शन की जरूरत है, इसकी फीस भी विभाग को जमा करा दी गई है, लेकिन अभी तक कनेक्शन नहीं मिल पाया है।

सीसीटीवी लगाने में देरी कर रही कंपनी

हल्द्वानी : जेल में बंद अपनों से मुलाकात करने के लिए हर रोज सैकड़ों लोग आते हैं। अधिकांश लोग अपने वाहनों से आते हैं और वाहन जेल परिसर में ही खड़े कर देते हैं। हाल में मिलाई करने वाले कई लोगों के दोपहिया वाहन जेल परिसर से चोरी हो गए। चोरों ने कार का शीशा तोड़ कर भी घटना को अंजाम दिया। सुरक्षा मजबूत करने और चोरों की पहचान के लिए जेल प्रशासन ने करीब तीन माह पहले एक निजी कंपनी को आठ सीसीटीवी कैमरे लगाने को कहा। सीसीटीवी कैमरे जेल प्रशासन के पास हैं, लेकिन उन्हें लगाने के लिए कंपनी टाल-मटोल कर रही है।

जल, जंगल के संरक्षण को आज रखेंगे निर्जला व्रत

हल्द्वानी, अमृत विचार : जल, जंगल के संरक्षण व बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। मंगलवार (आज) को हम सामाजिक संस्था के सदस्य अलग-अलग संस्थाओं के साथ मिलकर तिकोनिया स्थित बुद्ध पार्क में निर्जला व्रत रखेंगे। संस्था के संस्थापक आरपी सिंह ने बताया कि इच्छुक लोग जागरूकता अभियान का हिस्सा बन सकते हैं। उन्होंने सभी से एक दिवसीय जागरूकता अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

बाजपुर मुड़िया पिस्तौर में पथराव के बाद पहुंची पुलिस से नोकझोंक करते एक पक्ष के लोग। ● अमृत विचार

पथराव के बाद क्षेत्र में पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

पथराव के बाद जमा तमाशबीनों की भीड़ को खदेड़ती पुलिस। ● अमृत विचार

पथराव के बाद गश्त करते स्थानीय पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

घटनास्थल पर बरामद तलवार को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया। ● अमृत विचार

तमाशबीनों को अपने घरों में जाने की हिदायत देते एसएसआई विनोद कुमार फर्त्याल।

कब्रिस्तान में दुआ पढ़ने गए युवक को पीटा, बवाल

दो पक्षों में मारपीट, जमकर पथराव हुआ, चार लोग घायल, पुलिस ने लाठियां फटकार कर भीड़ को तितर-बितर किया, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में चले आ रहे विवाद ने उस समय उग्र रूप धारण कर लिया, जब कब्रिस्तान में दुआ पढ़ने गए युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। इससे दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और उनमें जमकर पथराव हुआ। घटना में दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाठियां फटकार कर भीड़ को तितर-बितर किया। मौके पर पहुंचे सीओ अन्नराम आर्य ने घटना की जानकारी ली। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से झगड़ा करने वाले लोगों को चिह्नित कर रही है।

बाजपुर कोतवाली में तहरीर देते सावेज पक्ष के लोग। ● अमृत विचार

चोटें दिखाता घायल सावेज।

वार्ड नंबर-छह मोहल्ला केशवनगर निवासी सावेज खान मुड़िया पिस्तौर ईदगाह में ईद की नमाज पढ़कर कब्रिस्तान में दुआ पढ़ने गया था। आरोप है कि वहां पर पहले से मौजूद वार्ड नंबर-5 मुड़िया पिस्तौर निवासी आशु खान, सारिक, सुहेल, मोनीश ने अपने 2-3 अन्य साथियों के साथ मिलकर रंजिशन गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियारों व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इसमें वह घायल हो गया जिसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। मामले को लेकर कोतवाली पहुंचे सावेज पक्ष के लोगों ने नामजद तहरीर दी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं इसी घटना को लेकर सुबह करीब 11 बजे दोनों पक्षों के लोग फिर से आमने-सामने आ गए और उनमें देखते ही देखते ईंट-पत्थर चलने लगे, जिससे वहां भगदड़ मच गई। घटना में सावेज पक्ष के उस्मान अली व शमा परवीन तथा दूसरे पक्ष के सुहेल के चोटें आई हैं जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी से पुलिस प्रशासन में भी हड़कंप मच गया। आनन-फानन में एसएसआई विनोद कुमार फर्त्याल, एसआई कैलाश चंद्र नगरकोटी, एसआई देवेंद्र सिंह मनराल मय फोर्स के मौके पर पहुंच गए और लाठियां फटकारकर भीड़ को तितर-बितर किया। पुलिस ने घटनास्थल से एक तलवार को भी बरामद किया है। वहीं मौके पर पहुंचे सीओ अन्नराम आर्य ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई। साथ ही बलवा करने वाले लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अचानक हुई घटना के चलते मौके पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। पुलिस मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कर झगड़ा करने वाले लोगों को चिह्नित कर रही है।

बाजपुर के मुड़िया पिस्तौर ईदगाह में नमाज पढ़ते मुस्लिम समाज के लोग।

जसपुर के संवेदनशील मोहल्ला जोशियान में तैनात सुरक्षा बल। ● अमृत विचार

किच्छा में एक दूसरे को ईद की बधाई देते लोग। ● अमृत विचार

ईद-उल अजहा पर मुस्लिम समाज ने की अमन चैन की दुआ

रुद्रपुर में ईदगाह में नमाज पढ़ने के लिए एकत्र हुए लोग। ● अमृत विचार

काशीपुर में स्थित मस्जिद में नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : ईद-उल-अजहा पर मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी। बच्चों में ईद को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। सभी नमाज स्थलों पर भारी सुरक्षा बल तैनात रहा।

सोमवार की सुबह आठ बजे बड़ी संख्या में नमाजी खेड़ा बस्ती स्थित ईदगाह में इकठ्ठा हुए। जहां जामा मस्जिद के इमाम दानिश रजा मिस्बाही ने नमाज अदा कराई। इस दौरान नमाज स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने भी समाज के लोगों को ईद की शुभकामनाएं दी।

काशीपुर: ईदगाह मैदान में ईद उल अजहा की नमाज शहर इमाम मुफ्ती मुनाजिर हुसैन ने अदा कराई। वहां ईदगाह कमेटी के सदर हसीन खान, हाजी अबरार, शफीक अंसारी, डॉ. एमए राहुल, असलम चौधरी, नूर हसन नूरी, मेहराज खान, मुजीब अहमद, रहमत अली खान, अकबर हुसैन, आलम खान, अख्तर माहिगीर आदि मौजूद थे। इसके अलावा महुआखेड़ागंज में भी नमाज पढ़ी गई।

किच्छा। ईद उल अजहा पर नगर स्थित छोटी मस्जिद, जामा मस्जिद, सुनेहरी मस्जिद, बड़ी मस्जिद, चूड़ी शाह दरगाह मस्जिद, नूरी मस्जिद सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मुस्लिम समाज के हजारों लोगों ने ईद की नमाज अदा की। जामा मस्जिद के शाही इमाम हजरत मुफ्ती मोहम्मद याकूब रजा ने अपनी तकरीर में कुर्बानी के बारे में बताया। इस मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से तमाम धार्मिक स्थलों पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा के दिशा निर्देशन में

उत्साह

- ईदगाह खेड़ा में इकट्ठा हुए बड़ी संख्या में नमाजी
- सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम, एक दूसरे से मिले गले

पुलिस बल तैनात रहा। मौके पर जामा मस्जिद के नायब इमाम तकी रजा, रईस अहमद बरकाती, हाजी करम इलाही, हाजी सुभान शाह, रफीक अहमद, दानिश मलिक, आरिफ मलिक, जावेद कुरैशी, सुजाहत यार खान, नजाकत खान, हाजी सरवर यार खान, फिरासत खान, हाजी इदरीश कुरैशी, एन यू खान, गुड्डू मलिक, अकरम खान, एडवोकेट रिजवान अंसारी, एम रहमान अंसारी, वाहिद हुसैन, बाबू अल्वी आदि मौजूद रहे।

खटीमा: नगर की मुख्य जामा मस्जिद, नूरी मस्जिद, ईदगाह, भूड़ मस्जिद सहित ग्राम मझोला की जामा मस्जिद, भैंसहा, ईदगाह, जमौर, सत्रहमील मजार पर ईद उल अजहा की नमाज शांतिपूर्वक अदा की गई। जामा मस्जिद में मौलाना सैयद इरफान रसूल, नूरी मस्जिद में मौलाना इरफानुल हक कादरी, ईदगाह में मौलाना फरयाद आलम, कुरैशी मस्जिद में मौलाना अब्दुल बासित, मझोला में शाही इमाम सद्दाम हुसैन, कंचनपुरी जामा मस्जिद में मौलाना इलियास रजा, जमौर जामा मस्जिद में इमाम सय्यद मुनकाद रजा ने नमाज अदा कराई। इस दौरान अब्दुल सईद उर्फ बब्लू, फारुख हुसैन, सईद अहमद, अहमद राजा, मोहम्मद राजा, डॉ. शमशाद, डॉ. दबीर, शमीम अख्तर, अतर अंसारी आदि थे।

जसपुर: बकरीद पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किया गया। पुलिस ने ईद के नजरिए से संवेदनशील माने जाने वाले स्थान मोहल्ला जोशियान व मोहल्ला चौहान को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग की दोनों सीमाओं पर बैरिकेडिंग करके रविवार को ही सील कर दिया था। पुलिस प्रशासन द्वारा बकरीद पर डेढ़ प्लाटून पीएसी तथा अतिरिक्त फोर्स के रूप में पुलिस लाइन व जनपद के अन्य थानों से भी पुलिस बल मंगाया गया था। कोतवाल नरेंद्र चौधरी ने बकरीद पर शांति व्यवस्था बनाए रखने पर क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

बाजपुर: क्षेत्र में ईद उल अजहा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विभिन्न मस्जिदों में लोग सुबह से ही पहुंचने शुरू हो गए और नमाज पढ़ी। इसके पश्चात सुबह आठ बजे से मुड़िया पिस्तौर स्थित ईदगाह में लोगों ने सामूहिक रूप से नमाज पढ़ी। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे तथा मस्जिदों व ईदगाहों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। पर्व पर क्षेत्र में अमन-शांति का माहौल बना रहा।

गदरपुर : ईद उल अजहा पर सोमवार को सकेनिया मोड़ स्थित ईदगाह में प्रातः 7 बजे जामा मस्जिद के शहरी इमाम जाने आलम ने नमाज अदा कराई। वही थानाध्यक्ष जसवीर चौहान के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन भी चाक-चौबंद रहा और धार्मिक स्थलों पर कड़ी नजर बनाए रहा। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष गुलाम गौस, ग्राम प्रधान नवी जान, सिब्ते नबी, मोहम्मद आलम, उमर अली, रिजवान अख्तर, मेराज आलम, मोहम्मद शादाब, शाकिर अली, मोहम्मद अमीन, आसिफ, महमूद अली मौजूद रहे।

वारदात

शरीर पर चोट के निशान देखकर जताई हत्या की आशंका, वन विभाग में हड़कंप, एएसपी ने किया मौका मुआयना

किलपुरा के जंगल में मिला शारदा रेंज के वन दरोगा का शव

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: किलपुरा रेंज में शारदा रेंज टनकपुर के वन दरोगा का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मचा है। मृतक के शरीर पर चोट के निशानों से हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर वनकर्मियों के साथ ही पुलिस और शारदा रेंज टनकपुर के वनाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए।

दीप चंद्र उप्रेती।

शारदा रेंज टनकपुर की कलौनिया चौकी में तैनात नया गांव कटान, चोरगलिया जिला नैनीताल निवासी वन दरोगा दीप चंद्र उप्रेती (47) फायर वाचर सुभाष चंद्र जोशी के साथ रविवार को जंगल के रास्ते से रोजमर्रा का सामान लेने के लिए बिरिया मझोला आए थे। प्यास लगने पर वन दरोगा दीप चंद्र उप्रेती रास्ते में बैठ गए और वाचर को पानी लेने भेज दिया। जब वाचर सुभाष वापस आया तो उप्रेती वहां नहीं मिले। काफी खोजबीन के बाद जब वाचर सुभाष को वह नहीं मिले तो उसने इसकी सूचना रास्ते में मौजूद सेनापानी चौकी के स्टाफ को दी। जहां से सूचना शारदा रेंज टनकपुर रेंजर पूरन चंद्र जोशी को दी गई। रेंजर जोशी ने एक टीम मौके पर भेज खोजबीन की लेकिन दीप चंद्र उप्रेती का कोई पता नहीं चला। सोमवार की सुबह किलपुरा रेंज के वनकर्मी जंगल में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान सुबह चार बजे प्लाट नंबर दो ए दोगाड़ी सेक्शन किलपुरा रेंज में वन दरोगा उप्रेती का शव मिला। उप्रेती के शरीर पर चोट के निशान बताए जा रहे हैं। सूचना पर सीओ विमल रावत व कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एएसपी सिटी मनोज कत्याल ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी भावना उप्रेती व पुत्र विपुल उप्रेती को रोता बिलखता छोड़ गए। मृतक वन दरोगा दीप चंद्र उप्रेती तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। दूसरा भाई सुरेश उप्रेती सीआरपीएफ और राकेश उप्रेती वन विभाग में वाचर हैं।

खटीमा के किलपुरा रेंज में मौका मुआयना करते वन और पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अख़बार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

फर्जी हस्ताक्षर से आरटीआई में सूचना मांगने का आरोप

शक्तिफार्म : अरविंद नगर निवासी सामाजिक एवं आरटीआई कार्यकर्ता निखलेश घरामी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्य सचिव सहित उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर अवगत कराया कि उसके नाम से फर्जी हस्ताक्षर के जरिए आरटीआई के जरिए सूचनाएं मांगीं जा रही हैं। आरोप लगाया कि अनजान लोगों द्वारा सूचना के अधिकार से सूचना मांग कर राजनीतिक दुश्मनी पैदा करने तथा झूठे मामले में फंसाने की कोशिश की जा रही है। आरटीआई कार्यकर्ता ने उसके नाम, पता एवं फर्जी हस्ताक्षर का प्रयोग करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने पत्र भेजकर कई आरोप लगाए हैं।

भाकियू के राष्ट्रीय नेता राकेश टिकैत से मिला प्रतिनिधिमंडल, बाजपुर के 20 गांवों का भी मामला उठाया, मालिकाना हक की मांग

हरिद्वार में उठीं ऊधमसिंह नगर के किसानों की समस्याएं

किसान महाकुंभ

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: हरिद्वार में आयोजित भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय स्तर के किसान महाकुंभ में जनपद ऊधमसिंह नगर के किसानों ने अपनी समस्याएं उठाईं।

हरिद्वार में भारतीय किसान यूनियन का तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का किसान महाकुंभ चल रहा है। भारतीय किसान यूनियन के जनपद ऊधमसिंह नगर के भाकियू कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल यूनियन के राष्ट्रीय नेता राकेश टिकैत से मिला और उन्हें पत्र देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। टिकैत ने उनकी समस्याओं पर बिंदु बार वार्ता की। कार्यकर्ताओं ने एमएस स्वामी नाथन की रिपोर्ट लागू किए जाने, किसानों की सभी जिंसों पर एमएसपी गारंटी कानून बनाए जाने, किसानों को प्रदूषण कानून से मुक्त रखे जाने, किसानों के 15 वर्ष पुराने ट्रैक्टरों को चलाए जाने पर लगाई गई पाबंदी को तुरंत हटाने, किसान आंदोलन के दौरान किसानों पर थोपे गए मुकदमों को तुरंत वापस लेने, बाजपुर के 20 गांवों की 5838 एकड़ जमीन को बेचने व उस पर लोन लेने पर सरकार द्वारा लगाई गई पाबंदी को शीघ्र हटाने, जसपुर के गांव पतरामपुर में अतिक्रमण के नाम पर अवैध रूप से उजाड़े गए लोगों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था किए जाने, उत्तर प्रदेश की तर्ज पर उत्तराखंड के किसानों के ट्यूबवेलों की बिजली फ्री किए जाने व सभी उपभोक्ताओं घरेलू मीटरों की 300 यूनिट तक बिजली फ्री किए जाने, वर्ग 4 व वर्ग एक- ख की जमीनों पर काबिज किसानों को शीघ्र मालिकाना हक दिए जाने, जसपुर की नादेही चीनी मिल का नवीनीकरण किए जाने व स्थायी जीएम की नियुक्ति किए जाने आदि मांगें रखीं।

किसान महाकुंभ में ऊधमसिंह नगर के भाकियू कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनते भाकियू नेता राकेश टिकैत। ● अमृत विचार

समस्याएं सुनकर टिकैत हुए भावुक

जसपुर : भाकियू नेता राकेश टिकैत कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर भावुक हो गए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि वे उनकी एक-एक समस्या का समाधान कराएंगे। यदि सरकार द्वारा उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया गया तो वे जनपद ऊधमसिंह नगर का दौरा करेंगे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस व कारगर रणनीति तय करेंगे। प्रतिनिधि मंडल मे भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता, ब्लॉक अध्यक्ष जागीर सिंह, युवा भाकियू ब्लॉक अमनप्रीत सिंह, दर्शन सिंह देओल, शीतल सिंह, चौधरी किशन सिंह, दीदार सिंह, मास्टर हरदेव सिंह, सवीर सिंह, रिश पाल सिंह, दिलबाग सिंह, सुखदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

घर से मोबाइल चोरी करने वाला गिरफ्तार

काशीपुरः बीते दिनों घर से मोबाइल चोरी करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चार मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि एक सप्ताह में बांसफोड़ान चौकी क्षेत्र से चार अलग-अलग घरों से मोबाइल चोरी हुए थे। इसके बाद पुलिस टीम का गठन कर मामले का पर्दाफाश करने के निर्देश दिए। इसके बाद सोमवार की सुबह पुलिस टीम ने कर्बला मैदान से ठाकुरद्वारा के फतेहल्लागंज निवासी अजहरुद्दीन को अल्ली खां स्थित कर्बला मैदान से पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसकी जेब से चोरी के चार अलग-अलग मोबाइल बरामद हुए।

दवा फैक्ट्री के खिलाफ श्रमिकों ने किया प्रदर्शन

श्रमिकों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर लगाए कई आरोप, तीन साल से पीएफ और ईएसआई जमा नहीं करने पर गुस्साए

संवाददाता, काशीपुर

300 से अधिक श्रमिक कार्य करते हैं दवा फैक्ट्री में

100 से अधिक महिलाएं जबकि 200 से अधिक पुरुष हैं कार्यरत

अमृत विचार : काशीपुर के कुंडेश्वरी क्षेत्र में स्थित एक दवा फैक्ट्री के खिलाफ श्रमिकों ने मोर्चा खोल दिया। इस दौरान श्रमिकों ने फैक्ट्री गेट पर धरना प्रदर्शन करते हुए फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। श्रमिकों ने फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ तीन साल से पीएफ व ईएसआई के रुपये खातों में जमा नहीं करने के साथ ही कई आरोप लगाए। मांग पूरी नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी फैक्ट्री प्रबंधन को दी है।

कुंडेश्वरी क्षेत्र में स्थित एक दवा फैक्ट्री के खिलाफ धरने पर बैठे श्रमिकों ने आरोप लगाया कि रोज की तरह ही श्रमिक सोमवार को फैक्ट्री में ड्यूटी करने पहुंचे थे। इसके बाद श्रमिकों ने सुबह फैक्ट्री के प्रबंधन से ईएसआई व पीएफ को जमा करने की बात कही। लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, जिससे गुस्साए श्रमिक फैक्ट्री से बाहर आ गए और फैक्ट्री गेट पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके बाद श्रमिकों ने फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। आरोप लगाया कि बीते तीन सालों से श्रमिकों की तनख्वाह से पीएफ व ईएसआई का पैसा काटा जा रहा है, लेकिन खातों में जमा नहीं कराया गया है। उन्होंने जल्द ही श्रमिकों के ईएसआई और पीएफ के रुपये खातों में जमा नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान विजय पाल, प्रकाश चंद्र, हंसराज गौतम, दीपक कुमार, अतुल कुमार, अमित रावत, सुभाष चंद्र, निशांत चौहान, प्रदीप चौहान आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में फैक्ट्री के बाहर धरना प्रदर्शन करते श्रमिक। ● अमृत विचार

समय पर तनख्वाह नहीं देने का भी आरोप

काशीपुर : धरने पर बैठे श्रमिकों ने बताया कि दवा फैक्ट्री में 300 से अधिक श्रमिक कार्य करते हैं। इसमें 100 से अधिक महिलाएं जबकि 200 से अधिक पुरुष शामिल हैं। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री प्रबंधन का महीने के पहले सप्ताह में तनख्वाह देने का समय है। बावजूद इसके श्रमिकों को माह के अंत तक तनख्वाह मिल पाती है। इससे श्रमिकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ श्रम विभाग में दी गई शिकायत

काशीपुर : कुंडेश्वरी स्थित दवा फैक्ट्री के खिलाफ श्रमिकों ने पूर्व में भी शिकायत दर्ज कराई है। श्रमिकों ने बताया कि वह फैक्ट्री के खिलाफ समय से तनख्वाह न देने, पीएफ व ईएसआई का रुपया जमा नहीं करने को लेकर शिकायत कर चुके हैं।

शाम छह बजे तक धरने पर बैठे रहे, वार्ता करने नहीं आया कोई

आक्रोश

- अनिश्चितकालीन धरने का किया ऐलान
- मांगें पूरी होने पर धरना देने की बात कही

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : काशीपुर के कुंडेश्वरी में दवा फैक्ट्री के खिलाफ धरने पर श्रमिक शाम छह बजे तक धरने पर बैठे रहे। बावजूद इसके फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से श्रमिकों से बातचीत नहीं गई। इसके बाद श्रमिकों ने एक बैठक की। बैठक में श्रमिकों ने फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरने का निर्णय लिया।

सोमवार को पीएफ, ईएसआई समेत अन्य मांगों को लेकर श्रमिक सुबह 10 बजे से धरने पर बैठ गए, लेकिन शाम छह बजे तक धरने पर बैठने के दौरान भी प्रबंधन ने श्रमिकों से कोई भी बातचीत नहीं की। इससे गुस्साए श्रमिकों ने धरना स्थल पर बैठक कर फैक्ट्री के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना देने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की मांगें पूरी होने तक धरना जारी रहेगा।

बोले, श्रमिक

सरकार द्वारा तय वेतन के अनुसार एक मजदूर का वेतन 15 हजार रुपये होनी चाहिए। जबकि यह हमें 9 हजार रुपये के हिसाब से सैलरी दे रहे हैं। वहीं फैक्ट्री द्वारा हर साल अनुबंध होना चाहिए जबकि अभी तक कोई अनुबंध नहीं किया गया है। -**संजीव कुमार**, श्रमिक

फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा तीन साल से पीएफ लगातार काटा जा रहा है, बावजूद इसके श्रमिकों के खातों में पीएफ की रकम जमा नहीं हो रही है। कई बार कहने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। -**मोनू प्रताप**, श्रमिक

तीन साल से फैक्ट्री प्रबंधन श्रमिकों का पीएफ जमा नहीं कर रहे थे। ईएसआई की तरफ से भी मैसेज आया कि खाते में ईएसआई की रकम जमा नहीं हुई। जबकि फैक्ट्री प्रबंधन हर महीने ईएसआई की रकम श्रमिकों के वेतन से काट रहा है। -**रोशन प्रीत**, श्रमिक

पिछले तीन महीने से यह कहते आ रहे हैं कि इस महीने हो जाएगा। लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। पहले तो पीएफ की बात थी इस महीने तो ईएसआई का भी मैसेज आया कि जमा नहीं हुआ। आज भी इसी बात को लेकर हम लोग इनसे मिले थे। - **अंकित जोशी**, श्रमिक

पत्नी-बच्चे गए हल्द्वानी, पोस्ट ऑफिस कर्मी की घर में मौत

संवाददाता, रुद्रपुर

- छत से गिरकर एक अन्य युवक की भी जान गई

अमृत विचार : थाना ट्रांजिट कैंप में रविवार की देर रात्रि छत से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि गांधी कॉलोनी में एक युवक का सड़ा गला शव मिला। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही परिवार में कोहराम मच गया है।

मूल रूप से दनाई चौखुटिया अल्मोड़ा निवासी 48 वर्षीय कैलाश चंद्र पोस्ट ऑफिस में कार्यरत था। वह गांधी कॉलोनी में परिवार के साथ रहता था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को उसकी पत्नी बच्चों के साथ हल्द्वानी रिश्तेदारी में गई थी, जबकि पति कैलाश घर पर अकेला था। रविवार की देर रात को जब परिवार घर पहुंचा, तो कमरे में बदबू आ रही थी। सूचना मिलते ही कोतवाल धीरेंद्र कुमार और चौकी प्रभारी विजय कुमार घटनास्थल पहुंचे। पाया कि कमरा अंदर से बंद था और कर्मचारी बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के भेज दिया और घटना की जानकारी ली। पोस्ट ऑफिस कर्मी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं प्रथम दृष्टया हृदय गति रुकने का मामला प्रतीत हो रहा है। उधर, मूलरूप से ग्राम मसकलैया बाला पोखर तालझारी साहेबगंज झारखंड निवासी 33 वर्षीय शिव कुमार सिडकुल की एक कंपनी में काम करता है और गंगापुर रोड स्थित किराए के मकान में रहता है। बताया जा रहा है कि रविवार की रात सिडकुल कर्मी खाना खाकर छत पर सोने चला गया और देर रात्रि करीब तीन बजे जब वह उठा, तो चाहरदीवारी नहीं होने के कारण नींद की झोंक में छत से नीचे गिर गया। घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते थाना ट्रांजिट कैंप के दारोगा प्रदीप पंत ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर से फिर दो बाइकें चोरी

रुद्रपुर : कोतवाली इलाके में ऑटो लिफ्टर गैंग ने पुलिस को चुनौती देते हुए फिर से दो बाइकें चोरी कर लीं। मूल रूप से ग्राम वेजना अहमदनगर टाडा रामपुर व हाल निवासी सीर गौटिया वार्ड-26 के दानिश अहमद ने बताया कि 14 जून की रात्रि 12 बजे उसने अपनी बाइक को घर के बाहर लॉक करके खड़ी की थी और सुबह देखा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। इसके अलावा ग्राम फरदिया माधोपुर अमरिया पीलीभीत यूपी निवासी भगवत सरन ने बताया कि 12 जून की दोपहर तीन बजे वह अपनी बाइक को लेकर आवास-विकास स्थित बैंक में गया था और शाम सात बजे जब लौटा, तो बाइक चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया।

चलती कार में लगी भीषण आग

घटना

- चालक ने आग की लपटें देखकर कूदकर बचाई जान, दमकल कर्मियों ने पाया आग पर काबू

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : रविवार की देर रात्रि रुद्रपुर से हल्द्वानी जा रही कार में अचानक आग लग गई। आग की लपटें देखकर कार चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। समय रहते दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया वरना आग जंगल की तरफ बढ़ सकती थी।

रविवार की देर रात्रि एक बजे रुद्रपुर निवासी अमान अपनी कार संख्या यूके 06 वी 0845 से हल्द्वानी की ओर जा रहा था। जैसे ही कार संजय वन के समीप पहुंची। अचानक कार के पिछले हिस्से से आग की लपटें उठने लगीं। ड्राइविंग सीट के बगल में लगे शीशे से नजर पड़ने पर कार संचालक ने फौरन कार रोकी और कूदकर दूर खड़ा हो गया। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी आगोश में ले लिया और किसी तरह कार में आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही सिडकुल अग्निशमन यूनिट के गिरीश सिंह बिष्ट, फायरमैन भगवत सिंह व नवीन कुमार घटनास्थल पहुंचे और आग पर काबू पाया। साथ ही आग को जंगल की ओर बढ़ने से भी रोका। बावजूद कार पूरी तरह से जल गई।

जलती कार की आग को बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

सागौन और शीशम की तस्करी करते दो गिरफ्तार

काशीपुर : कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने चेकिंग के दौरान सागौन और शीशम के गिल्टों की तस्करी कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके कब्जे से एक ट्रैक्टर ट्रॉली में शीशम व सागौन के 25 गिल्टे बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के साथ ही ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज कर दिया है। कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रविवार रात कुंडेश्वरी क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर ढकिया जैतपुर रोड से दो लोगों को एक ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम रामपुर निवासी रईस अहमद व जवान अली बताया। उन्होंने बताया कि वह गुलजारपुर वन क्षेत्र से लकड़ी को चोरी से काटकर उत्तर-प्रदेश के स्वार रामपुर की मंडी में बेचने जा रहे थे। वहीं पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 25 शीशम व सागौन के गिल्टें बरामद किए हैं।

धोखाधड़ी

युवक अपने कार्यालय में ताला लगाकर फरार, पीड़ित महिलाओं ने कोतवाली पहुंचकर दी तहरीर

नौकरी का झांसा देकर महिलाओं से लाखों की ठगी

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: समूह बनाकर नौकरी लगवाने का झांसा देकर ग्रामीण महिलाओं से लाखों रुपये की ठगी करके एक युवक अपने कार्यालय में ताला लगाकर फरार हो गया। पुलिस ने इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम उमरपुर निवासी महिलाओं काजल रानी, तनुजा, नीतू देवी, पूजा रानी, निमी देवी, प्रीति, नेहा, पिंकी गोयल, आशीष, संजना, सोनी, बबीता ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि वे मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करती हैं। गांव के ही मक्खन सिंह ने मुन्नी वेलफेयर सर्विस नामक एक समूह बनाकर धर्मपुर चौराहे पर उसका कार्यालय खोला था। आरोपी मक्खन उनका पड़ोसी है। उसने उनसे संपर्क कर कहा कि यदि तुम चार हजार रुपये जमा करोगे तो उन्हें 8 सौ प्रतिमाह के हिसाब से एक-एक बच्चे को पढ़ाने का वेतन मिलता रहेगा और प्रत्येक बच्चे को प्रतिवर्ष एक हजार रुपये वजीफा मिलेगा। उन्होंने पड़ोसी होने के कारण उस पर विश्वास करके चार-चार हजार रुपये जमा कर दिए। उन्हें मार्च 2024 तक 8 सौ रुपये मिलते रहे। इसके पश्चात आरोपी ने माह अप्रैल में कहा कि वे टीचर्स की संख्या बढ़ाएंगे, तब उनका प्रमोशन हो जाएगा और अध्यापकों की संख्या बढ़ने पर उनको फील्ड वर्क में लगाया जाएगा। प्रति अध्यापक बढ़ाने सौ रुपये और मिलेंगे। अपनी आईडी पर तीन-तीन टीचर बढ़ाने पर उनको प्रतिमाह 3,200 रुपये मिलेंगे। माह अप्रैल में उन्होंने अपने-अपने सोने व चांदी के आभूषण बेचकर तथा रिश्तेदारों से उधार मांगकर जैसे-तैसे व्यवस्था करके पूजा रानी ने 20 हजार रुपये ऑनलाइन व नकद मक्खन सिंह के खाते में जमा कर दिए। काजल रानी ने 1 लाख रुपये, तनुजा ने 70 हजार रुपये, नीतू देवी ने 40 हजार रुपये दिए। 5 मई को वह सब मक्खन सिंह के घर पर गईं तो उसके परिवार वालों ने बताया कि वह कहीं बाहर गया है। उन्होंने कहा कि आज के दिन तो हमारा वेतन मिलता है। परिवार के गीता, पंकज, पवन कुमारी, सरोज देवी व उसके चाचा गिरवर सिंह ने कहा कि उन्हें उनका रुपया नहीं मिलेगा। आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की भी धमकी दी है। धर्मपुर चौराहा कार्यालय पर ताला लगा है। आरोपी ने फर्जी समूह बनाकर लाखों रुपये की उनके साथ धोखाधड़ी की है। पुलिस ने पीड़िताओं की तहरीर के आधार पर इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महिला वेटरनरी कर्मियों को सम्मोहित कर ठगी

पंतनगर : क्षेत्र में दो महिला वेटरनरी कर्मियों को सम्मोहित कर उनसे जेवर, मोबाइल व नगदी ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िताओं की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। विकास भवन स्थित मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तैनात मुख्य प्रशासनिक अधिकारी तारा सनवाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 14 जून की शाम पांच बजे वह अपनी सहयोगी गीता रौतेला के साथ हल्द्वानी जाने के लिए मेट्रोपोलिस गेट के निकट वाहन के इंतजार में खड़ी थीं। उनके पास में एक और व्यक्ति भी खड़ा था। रुद्रपुर बाजार की ओर से आ रही एक सफेद कार से उस व्यक्ति ने लिफ्ट मांगी। साथ ही उनको भी सीट खाली है, कहकर हल्द्वानी तक बैठने को कहा। कार चालक ने स्वयं को पुलिस में कार्यरत बताया, तो उन्होंने उस पर विश्वास कर लिया और उस कार में बैठ गईं। इसके बाद उस कार चालक ने संजय वन के पास उन्हें और उनकी सहयोगी गीता को बहला-फुसला कर सम्मोहित कर लिया। उसने उनके व गीता के कान के कुंडल, चेन, मोबाइल व नकदी लेकर उनको संजय वन के पास वाहन से उतार दिया और उस व्यक्ति के साथ हल्द्वानी की ओर भाग गया।

पेड़ से गिरकर युवक की मौत

जसपुरः पेड़ से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया।

मोहल्ला भूपसिंह अस्पताल रोड जसपुर निवासी युवक 32 वर्षीय विपिन बकरियों के खाने के लिए गूलर के पत्ते तोड़ने के लिए गांव जगदीश वाला के पास अकेला जंगल गया था। वह पत्ते तोड़ते समय पेड़ से नीचे गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और अकेला होने के कारण वह काफी देर तक ऐसे ही पड़ा रहा। उधर से गुजर रहे लोगों ने पड़ा देखा तो उन्होंने एंबुलेंस 108 को इस घटना की सूचना दी। एंबुलेंस ने युवक को जसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। काशीपुर ले जाते समय उसने रास्ते ही दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक अपने पीछे पत्नी व एक बच्ची को छोड़ गया है। वह मृतक पिछले कई दिन से रोजगार के लिए गूलर के पत्ते तोड़कर बकरा पालकों को बेच रहा था।

खटोला में बुक्सा समुदाय के लोगों ने धूमधाम से की वार्षिक ढलिया पूजा

पूजा में अनाजों से बने पकवान का भोग चढ़ाकर किया प्रसाद वितरण, भजन-कीर्तन हुए

संवाददाता, दिनेशपुर

देवी थान (मंदिर) में वार्षिक ढलिया पूजा करते बुक्सा समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार : बुक्सा जनजाति समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से वार्षिक ढलिया पूजा में पकवान का प्रसाद चढ़ाकर वितरण किया। इस दौरान पूजा-अर्चना के साथ भजन-कीर्तन का दौर भी चला।

सोमवार को बुक्सा जनजाति के लोगों ने लगभग 100 वर्ष पुराने गांव- खटोला नंबर-एक में गांव के स्थित देवी थान (मंदिर) में मुख्य पुजारी प्रेम सिंह व धर्मपत्नी बसंती देवी ने विधि-विधान से वार्षिक ढलिया पूजा कराई।

गांव के थान (मंदिर) में बुक्सा समाज की कुल ईष्ट आराध्य देवी थान की मान्यता है। प्रत्येक वर्ष सामूहिक रूप से ढलिया पूजा में अनाजों से बने पकवानों में खीर, पूरी, हलवा के साथ खीले व बताशे का भोग लगाकर क्षेत्र की सुख-शांति एवं खुशहाली की कामना की जाती है। लोगों का मानना है कि सच्चे मन से श्रृद्धा भाव रखकर की गई आराध्य देवी की पूजा से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। अनुष्ठान में ग्राम पंचायत खटोला प्रधान मुकेश सिंह राणा ने मंदिर में मत्था टेक व प्रसाद चढ़कर कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मौके पर पंचायत सदस्य गंगा देवी, कमलेश देवी, होरी सिंह, जगत सिंह, नारायण सिंह, गोपाल सिंह, दान सिंह, कैलाश सिंह, मंगू सिंह मास्टर, जशोदा देवी, नन्दी देवी, जानकी देवी, लीला देवी, कमला देवी, रुपवती देवी, कृष्णा सिंह, राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

ट्रंचिंग मैदान का स्थलीय निरीक्षण करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

लीगेसी वेस्ट की रोज हो ड्रोन से निगरानी : डीएम

संवाददाता, रुद्रपुर

निर्देश

- जिलाधिकारी ने ट्रंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया
- 30 जून तक डंपिंग साइट निस्तारण का दिया आदेश

अमृत विचार : जिलाधिकारी एवं नगर निगम के प्रशासक उदयराज सिंह ने अधीनस्थों के साथ किच्छा हाईवे स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड का सोमवार को स्थलीय निरीक्षण किया और लीगेसी वेस्ट एवं निस्तारण प्रगति को जाना। उन्होंने आदेश दिए कि 30 जून तक डंपिंग साइट पर कूडे.का निदान किया जाए। डीएम ने कहा कि लीगेसी वेस्ट की नियमित रूप से ड्रोन से फोटोग्राफी कराई जाए। डीएम ने कूड़ा निस्तारण के लिए सभी कार्य वैज्ञानिक तरीके से करने और एनजीटी के मानकों का पालन करने का आदेश दिया।

इस मौके पर एसडीएम मनीष बिष्ट, उपनगर आयुक्त शिप्रा जोशी, अधिशासी अभियंता सौरभ कुमार आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

मानव उत्थान समिति ने छबील लगाकर बांटा शरबत

काशीपुर। भीषण गर्मी में राहत देने के लिए मानव उत्थान सेवा समिति ने रामनगर रोड पर रामलीला मैदान के गेट पर स्टॉल लगाकर शरबत का वितरण किया गया।

15 अगस्त तक अवश्य करा लें गैस की ई-केवाईसी

पंतनगर। पंतनगर गैस सर्विस के प्रबंधक गणेश चंद्र आर्या ने बताया कि इंडियन ऑयल के आदेशानुसार गैस की ई–केवाईसी की अंतिम तारीख 15 अगस्त 2024 निर्धारित की गई है। अत: सभी गैस उपभोक्ता अपनी ई–केवाईसी और बीएससी सेफ्टी चेक जरूर करवा लें, क्योंकि यह अनिवार्य है। अन्यथा गैस से वंचित रहना पड़ सकता है।

फेसबुक पर गलत पोस्ट करने से रोकने पर गाली गलौज का आरोप

खटीमा। चारुबेटा पहाड़ी कॉलोनी निवासी अमित सिंह बिष्ट ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बरी अंजनिया के एक व्यक्ति ने रविवार रात में फेसबुक पर देवी देवताओं के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए पोस्ट की है। यह भी कहा कि जब उसने व्यक्ति से इस प्रकार की पोस्ट न करने और माहौल खराब होने की बात कही तो वह गाली गलौज करने लगा।

केवीटीएमपीएस ने आठ रन से जीता क्रिकेट मैच

ट्रॉफी के साथ विजेता टीम।

काशीपुर। रामनगर रोड स्थित सैमफोर्ड क्रिकेट मैदान में एसपीएनजी कारपोरेट क्रिकेट चैम्पियनशिप मैच खेला गया। जहां पर गलबलिया इस्पात उद्योग और काशी विश्वनाथ टैक्सटाइल के बीच में क्रिकेट खेला गया। जिसे केवीटीएमपीएल ने 8 रन से मैच जीत लिया। सोमवार को आयोजित क्रिकेट मैच में टॉस जीतकर जीआईयूपीएल की टीम ने पहले फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। जहां बल्लेबाजी करते हुए केवीटीएमपीएल ने निर्धारित 20 ओवर में 150 रन का लक्ष्य रखा। इसमें महीपाल ने 40 और नरेंद्र ने 41 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए जीआईयूपीएल ने 142 रन बनाए। आल–राउंडर खिलाड़ी के लिए नरेंद्र को मैन आफ द मैच, महिपाल को बेस्ट बैट्समैन और जीआइयूपीएल के ओमू सिंह को बेस्ट बॉलर का खिताब देकर सम्मानित किया गया।

ओवरलोडिंग करने वाले 15 भारी वाहनों के चालान

चेकिंग अभियान के दौरान कागजों की जांच करती संयुक्त टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी के आदेश पर सोमवार को एसडीएम मनीष बिष्ट, एआरटीओ प्रवर्तन निखिल शर्मा, सीपीयू प्रभारी राकेश बिष्ट की संयुक्त टीम ने शहरी इलाकों में चेकिंग अभियान चलाया और मुख्य मार्गों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 15 ओवरलोडिंग करने वाले भारी वाहनों के चालान काटे। इस दौरान संयुक्त टीम ने पांच ओवरलोड वाहनों को सीज कर दिया।

चेकिंग अभियान के दौरान संयुक्त टीम ने दो लाख रुपये का राजस्व वसूला।

आबादी क्षेत्र से गुजर रहे डंपरों को ग्रामीणों ने फिर रोका, हंगामा किया

- पुलिस ने पहुंचकर चार डंपर कब्जे में लिए

संवाददाता, किच्छा

किच्छा में ग्रामीणों द्वारा रोके गए डंपर एवं मौके पर पुलिस टीम। ● अमृत विचार

अमृत विचार : धाधा फॉर्म क्षेत्र में खनन कारोबारियों द्वारा खुलेआम मनमानी कर उपजिलाधिकारी के आदेशों को ठेंगा दिखाया जा रहा है। आबादी क्षेत्र में चल रहे मिट्टी खनन से जुड़े डंपर वाहनों को ग्रामीणों ने विरोध करते हुए रोक लिया और हंगामा शुरू कर दिया।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा उच्चाधिकारी को मामले से अवगत कराए जाने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और चार डंपर वाहनों को कब्जे में लेकर चौकी परिसर में खड़ा कर दिया। इससे तनाव की स्थिति बनी हुई है। कुछ दिनों पहले कोतवाली अंतर्गत धाधा फॉर्म चाचर क्षेत्र में दिन-रात चल रहे मिट्टी खनन से भरे डंपर वाहनों का ग्रामीणों ने विरोध कर जाम लगा दिया था। तब उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने खनन कारोबारी को नियमानुसार खनन कार्य करने के निर्देश दिए थे। लेकिन रविवार की रात्रि एवं सोमवार की सुबह खनन कारोबारी ने फिर से आबादी क्षेत्र से डंपर वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी। मौके से गुजर रहे दर्जनों वाहनों का विरोध करते हुए ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और डंपर वाहनों को रोक लिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि खनन से जुड़े वाहनों की आवाजाही के कारण लाखों की लागत से बनाई गई गांव की मुख्य सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है और पानी की निकासी के लिए बनाई गई नालियां भी टूट गई हैं। ग्रामीणों द्वारा डंपर वाहनों को मौके पर रोके जाने के बाद उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा को मामले से अवगत कराया गया। ग्रामीणों के अनुसार एसडीएम मिश्रा को सूचित किए जाने के बाद कलकत्ता चौकी प्रभारी धीरेंद्र पंत के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और चार डंपर वाहनों को कब्जे में लेकर चौकी परिसर में खड़ा किया।

प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार ने चेतावनी दी कि गांव के अंदर से खनन से जुड़े वाहनों की आवाजाही नहीं होने दी जाएगी। जरूरत पड़ने पर ग्रामीणों को साथ लेकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। फिलहाल पूरे मामले को लेकर खनन कारोबारी एवं ग्रामीण आमने-सामने नजर आ रहे हैं और गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

मुख्यमंत्री के समक्ष ब्लॉक प्रमुख ने रखीं समस्याएं

देहरादून में मुख्यमंत्री का स्वागत करते ब्लॉक प्रमुख।

खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से देहरादून में मिले ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी ने उन्हें विकासखंड की समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान कराने की अपील की। देहरादून में सोमवार को मुख्यमंत्री धामी को ब्लॉक प्रमुख नामधारी ने प्रतापपुर, नौसर की सड़क निर्माण, देवहा और परवीन नदी से हो रहे नुकसान की जानकारी देते हुए परवीन नदी में सिल्ट की सफाई को बेहद जरूरी बताया। ब्लॉक प्रमुख नामधारी ने बताया कि हर घर जल योजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइन घटिया होने की वजह से लोगों को पानी नहीं मिल रहा है।

किक बॉक्सिंग में पावनी ने जीता रजत

- सिलीगुड़ी वेस्ट बंगाल में वाको इंडिया जूनियर नेशनल किक बॉक्सिंग में किया था प्रतिभाग

संवाददाता, दिनेशपुर

गूलरभोज के ग्राम–ललपुरी में पावनी बिष्ट को रजत पदक मिलने पर स्वागत करते क्षेत्रवासी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : वाको इंडिया जूनियर नेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रदेश टीम से खेलते हुए पावनी बिष्ट ने रजत पदक जीता है। इस उपलब्धि के लिए क्षेत्रवासियों ने पावनी बिष्ट के साथ कोच एवं परिजनों का जोरदार स्वागत किया।

वाको इंडिया जूनियर नेशनल किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 14 जून को सिलीगुड़ी बंगाल में हुआ। प्रदेश की ओर से जिला ऊधमसिंह नगर एवं दशमेश स्पोर्ट्स एकेडमी के दो खिलाड़ियों का चयन राज्य की ओर से हुआ था। इसमें आतिफ ने 51 किलो भार वर्ग 16 से 17 आयुवर्ग में प्वाइंट फाइट में ओडिसा, पंजाब, केरला, राजस्थान के खिलाड़ियों को पराजित किया एवं पावनी बिष्ट ने 48 किलो भार वर्ग 15 से 16 आयु वर्ग में लो किक रिंग फाइट में रजत पदक जीता। क्षेत्रवासियों ने खिलाड़ियों के साथ परिजनों एवं कोच का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। सेनसेइ मिंटू कुमार सैनी और कोच सेंसेई कृष्ण कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए दोनों खिलाड़ियों ने काफी मेहनत की थी। उत्तराखंड एमेच्योर किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष हंसी अरविंद कुमार कोटनाला व महासचिव सतेंद्र कुमार ने खिलाड़ियों व कोचों को बधाई दी।

क्षेत्रवासियों ने पावनी बिष्ट के साथ दादा दान सिंह बिष्ट, दादी लीला बिष्ट,माता मंजु बिष्ट, पिता कमल सिंह बिष्ट, भाई गोलू बिष्ट का भी अभिनंदन किया। इस मौके पर कांग्रेस नेत्री रेखा रावत, यूथ कांग्रेस प्रदेश महामंत्री मुकेश चौहान, राजेन्द्र सिंह पानू, गोपाल शाह, चंद्रमणि देवराडी,मुकेश रावत, खुशाल खत्री, विक्रम सिंह रावत, कमल मनराल, मनोज कुमार, रंजीत मनराल, चंचल सिंह देऊपा, वीरेंद्र सिंह रावत, ललित खोलिया आदि मौजूद रहे।

पानी की आपूर्ति का समय बढ़ाए जाने के लिए प्रदर्शन

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार : पेयजल की कमी का सामना कर रहे ग्रामीणों ने अनियमित पेयजल आपूर्ति को लेकर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि सुबह और शाम को मात्र आधा-आधा घंटा पानी की सप्लाई की जा रही है।

सोमवार को हरिशंकर के नेतृत्व में ग्रामीण ग्राम गोपाल नगर में एकत्र हुए और पेयजल आपूर्ति न किए जाने पर प्रदर्शन किया। उनका कहना था सुबह शाम आधे एक घंटे तक पानी की आपूर्ति की जा रही है जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बनी हुई है। गोपाल नगर निवासी हरिशंकर का कहना था कि गर्मी की अधिकता को ध्यान में रखकर पानी की आपूर्ति के समय को बढ़ाया जाना आवश्यक है। प्रदर्शन करने वालों में हरिशंकर, अखिलेश कुमार, जसपाल सिंह, डब्बू, अरुण कुमार, विशाल, अर्जुन कुमार, अंजू देवी शामिल थे।

ग्राम गोपाल नगर में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

शक्तिफार्म में विद्युत ट्रांसफार्मर बदलते कर्मचारी।

फुंके ट्रांसफार्मर को बदला, बिजली आने पर मिली राहत

शक्तिफार्म। नगर के आजाद वार्ड नंबर 1 में लगा 64 केवीए का ट्रांसफार्मर शनिवार को फुंक गया। इससे वार्ड के करीब 200 घरों में अंधकार छा गया। भीषण गर्मी से परेशान लोगों ने विद्युत विभाग को इसकी सूचना दी। एसडीओ आलोक सचान ने जेई अमित कुमार को ट्रांसफार्मर बदलने के निर्देश दिए। इसके बाद विद्युत विभाग की कर्मचारियों ने रविवार को चंद घंटों के भीतर ट्रांसफार्मर को बदल दिया। लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार जताया है। विद्युत कर्मचारी में श्याम सुन्दर, अशोक, लालू, सुखदेव आदि थे।

भीषण गर्मी के बीच अघोषित कटौती से लोग हलकान

खटीमा। भीषण गर्मी के बीच हो रही लंबी बिजली कटौती से जनता को भरी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर और ग्रामीण क्षेत्र में दिन में कई बार रात्रि में चार से पांच घंटों की कटौती से विकासखंड के विद्युत उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं देर शाम 33 केवी की तकनीकी खराबी व ग्राम वनगवां में तार टूटने से कई घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। ग्रामीणों का आरोप है कि हल्दी घेरा पावर स्टेशन का फोन नम्बर लंबे समय से बंद होने के कारण उपभोक्ताओं को आपूर्ति की सही जानकारी नहीं मिल पाती है। उपखंड विद्युत अधिकारी अंबिका यादव ने बताया की भीषण गर्मी के कारण अधिक मात्रा में चलने वाले विद्युत उपकरणों के कारण ओवरलोड हो रहा है। इसके चलते लाइन में तकनीकी खराबी और कटौती करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि जल्द ही विद्युत व्यवस्था को सुचारू कर दिया जाएगा।

व्यापार मंडल के चुनाव में सभी व्यापारियों को किया जाए शामिल

किच्छा। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव में संचालन समिति द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों को चुनाव के दायरे से बाहर किए जाने पर व्यापारी नेता वाहिद हुसैन ने नाराजगी जाहिर करते हुए निर्णय का विरोध किया है। व्यापारी नेता वाहिद हुसैन ने कहा कि पिछले चुनाव में नगर पालिका अंतर्गत आजाद नगर, सिरौली कला एवं देवरिया के दर्जनों व्यापारियों को मतदान कर चुनाव में भागीदारी निभाने का मौका मिला था लेकिन इस चुनाव में चुनाव संचालन समिति द्वारा तीनों क्षेत्र को चुनाव की दृष्टि से बाहर कर दिया गया है। उन्होंने चुनाव समिति पर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया।

डिमांड 80 से 90 रुपये में बिक रहा भसिंडा, बरेली मंडी में भसिंडे की मांग सबसे अधिक बढ़ी

यूपी के लोगों को भा रहा काशीपुर का भसिंडा

- कुंडेश्वरी, दड़ियाल रोड समेत अन्य क्षेत्रों से मंडी पहुंच रहा भसिंडा

करन सिंह, काशीपुर

खेतों में लगी भसिंडे की फसल। ● अमृत विचार

अमृत विचार : यूपी के लोगों को इन दिनों काशीपुर का भसिंडा काफी भा रहा है। इसके चलते मंडियों से यूपी जाने वाले भसिंडे की डिमांड विगत वर्ष की तुलना में दो गुना तक बढ़ गई है।

वहीं यूपी के बरेली मंडी में भसिंडे की मांग सबसे अधिक बढ़ी है। काशीपुर के भसिंडों की डिमांड बढ़ने से किसानों में खुशी का माहौल है। काशीपुर के कुंडेश्वरी, दड़ियाल रोड, अलीगंज रोड, धकिया गुलाबो समेत कई स्थानों पर बढ़ी संख्या में भसिंडे की खेती की जा रही है। वहीं काशीपुर का भसिंडा यूपी को लोगों को बेहद पसंद आ रहा है। ऐसे में मंडियों में भसिंडा 80 रुपये से लेकर 90 रुपये तक बिक रहा है।

तालाबों की जगह खेतों में तैयार हो रही फसल

काशीपुर। तराई में बड़ी संख्या में किसान भसिंडे की खेती कर रहे हैं। किसान राजेश कुमार ने बताया कि भसिंडे की खेती करना उनका पुस्तैनी कार्य है। पहले तालाबों में भसिंडे की फसल लगाई जाती थी, लेकिन तालाबों के समाप्त होने के बाद खेत में ही भसिंडा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तालाब से अच्छी गुणवत्ता का भसिंडा खेत में तैयार हो रहा है।

कोश्यारी का जन्मदिन मनाया

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : रामराज रोड स्थित तीन मूर्ति मंदिर में सोमवार को भाजपा जिला मंत्री विकास गुप्ता की अगुवाई में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी के जन्मदिन पर उनकी लंबी आयु की कामना करते हुए हवन-यज्ञ करवाया गया।

इस मौके पर भाजपा के पूर्व नगराध्यक्ष विमल शर्मा, युवा भाजपा नेता गौरव शर्मा, विहिप गौ रक्षा विभाग के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, प्रमोद भट्ट, प्रवीण सिंह, नरेंद्र चौधरी, सोनू राठौर, दिलीप सिंह, अमित चौहान, विशाल चौहान, मयंक शर्मा, आशीष ठाकुर आदि मौजूद रहे।

गंदरपुर में हवन में आहूतियां डालते भाजपा कार्यकर्ता।

गदरपुर में कार्यकर्ताओं ने किया हवन यज्ञ

गदरपुर। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता सोमवार को सनातन मंदिर पहुंचे। जहां पर महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हवन यज्ञ किया और उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, राजेश गुम्बर, नरेश हड़िया, पंकज सेतिया, अभिषेक वर्मा, ज्योति चुघ मौजूद रहे।

कार व ई-रिक्शा की भिड़ंत, चालक की मौत

पुलिस कर्मी समेत छह लोग घायल, ई-रिक्शा व कार क्षतिग्रस्त, मैस का सामान लेकर आ रहे थे आईआरबी जवान

हादसा

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: कार व ई-रिक्शा की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। इसमें ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई, जबकि उसमें सवार आईआरबी बैलपड़ाव के दो जवान व कार में सवार पुलिस कर्मी एवं उसकी पत्नी एवं दो बच्चों सहित छह लोग घायल हो गए।

बैलपड़ाव में स्थित आईआरबी प्रशिक्षण केंद्र में तैनात जवान हेड कांस्टेबल अभिनव (29) व कांस्टेबल मनोज प्रजापति (35) सोमवार को दोपहर बाद करीब ढाई बजे ई-रिक्शा में मैस का सामान लेकर बन्नाखेड़ा से आईआरबी प्रशिक्षण केंद्र जा रहे थे। बताया जाता है कि इसी बीच बन्नाखेड़ा-बैलपड़ाव मुख्यमार्ग पर बल्ली बन्नाखेड़ा के नजदीक तेज रफ्तार कार ने अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर लगते ही ई-रिक्शा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि कार सड़क किनारे जा घुसी। घटना में बुरी तरह घायल हुए ई-रिक्शा चालक बन्नाखेड़ा निवासी हरविंदर सिंह (24), आईआरबी के हेड कांस्टेबल अभिनव, कांस्टेबल भरत सिंह तथा कार में सवार 31-बटालियन पीएसी में तैनात कैलाश (36), पत्नी भावना पांडेय (34), बेटा श्रीयांश (6) एवं बेटी ईशानी (10) घायल हो गए जिन्हें सरकारी व निजी चिकित्सालयों में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने सभी को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। इनमें से ई-रिक्शा चालक हरविंदर सिंह ने काशीपुर के एक निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है।

बाजपुर में घटना स्थल के पास क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

हरविंदर सिंह।

श्रीयांश।

ईशानी।

कैलाश पांडेय।

स्कूटी फिसलने से सिपाही घायल

बाजपुर: मुख्यमार्ग पर स्कूटी अनियंत्रित होकर फिसलने से सिपाही घायल हो गया। सोमवार को दोराहा पुलिस चौकी में तैनात कांस्टेबल मनोज भाकुनी ड्यूटी के दौरान स्कूटी पर कोतवाली की ओर जा रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच मुख्यमार्ग पर इंटर कालेज मार्केट में बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अचानक ब्रेक लिए तो स्कूटी फिसल गई। इससे वह अनियंत्रित होकर स्कूटी समेत गिर गए। दौड़कर पहुंचे आसपास के लोगों व राहगीरों ने स्कूटी व सिपाही को उठाया। बाद में कांस्टेबल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उपचार देकर छुट्टी दे दी है।

तीन नेत्रों वाले विचित्र बछड़े को दिया जन्म

जसपुर: एक गाय ने तीन नेत्रों वाले विचित्र बछड़े को जन्म दिया है। इस बछड़े को देखने वालों का तांता लगा हुआ है। जसपुर के मोहल्ला भूप निवासी चरन सिंह की मोहल्ला जुलाहान स्थित पशु शाला में रविवार को उनकी गाय ने एक विचित्र बछड़े को जन्म दिया है। इस बछड़े के सिर पर एक गोलाकार कई किलो वजन की आकृति है। इसमें अल्प विकसित तीसरा नेत्र है। जब यह बछड़ा अपनी सामान्य आंखों को खोलने व बंद करने के लिए अपनी पलकों को चलता है तो उसकी उसके अल्प विकसित तीसरे नेत्र की पलक भी उन्हीं के साथ-साथ काम करने लगती हैं। जब से चरन सिंह की गाय ने इस विचित्र बछड़े को जन्म दिया है, तभी से उसे देखने के लिए लोगों का तांता लगा हुआ है। परिजन इस बछड़े को बोतल से दूध पिला रहे हैं क्योंकि यह बछड़ा बैठने और खड़ा होने में सक्षम नहीं है।

रुद्रपुर के बस चालक की यमुनानगर में मौत

संवाददाता, रुद्रपुर

- रविवार दोपहर लुधियाना के लिए निकला था चालक
- एक ही चालक के भेजने की है चर्चा, चालकों में भारी रोष

अमृत विचार: रुद्रपुर बस डिपो के रोडवेज चालक की यूपी यमुनानगर के समीप मौत हो गई।

रुद्रपुर निवासी रोडवेज बस चालक 56 वर्षीय रविंद्र कुमार रविवार की दोपहर बारह बजे रोडवेज बस को लेकर रुद्रपुर से लुधियाना के लिए निकला था। बताया जा रहा है कि गंगा स्नान होने के कारण बस चालक पांच घंटे हरिद्वार में फंसा रहा और पुनःआठ बजे लुधियाना पहुंचकर फिर रुद्रपुर के लिए निकला ही था कि सहारनपुर यूपी के समीप यमुनानगर के पास अचानक चालक रविंद्र की तबीयत बिगड़ी और कुछ देर बाद चालक की मौत हो गई। जबकि रोडवेज के विभागीय चालकों में चर्चा है कि चालक ने पहले एक होटल पर खाना खाया और जब तबीयत बिगड़ने का एहसास हुआ तो चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बस को हाईवे किनारे खड़ा कर दिया और मूर्छित होकर स्टेयरिंग पर ही गिर गया। चालकों का यह भी आरोप है कि नियमानुसार चौबीस घंटे से अधिक की यात्रा पर दो चालकों को भेजने की व्यवस्था है। बावजूद इसके चालक रविंद्र पर दबाव बनाकर अकेले ही भेजा गया। अत्यधिक थकान व गर्मी के कारण संभावतः चालक की हृदय गति रुकने से मौत हुई होगी। इसको लेकर चालकों में काफी रोष है।

> रविवार की दोपहर को रोडवेज बस चालक रविंद्र के साथ सतनाम नाम का चालक भी भेजा गया था और उस वक्त बस में महेश चंद्र परिचालक था। यूपी रोडवेज परिसर में ही चालक रविंद्र की तबीयत बिगड़ी और चालक की मौत होने की बात सामने आई है। बावजूद इसके विभाग अपने स्तर से मौत के कारणों और चालक के परिवार को हरसंभव सहयोग के लिए कटिबद्ध है। रोडवेज विभाग दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ा है। **-केएस राणा**, सहायक महाप्रबंधक रुद्रपुर डिपो।

मां पूर्णागिरि के श्रद्धालुओं की कारें टकराईं

दुखद

- टक्कर में पांच लोग घायल, बरी अंजनियां के पास हुआ हादसा
- फर्रूखाबाद से पहुंचे थे मां पूर्णागिरि के दर्शन करने

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: बरी अंजनियां गांव के पास दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में दोनों कारें पलट गईं और पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक कार से मां पूर्णागिरि के श्रद्धालु दर्शन कर लौट रहे थे जबकि दूसरी कार में जा रहे थे।

खटीमा के बरी अंजनिया में आमने-सामने की टक्कर में पलटी दो कारें।

फर्रूखाबाद उत्तर प्रदेश के श्रद्धालु मां पूर्णागिरी के दर्शन कर घर लौट रहे थे। वह पीलीभीत रोड पर स्थित बरी अंजनिया गांव के पास पहुंचे ही थे कि गड्ढों से बचने के प्रयास में सामने से आ रही कार से उनकी कार टकरा गई। इससे कार में बैठे लोगों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक कार में सवार श्रद्धालु मां पूर्णागिरि के दर्शन कर लौट रहे थे जबकि दूसरी कार में श्रद्धालु मां पूर्णागिरी के दर्शन को जा रहे थे। सूचना पर पहुंची 108 से घायलों को नागरिक अस्पताल लाया गया। हादसे में फर्रूखाबाद के कायमगंज निवासी अनिल, अर्चना, सुधाकर तथा फर्रूखाबाद निवासी निशा पाल और सूरज घायल हो गए। डॉ. सिमरनजीत सिंह बताया कि घायलों का उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

घरेलू विवाद के बाद महिला ने जहरीला पदार्थ खाया

बाजपुर: अज्ञात कारणों से महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। बताया जाता है कि पति-पत्नी में हुए घरेलू विवाद के बाद महिला ने यह कदम उठाया है। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सीता कालोनी निवासी उर्मिला (35) पत्नी जागन सिंह ने सोमवार को दोपहर में अज्ञात कारणों से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। वह गांव में ही कहीं जा रही थी और अचानक बेहोश होकर गिर गई। इसकी जानकारी मिलने पर परिजन दौड़कर पहुंचे जो पता चला कि उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है। आनन-फानन में महिला को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

स्वयं सुरक्षा अभियान से जुड़े फाजिलनगर के विधायक

पंतनगर: भारतीय सेना के वीर जवानों के सम्मान में चलाए जा रहे स्वयं सुरक्षा अभियान से प्रभावित होकर फाजिलनगर (यूपी) के विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा ने अपने बैंक खाते से एक रुपये प्रतिदिन समर्पित किया है। रविवार की शाम कुशवाहा अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष रजनीश पांडे के पंतनगर आवास पर पहुंचे और अभियान के बारे में जानकारी ली। इस दौरान शेर सिंह, अनिल यादव, पिंकी डिमरी, अलकेश, अशोक गुप्ता, दीपक शुक्ला, लक्ष्मी डिमरी, रघुनंदन व अंजेश आदि मौजूद थे।

विधायक सुरेंद्र कुशवाहा को जानकारी देते स्वयं सुरक्षा अभियान के अध्यक्ष रजनीश पांडे।

नशे में उत्पात मचा रही महिला को अस्पताल पहुंचाया

बाजपुर: शराब के नशे में केशोवाला में उत्पात मचा रही महिला को लोगों की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। बताया गया कि महिला किच्छा की रहने वाली है, जोकि बाजपुर में अपनी रिश्तेदारी में आई थी। सोमवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि केशोवाला मोड़ पर एक महिला काफी देर से उत्पात मचा रही है। उसने अत्यधिक शराब का सेवन कर रखा है। इस पर दो पुलिस कर्मी तत्काल मौके पर पहुंच गए और महिला को स्थानीय लोगों की मदद से उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। नशे की हालत में गिरने से उसके मुंह पर चोट लग गई थी।

धर्म दर्शन

सृजनकर्ता की आत्माभिव्यक्ति है सृष्टि

पद्य को भी जब गान विद्या से जोड़ा गया तो भावना का प्रवाह अधिक पूर्णता से खुला। इस प्रकार जब वेद के पद्यबद्ध मंत्रों को गान विद्या से अनुपूरित किया गया तो सामवेद बन गया। मानवीय क्षमता के अंतर्गत ज्ञान और भावना का सर्वोत्कृष्ट संयोग होने से इसे सर्वश्रेष्ठ प्रयोग कहना सर्वथा सार्थक है।

सृष्टि सृजनकर्ता की आत्माभिव्यक्ति ही तो है। परमात्मा द्वारा रची गई सृष्टि भी भावमय ही है। मन की कल्पनाओं, बुद्धि के विचारों और कर्म की हलचलों के ताने-बाने भावनाओं के आधार पर ही बनते-बदलते रहते हैं। जिस तरह की भाव तरंगें हम विश्व चेतना में छोड़ते हैं, उसी के अनुरूप भाव तरंगे किसी न किसी माध्यम से हम तक वापस पहुंचती रहती हैं। इस प्रकार के मनोवैज्ञानिक प्रयोग लॉरेंस डी वैलेस सहित अनेक विद्वानों द्वारा किए जा चुके हैं। भावों को उभारने और संप्रेषित करने में गायन का महत्व हमेशा से रहा है और आज भी है।

वेद ने भी इसीलिए उसका उपयोग विशेषज्ञता के साथ किया है। अभिव्यक्ति के तीन माध्यमों गद्य, पद्य और गायन में गायन को भाव-विद्या में सबसे अग्रणी देखकर उसे विशेष महत्व दिया गया। यजुर्वेद में जो पदबद्ध मंत्र ऋग्वेद व अथर्ववेद से लिए गए हैं, वे पद्य के समान नहीं बोले जाते, बल्कि गद्य के समान बोले जाते हैं। वे ही मंत्र यजुर्वेद के अलावा अन्य तीन वेदों में पद्य के रूप में बोले जाते हैं। सामवेद में पद्य के साथ गायन संबद्ध है। गायन से पीड़ित हृदय को शांति और संतोष मिलता है। इससे मनुष्य की सृजन शक्ति का विकास और आत्मिक प्रफुल्लता बढ़ती है। गायन की अमूल्य निधि देकर परमात्मा ने मनुष्य की पीड़ा को कम किया है, मानवीय गुणों में प्रेम और प्रसन्नता को बढ़ाया है।

संगीत के दृश्य-अदृश्य प्रभावों के अनुसंधान में रत ऋषियों को ऐसी चमत्कारी सिद्धियां और अध्यात्म का इतना विशाल क्षेत्र उपलब्ध हुआ जिसका वर्णन करने के लिए एक पृथक वेद सामवेद की रचना करनी पड़ी। सामवेद में भगवान की संगीत शक्ति के ऐसे रहस्य प्रतिपादित और पिरोए हुए हैं जिनका अवगाहन कर मनुष्य अपनी आत्मिक शक्तियों को तुच्छ से महान, सूक्ष्म से विराट बना सकता है- विश्वात्मा से मिल सकता है। संगीत आत्मा की उन्नति का सबसे अच्छा साधन है।

इसलिए हमेशा वाद्य-यंत्र के साथ गायन किया जाता है। गायन में शरीर, मन व आत्मा तीनों को बलवान बनाने वाले तत्व पूर्ण मात्रा मे विद्यमान हैं। यही कारण है कि ऋषियों ने सामवेद में विशिष्ट मंत्रों का संकलन कर गायन की पद्धति विकसित की। आधुनिक विद्वान भी इस तथ्य को स्वीकार करने लगे हैं कि समस्त स्वर, ताल, लय, छंद, गति, मंत्र, स्वर-चिकित्सा, राग, नृत्य, मुद्रा भाव आदि सामवेद से ही निकले हैं। वैदिक काल में इस विज्ञान के ज्ञाता ऋषियों ने मंत्र गायन, भाव मुद्राओं और रसानुभूति के आधार पर अपने अंतराल में दबी हुई शक्तियों को जगाया और संपर्क में आने वाले प्राणिमात्र की व्यथा वेदना का भी हरण किया।


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

विष्णु की मानस पुत्री सरयू

एक कथा के अनुसार वैवस्वत मनु ने बाण प्रहार कर जल धारा का मार्ग प्रशस्त किया था। इस कथानक में सरयू की उत्पत्ति का श्रेय पराक्रमी वैवस्वत महाराज को दिया गया है, जैसे पतित पावनी गंगा को धरती पर लाने का श्रेय, इसी वंश के महाराज भगीरथ को दिया जाता है। अन्यत्र भगवान श्रीहरि विष्णु की मानस पुत्री सरयू को मानसरोवर से लाने का श्रेय ब्रह्मर्षि वसिष्ठ जी को दिया गया है।

यह कम आश्चर्यजनक नहीं है कि भगवान विष्णु की मानस पुत्री तथा श्रीहरि विष्णु के दशावतारों (मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह, वामन, परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध, और कल्कि) में सातवें श्रीराम की मोक्षदायिनी 'रामप्रिया' सरयू के पवित्र जल को मंदिरों मे क्यों नहीं चढ़ाया जाता है? वर्तमान शासन का यह निर्णय सराहनीय है कि अयोध्या के श्रीरामलला के मंदिर में भक्त जन एक साथ श्रीहरि के दशावतारों की छवि का भी दर्शन कर सकेंगे। पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की सरयू में जलसमाधि से घोर अप्रसन्न, आशुतोष भगवान शिव शंकर ने सरयू को शाप दिया था कि उसका जल किसी भी मंदिर में नहीं चढ़ाया जाएगा एवं न हीं किसी मांगलिक कार्य में ही प्रयुक्त किया जाएगा। सरयू के द्वारा प्रभु राम की इच्छा के विपरीत, उनको अपने भीतर जल समाधि को रोकने की असमर्थता व्यक्त करने पर आशुतोष (शीघ्र ही संतुष्ट हो जाने वाले) भगवान शिव ने अपने शाप की पूर्ण समाप्ति के स्थान पर उसे संशोधित कर दिया। तद्नुसार सरयूमाता की बार-बार विनती से प्रसन्न भगवान शिव ने अपने शाप की पूर्ण समाप्ति के स्थान पर यह संशोधन कर दिया कि, तुम्हारे जल का उपयोग पूजन सहित मांगलिक कार्यों में भले ही न किया जाए, लेकिन तुम्हारे पवित्र जल में स्नान पर लोगों के सभी पाप समूल नष्ट हो जाएंगे।

कुछ मनीषियों का मानना है कि चूंकि सरयू पार वाम भाग में महाराज दशरथ द्वारा भ्रमवश, अपने अंधे माता-पिता के अनन्य भक्त वैश्यवंशीय श्रवण कुमार की हत्या हो गई थी और पुत्र हीन अंधे माता-पिता के शाप से राजा दशरथ को भी पुत्र वियोग में मरना पड़ा था। इस कांड मे कल-कल निनादिनी सरयू के शोर से उत्पन्न भ्रम के कारण पानी भरते घड़े की ध्वनि को हिंसक पशु के भ्रम में निर्दोष श्रवण कुमार की हत्या हो गई थी। ऐसी स्थिति में सरयू की पवित्रता सिद्ध करने के उद्देश्य से भी अपने भाइयों सहित सरयू में जल-समाधि ली थी।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

वर्ग पहेली-104

बाएं से दाएं

1.1. ईरान देश की भाषा 2. भारोपीय परिवार की एक भाषा जिसकी लिपि अरबी से मिलती-जुलती है।

3. (इस्लाम धर्म) शैतान या दुष्ट आत्माओं को भगाने के लिए प्रयोग किया जाने वाला एक शब्द

5.1. विजय, जीत 2. कामयाबी, सफलता 3. चुनाव

8. ढोल अथवा नगाड़े की आवाज़।

9.1. किसी कार्य विशेष के लिए अलग किया हुआ 2. विशिष्ट; ख़ास 3. प्रमुख, प्रधान।

ऊपर से नीचे

2.1. वह जो घोड़े पर मुख्य सवार के पीछे बैठता है 2. ग़ज़लों आदि में प्रत्येक काफ़िए के बाद आने वाला शब्द 3. पीछे की ओर रहने वाली सेना।

4.1. कोलाहल, बावेला, कोहराम 2. बहुत सारे लोगों द्वारा एक साथ किया जाने वाला रुदन, रोना-पीटना, विलाप, मातम 3. किसी विपत्ति के समय होने वाली भागदौड़, हलचल।

6.1. जो मूढ़ या मूर्ख हो 2. नासमझ 3. मूढ़बुद्धि, अज्ञानी।

7.1. घोड़े के नियंत्रण के लिए उसके मुंह में लगाई जाने वाली वह पट्टी जिसके दोनों ओर रस्से या चमड़े के तस्मे बंधे रहते हैं, रास, बाग 2. बागडोर, कमान 3. अंकुश, बहिला



वर्ग पहेली-103 का हल

	1 फू			2 मं	च	
3 मू	ल	भू	4 त			5 ऑं
	बा		ह		6 सी	ख
	ग		री			मि
7 ली		8 क	री	ना		चौ
9 ड	का	र				ली
र		10 वा	म	पं	थी	

सुडोकू-17

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

3				8		9		
	8				6			
1		9			2			4
	7		8	5			4	9
5		3				2		8
6	9			4	1		3	
4			9			8		1
			3				6	
		5		7				2

सुडोकू - 16 का हल

1	5	3	7	4	8	6	9	2
7	6	2	1	9	3	5	8	4
8	4	9	6	5	2	3	7	1
3	7	1	9	8	6	2	4	5
2	8	4	5	3	1	9	6	7
5	9	6	4	2	7	8	1	3
6	3	5	8	1	4	7	2	9
9	1	7	2	6	5	4	3	8
4	2	8	3	7	9	1	5	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 18 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी-06.24 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 15.56 तक तत्पश्चात विशाखा।

मेष: आज का दिन आपके लिए काफी अच्छा रहेगा। जॉब में उन्नति होगी। वैवाहिक जीवन सुख से भरपूर होगा। आपकी वाणी से लोग प्रभावित रहेंगे। शेयर मार्केट के माध्यम से आप धन लाभ ले सकते हैं। परिवार का माहौल काफी अच्छा रहेगा।

वृष: आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यावसायिक मामलों में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है। उच्चाधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। कानूनी मामलों का निराकरण होने के योग बन रहे हैं। आज आप उधार वापस लौटा पाने की स्थिति में रहेंगे।

मिथुन: आज आपको मित्रों से अपेक्षित सहयोग प्राप्त होगा। उच्च शिक्षा के लिए विदेशी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश ले सकते हैं। प्रतिद्वन्दी आपको परेशान करने का प्रयास करेंगे। सन्तान की गतिविधियों पर नजर रखें। गूढ़ विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे।

कर्क: आज परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ेगा। आपके ऊपर अच्छे प्रदर्शन का दबाव हो सकता है। धैर्यवान होकर कार्य करें। माता की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में धन की कमी को लेकर समस्या हो सकती है।

सिंह: आज कानूनी मामलों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी कार्यशैली में व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मैनेजमेन्ट से जुड़ी परेशानियों का निवारण होगा। नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। आपके प्रति सम्मान भाव बढ़ेगा।

कन्या: आज अधिकारियों के साथ बहसबाजी से दूर रहें। कुछ लोग आपके स्वाभिमान को चोट पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। यात्रा के दौरान आपको असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा। सरकारी कार्यों को लेकर ज्यादा आशावादी न रहें।

तुला: आज का दिन आपके लिए विशेष शुभ रहेगा। परिस्थितियां आपके लिए अनुकूल रहेंगी। नई जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। गुप्त शत्रुओं को लेकर सावधान रहें।

वृश्चिक: आज आपको प्रतिज्ञा अथवा वचन देने से बचना चाहिए। प्रेमी जन के साथ रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं। व्यवसाय में अनुबंध को लेकर सावधानी रखें। पुराना रोग वापस लौट कर आ सकता है। शुगर के रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए।

धनु: आज कानूनी मामलों में सफलता मिलने की संभावना है। जॉब में प्रमोशन मिलने के योग बन रहे हैं। उच्च अधिकारी आपके काम की प्रशन्सा करेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर धन खर्च होगा। पेट में गैस की शिकायत हो सकती है। खानपान में शुद्धता का ध्यान रखें।

मकर: आज जीवनसाथी के साथ आप काफी अच्छा समय बितायेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। अपनी उन्नति से आप काफी सन्तुष्ट रहेंगे। संतान आपके प्रति आज्ञाकारी रहेगी। अध्यापन क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान मिलेगा।

कुंभ: आज सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। अधिकारी वर्ग के लोगों से साथ संबंध मधुर होंगे। कई दिनों से रुके हुए कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है। मूल्यवान वस्तुओं को संभालकर रखें। घर के बुजुर्ग सदस्यों के साथ आपकी चर्चा होगी।

मीन: आज आपको कुछ लोग धोखा देने की कोशिश कर सकते हैं। आर्थिक मामलों को लेकर एकतरफा विश्वास किसी पर न करें। सरकारी नियमों का कड़ाई पूर्वक पालन करें। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का मन पढ़ाई से भटक सकता है।

आज की फिल्में

B4U Movies
संसार
सुबह: 08.40
ऊंचाई
रात: 09.12

&pictures
ग्रेट ग्रैंड मस्ती
सुबह: 11.10
फैमिली एक डील
रात: 08.00

Sony Pix
वंडर वुमन
सुबह: 11.02
पैनिक रूम
रात: 07.04

Zee Cinema
सूर्यवंशी
सुबह: 11.58
गदर 2
रात: 08.00

Colors Cineplex
कसम
सुबह: 09.13
राकी और रानी की प्रेम कहानी
शाम: 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात: 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- तुमने कभी मुझे सोना, हीरा, मोती गिफ्ट नहीं दिया
पति ने एक मुट्ठी मिट्टी उठाकर हाथ में दे दी।
पत्नी- यह क्या है?
पति- मेरे देश की धरती सोना उगले... उगले हीरे मोती... मेरे देश की धरती।
पत्नी गुस्से से पति को घूरने लगी।

रमेश- तुम्हें मेरे अंदर सबसे अच्छी बात क्या लगती है?
पिंकी- लोग समय के साथ बदल जाते हैं लेकिन तुम नहीं बदले,
रमेश- वह कैसे?
लड़की- जब मैं तुमसे मिली थी तब भी बेरोजगार थे और आज भी बेरोजगार हो।

विद्याभ्यास स्तपो ज्ञानमिन्द्रियाणां च संयमः।
अहिंसा गुरुसेवा च निःश्रेयसकरं परम्॥

विद्याभ्यास, तपस्या, ज्ञान और इंद्रियों के संयम के माध्यम से विद्या प्राप्त की जा सकती है। अहिंसा और गुरु की सेवा ही सर्वोत्तम कार्य है।

संपादकीय

रेलवे सुरक्षा का मुद्दा

पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी जिले में सोमवार को न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के समीप हुई ट्रेन दुर्घटना के बाद भारतीय रेलवे सुरक्षा का मुद्दा जांच के दायरे में आ गया है। इस दुर्घटना ने भारतीय रेलवे प्रणाली के भीतर सुरक्षा उपायों में खामियों के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। रेल हादसे में एक मालगाड़ी ने कंचनजंघा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना के कारण एक्सप्रेस ट्रेन के पिछले के चार डिब्बे और कंटेनर ट्रेन के डिब्बे पटरी से उतर गए। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए और घायल हुए। शुरुआती संकेत से पता चलता है कि यह सिग्नल की अनदेखी का मामला है। मानवीय त्रुटियों के परिणामस्वरूप गलत सिग्नलिंग, दोषपूर्ण संचार, अत्यधिक गति अथवा दोषों या खतरों को अनदेखा करने की स्थिति बन सकती है। रेलवे कर्मचारियों में पर्याप्त प्रशिक्षण और संचार कौशल का भी अभाव पाया जाता है, जो उनके प्रदर्शन और समन्वय क्षमता को प्रभावित करता है। मानवीय त्रुटियों को कम करने के लिए रेलवे कर्मचारियों को नवीनतम तकनीकों, उपकरणों, प्रणालियों, सुरक्षा नियमों और प्रक्रियाओं के संबंध में नियमित एवं व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए। इस घटना ने यह सुनिश्चित करने के महत्व की ओर ध्यान आकर्षित किया है कि भारतीय रेलवे उन सभी के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद हो जो इसका उपयोग करते हैं। ट्रेन को आपस में टकराने से बचाने के लिए भारत ने स्वदेशी कवच सिस्टम बनाया है। कवच भारतीय उद्योग के सहयोग से अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है।

यह कार्यात्मक कवच प्रणालियों से लैस दो इंजनों के बीच टकराव को रोकता है। एक बार सिस्टम सक्रिय हो जाने के बाद पांच किलोमीटर की सीमा के भीतर सभी ट्रेनें आसन्न पटरियों पर ट्रेनों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए रुकेंगी। कवच प्रणाली से रेल पटरियों पर ट्रेनों की टक्कर जैसी दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी। योजना के अनुसार कवच प्रणाली को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। भारतीय रेलवे विश्व के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक है, जहां लाखों लोग प्रति दिन परिवहन के लिए इस पर निर्भर करते हैं। हादसे में यात्रियों व रेलकर्मी की मौत ने ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा तंत्रों की ओर ध्यान आकर्षित किया है। भारतीय रेलवे में सभी स्तरों पर सुरक्षा के महत्व पर जोर देकर सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा दिया जाए। साथ ही रेलवे संचालन के हर पहलू में सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी की भावना पैदा करें।

अनियमितताओं की वेदी पर युवाओं का भविष्य

जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

प्रतियोगी परीक्षाओं में भी पूरे देश में रिकार्ड अनियमितताएं देखने को मिलती हैं। वर्ष 2013 में एसएससी पेपर लीक प्रकरण के कारण परीक्षा को ही निरस्त कर दिया गया था। वर्ष 2014 में, मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान बड़े पैमाने पर पेपर लीक की सूचना मिली थी।

युवा राष्ट्र के मेरुदंड हैं। बीते वर्ष यही युवा वर्ग उत्तराखंड में पेपर लीक प्रकरणों के विरुद्ध मुखर हुआ था, कुछ माह पूर्व यही युवा वर्ग लखनऊ में उत्तर प्रदेश सब इंस्पेक्टर परीक्षा धांधली के विरोध में अपने अधिकारों के लिए मुखर हो रहा था। ज्यादा समय नहीं बीता है जब यही युवा बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा के लीक प्रश्नपत्र के लिए भी मुखरित हुआ था। व्यापम घोटाले के सामने आने पर भी यही युवा मुखरित हुआ था और आज फिर से भारत में प्रतिवर्ष सबसे ज्यादा उम्मीदवार जिस परीक्षा में बैठते है उस नीट (यूजी) के संदर्भ में भी यही परिस्थितियां निर्मित हो रही हैं, लेकिन इन सबके बीच एक सकारात्मक बात यह है कि वर्तमान भारत के युवाओं ने प्रतिरोध के रास्तों को बखूबी समझा है और आज का युवा सड़कों में हल्लाबोल और विरोध प्रदर्शन से अधिक अदालती कार्यवाही के माध्यम से न्याय की तरफ आगे बढ़ता दिख रहा है।

देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा एनईईटी-यूजी परीक्षा आयोजित की जाती है। इस वर्ष लगभग 4750 सेंटर्स में 23 लाख बच्चे मेडिकल क्षेत्र में जाने के लिए इस परीक्षा में उपस्थित हुए। इस परीक्षा का परिणाम वैसे तो 14 जून को प्रस्तावित था लेकिन जब पूरा देश चुनावों के रुझानों को देखने में व्यस्त था उसी समय इस परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। परीक्षा परिणामों में अनियमितताएं देखी गई। विभिन्न उच्च न्यायालयों में अनेक रिट इस संदर्भ में दायर ही चुकी हैं। इस संदर्भ में निम्नलिखित अनियमितताएं देखी जा रही हैं।

नीट के प्रश्न पत्र में 180 प्रश्न होते हैं, जिसमें एक प्रश्न के लिए प्रत्येक सही उत्तर का भार 4 अंक होता है, इसलिए कुल अंक 720 होते हैं। गलत उत्तरों के लिए 4 अंक काट लिए जाते हैं। नीट परीक्षा के परिणाम आने के बाद यह देखने को मिला कि कुछ बच्चों को 720 में से 718 और 719 नंबर मिले हैं जो कि किसी भी तरह संभव नहीं है और इन्हीं पर सवाल उठने के बाद एनटीए ने ग्रेस मार्क्स देने की बात मानी थी। बिना किसी

देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा एनईईटी–यूजी परीक्षा आयोजित की जाती है। इस वर्ष लगभग 4750 सेंटर्स में 23 लाख बच्चे मेडिकल क्षेत्र में जाने के लिए इस परीक्षा में उपस्थित हुए।

पूर्व सूचना के ग्रेस मार्क्स देने की यह परंपरा अपने आप में ऐतिहासिक थी। अभी तक प्राप्त सूचना अनुसार नीट परीक्षा में बैठने वाले 1563 छात्रों को इस बार ग्रेस मार्क्स मिले हैं। एनटीए पर जब सवाल उठे तो उसने यह माना कि इस बार उसने छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए हैं क्योंकि कई जगह एग्जाम देरी से शुरू हुआ था। जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो एनटीए ने यह मान लिया कि ग्रेस मार्क्स देना गलत था। पहले यह विवाद केवल ग्रेस मार्क्स प्रदान करने तक सीमित था लेकिन बिहार और गुजरात पुलिस ने एक ऐसे घोटाले का खुलासा किया जिसके कारण आज पेपर लीक की संभावनाओं को भी बल मिला है।

तीसरा महत्वपूर्ण बिंदु सेंटर हाईजैकिंग का है। इस वर्ष कुल 67 बच्चों के 720 में से 720 अंक आए हैं। आज तक के मेडिकल परीक्षा के इतिहास में यह पहला ऐसा क्षण है। हरियाणा के बहादुरगढ़ में स्थित हरदयाल पब्लिक स्कूल में 6 बच्चों को 720 में से 720 अंक प्राप्त हुए हैं। ये ऐसे बच्चे हैं जिनको परीक्षा व्यवस्थाओं में कमी के चलते ग्रेस मार्क्स दिए गए। एक ही सेंटर और उसमें भी एक ही कक्षा से इस तरह का परिणाम अप्रत्याशित है वहीं गुजरात के गोधरा के जलाराम स्कूल में नीट का एग्जामिनेशन सेंटर में 30 छात्रों को गलत तरीके से एग्जाम दिलवाने के आरोप सिद्ध होते जा रहे हैं। खास बात यह है कि इस सेंटर में गुजरात के लोकल स्टूडेंट्स के अलावा महाराष्ट्र, उड़ीसा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों से भी स्टूडेंट्स आए थे। अपने प्रदेश को छोड़कर गुजरात के गोधरा के इस सेंटर में जाकर परीक्षा देने की बात भी संदेह पैदा करने वाली है। ऐसा नहीं है कि भारत में इस तरह की घटनाएं पहली बार सामने आ रही हैं। अक्टूबर 2014 में, पेपर लीक की रिपोर्ट सामने आने के बाद महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट (एचएससी) परीक्षा का भौतिकी का पेपर रद करना पड़ा। बोर्ड ने परीक्षा को बाद की तारीख के लिए पुनर्निर्धारित किया। अप्रैल 2016 में, कर्नाटक माध्यमिक शिक्षा परीक्षा बोर्ड (केएसईईबी) ने पेपर लीक की रिपोर्ट सामने आने के बाद विज्ञान का पेपर रद कर दिया।

मार्च 2017 में, बड़े पैमाने पर नकल और पेपर लीक की रिपोर्ट के बाद बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड ने कला, विज्ञान और वाणिज्य स्ट्रीम के लिए इंटरमीडिएट परीक्षा रद कर दी। वर्ष 2018 में, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं कक्षा की अर्थशास्त्र परीक्षा के दौरान एक पेपर लीक की सूचना मिली थी, जिससे देश भर में 15 लाख से अधिक छात्र प्रभावित हुए थे। वर्ष 2019 में, सोशल मीडिया पर प्रश्न पत्र लीक होने के कारण नागालैंड बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन (एनबीएसई) को अंग्रेजी और वैकल्पिक अंग्रेजी के लिए कक्षा 12 की परीक्षा बीच में ही रद करनी पड़ी थी।

प्रतियोगी परीक्षाओं में भी पूरे देश में रिकार्ड अनियमितताएं देखने को मिलती हैं। वर्ष 2013 में एसएससी पेपर लीक प्रकरण के कारण परीक्षा को ही निरस्त कर दिया गया था। वर्ष 2014 में, मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान बड़े पैमाने पर पेपर लीक की सूचना मिली थी। वर्ष 2015 में, दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड परीक्षा के दौरान पेपर लीक की सूचना मिली थी, जिसके कारण परीक्षा रद कर दी गई और परीक्षा को पुनर्निर्धारित किया गया। वर्ष 2015 में, असम लोक सेवा आयोग (एपीएससी) पेपर लीक प्रकरण सामने आया था। वर्ष 2016 में, नागालैंड सिविल सेवा परीक्षा के दौरान बड़े पैमाने पर पेपर लीक हुआ, जिसके कारण व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ और दोबारा परीक्षा की मांग की गई। फरवरी 2018 में, कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) संयुक्त स्नातक स्तर (सीजीएल) परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों से हिल गया था, विवाद के कारण अंततः परीक्षा रद कर दी गई और पुनर्निर्धारित की गई। सितंबर 2018 में, पेपर लीक की रिपोर्ट के बाद तेलंगाना राज्य स्तरीय पुलिस भर्ती बोर्ड ने कांस्टेबल पद के लिए परीक्षा रद कर दी।

दिसंबर 2018 में ही पेपर लीक की रिपोर्ट के बाद हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) ने कांस्टेबल पद के लिए परीक्षा रद कर दी। मार्च 2018 में, कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने पेपर लीक और ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली में तकनीकी गड़बड़ियों की रिपोर्ट के बाद संयुक्त स्नातक स्तर (सीजीएल) की टियर-1 परीक्षा रद कर दी थी।

उत्तराखंड में तो एक पूरी श्रृंखला पेपर लीक प्रकरणों से संबंधित हमारे सामने आई। ऐसे अनेक उद्धरण शोध करने पर हमको अभी और मिल सकते हैं जिन्होंने युवाओं की मानसिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर कुठराघात किया है।

ऐसा नहीं है कि अतीत की प्रश्नपत्र लीक होने वाली घटनाओं से सीख नहीं ली गई है। फिर भी आज वह समय आ गया है कि इस विषय पर जन पटल पर परिचर्चा हो कि परीक्षा केंद्रों को किन आधारों पर संबद्ध किया जाता है? किन आधारों पर ऐसे परीक्षाकेंद्र संबद्ध हो जाते हैं जहां अलग कमरे में बैठा के पेपर लीक कराया जाता है? किन आधारों पर एक राज्य में प्रतिबंधित एजेंसी को दूसरे राज्य में परीक्षा आयोजित करने की अनुमति मिल जाती है? किन आधारों पर ऐसे परीक्षा केंद्रों को संबद्ध किया जाता है जहां बाहर से परीक्षा देने आए छात्रों के बैग रखने और चिलचिलाती गर्मी में पंखे तक की व्यवस्था नहीं होती?

किन आधारों पर ऐसे केंद्रों को परीक्षा केंद्र बनाया जाता है जहां स्नातक डिग्री के आधार पर परीक्षा दे रहा छात्र कक्षा 5 में पढ़ने वाले बच्चे के टेबल-कुर्सी में बैठकर परीक्षा देता है? 2 घंटे की परीक्षा में जहां दशमलव का भी महत्व होता है वहां इन भौतिक कमियों को आज के समय में तो हम दरकिनार कर ही नहीं सकते। इन प्रश्नों के उत्तर खोजने के क्रम में उत्तरदायी लोगों पर कड़ी कार्रवाई हो और सीबीआई जांच द्वारा ऐसे कृत्यों के सच को सामने लाया जाए।

प्रसंगवश

लड़ाई या परस्पर व्यक्तियों का द्वंद्व

आजकल बड़ी चर्चा है कि आरएसएस भाजपा से नाराज है। हालांकि इस नाराजगी का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण करना होगा कि यह एक संगठन के भीतर आनुषंगिक संगठनों की लड़ाई है या यह व्यक्तियों का परस्पर का द्वंद्व है। दरअसल, नवउदारवादी शक्तियां बड़ी ही होशियार होती हैं। वे आपस में ही प्रतिपक्ष बन जाती हैं और खूब शोरगुल मचाती हैं और इस प्रक्रिया में वास्तविक प्रतिपक्ष को, उसके सवालों को नेपथ्य में धकेल देती हैं। लोगबाग समझते हैं कि देखो, मोदी के अहंकार को कोस रहे हैं। फलां जी, भाजपा को सुधरने की नसीहत दे रहे हैं, अजित पवार जैसे भ्रष्टाचार के आरोपियों और शिंदे जैसे अवसरवादियों से पींगे बढ़ाने पर भी सर जी बेहद नाराज हैं। और हां, भाजपा के वाशिंग मशीन बनने पर भी नाराजगी जताई है उन्होंने। लो जी, जो सवाल दूसरे लोग उठाते वे घर में ही उठने लगे तो जनता का ध्यान घर के आपसी विवाद पर ही अधिक जाने लगा। परिचर्चा करने वाले पत्रकार बंधुओं को भी मसालों की नई छौंक मिली। यह सवाल अपनी जगह रह गया कि भ्रष्टाचार के आरोपियों को खुद में शामिल कर उन्हें एजेंसियों से राहत दिलवा देना, बहुधा क्लीन चिट दिलवा देना इस देश की न्याय व्यवस्था और जनता से कितना क्रूर मजाक है। पक्ष और प्रतिपक्ष में क्या तलाशना, घर में ही नायक,

डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

प्रतिनायक, खलनायक आदि की पहचान कर लो और माफ कर दो उस घर को।

कौन नहीं जानता कि आरएसएस, जो कभी सांस्कृतिक सवालों को लेकर आगे बढ़ा था, समय के साथ कॉरपोरेट नेशनलिज्म का पहरुआ बन गया?

जेपी नड्डा ने चुनाव के पहले जो कहा वह भी इसी मनोविज्ञान से प्रेरित है जिसका स्पष्ट लब्बोलुबाब यही था कि मोदी शाह की जोड़ी सक्षम है, हर चुनौती को झेलने के लिए। तब किसी की बोली नहीं फूटी। जब चुनौतियों के सामने यह जोड़ी कुछ निस्तेज नजर आने लगी तो एकबारगी कई स्वर फूटने लगे। राजनीति बड़ी ही उलझी हुई चीज है। वह भी तब, जब यह कारपोरेट शक्तियों की दासी बन जाए और उन शक्तियों के भी आपसी हित भीतर ही भीतर टकराने लग जाएं।

सरकार के सामने मुख्य चुनौतियां

जनसंख्या विस्फोट से देश के सामने विभिन्न क्षेत्रों में मूलभूत समस्याओं से मुक्ति पाना वर्तमान की सरकारों के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। जनसंख्या विस्फोट के कारण देश में मानवीय गतिविधियों के बढ़ने से पर्यावरण प्रदूषण, जल प्रदूषण, तापमान वृद्धि, बेरोजगारी, मंहगाई आदि समस्यायें प्रतिदिन- प्रतिवर्ष बढ़ते जा रही हैं। जनसंख्या के परिणाम स्वरूप प्राकृतिक संसाधनों के अभाव के साथ कृत्रिम संसाधनों की ओर बढ़ने से देश में विभिन्न समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

लगातार प्राकृतिक/खनिज/ भूमि संपदाओं के दोहन से, कृषि योग्य भूमि के कटान से, सीमेंट-डामर आदि के प्रयोग से भौतिक सुविधाओं के निमित्त पेड़-पौधों के कर्तन से लगातार तापमान वृद्धि हो रही है, सशक्त कानून न होने से घर-कार्यालय-गाड़ियों में एयरकंडीशन के बढ़ते प्रयोग से तथा वनों में लगने वाली आग के कारण 50 डिग्री से ऊपर तापमान पहुंच चुका है, सैकड़ों लोग गर्मी की चपेट में आने से अकाल मृत्यु को प्राप्त कर चुके हैं जो चिंताजनक विषय बन चुका है।

तापमान वृद्धि को रोकने के लिए, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण पर सशक्त कानून बनाना, सड़क मार्ग बनाने में कटने वाले पेड़ों के स्थान पर उतने ही पेड़ों का सड़क किनारे पालन पोषण करने के लिए टेंडर जारी करते वक्त ही ठेकेदार या संबंधित विभाग की जिम्मेदारी निश्चित करने के लिए सरकार की गारंटी के अधीन लाना ही होगा।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में अटल आयुष्मान योजना का उचित क्रियान्वयन न होने से निर्धन-

डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

आज भी देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को यदि प्रति माह राशन देना पड़ रहा है तो यह देश की आत्मनिर्भरता एवं कुशलता का द्योतक नहीं है।

असहाय व्यक्ति अपमानित और शोषित होने की खबरें मिलती रहती हैं जिसके लिए भी संबंधित विभाग को जवाबदेह बनाने की आवश्यकता है।

देश में बढ़ती हुई बेरोजगारी एक बहुत बड़ा मुद्दा एवं समस्या है जिसको हर युवा वर्ग अनुभव करते आया है इसको देखते हुए एवं समान वितरण को बढ़ाने के लिए नव गठित सरकार को विशेष उपाय करने होंगे। आज देश में बढ़ रही आर्थिक असमानता भी भविष्य के लिए एक समस्या के रूप में सामने है।

आज भी देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को यदि प्रति माह राशन देना पड़ रहा है तो यह देश की आत्मनिर्भरता एवं कुशलता का द्योतक नहीं है। निःशुल्क राशन से वह आत्मनिर्भर के स्थान पर पूर्णतः सरकार पर निर्भर हो गया और जिस कारण बंजर पड़ गए खेतों से देश के सकल घरेलू उत्पाद में बहुत बड़ा नुक़सान होना और व्यापक राजस्व घाटा होना सर्वविदित है। गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने के निमित्त कुछ प्रतिमाह धनराशि देना उचित माना जा सकता है।

बिगड़ती हुई अर्थव्यवस्था में राजनेताओं एवं देश के उच्च पदों में पदासीन जनों के विभिन्न भोग विलासितापूर्ण खर्चों को सीमित करना भी सरकार की एक सकारात्मक पहल के साथ अभिनव पहल होनी चाहिए।

किसानों की उत्पादित वस्तुओं के उचित मूल्य प्राप्ति के लिए मजबूत कानून बनाना। सब्जी, फल, अनाज आदि का एमएसपी निर्धारित करना भी नवगठित सरकार की सर्वोच्च भूमिका में होना चाहिए। राजनेताओं को एवं उनके पारिवारिक सदस्यों को मिलने वाली सुविधायें और जितनी बार विधायक-सांसद बने उतनी बार की पेंशन योजना भी इस देश के लिए अभिशाप है इसमें भी मोदी सरकार को कानून बनाना चाहिए और सरकारी कर्मचारियों के बुढ़ापे को देखते हुए पुरानी पेंशन के विषय में भी विचार करना चाहिए।

सरकारी कामों में तथा सांसद-विधायक निधियों के अप्रत्यक्ष भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए कड़े कानूनों की आवश्यकता है केवल पांच वर्ष में ही एक जनप्रतिनिधि की आय-संपत्ति पचास- सौ गुना बढ़ जाना इस भ्रष्ट तंत्र का परिचायक है। संबंधित जनप्रतिनिधि की अगले पांच वर्षों में सकल आय का परीक्षण होने का कानून भी बनना ही चाहिए। देश में समान शिक्षा विषय स्वतंत्रता के पश्चात् ही चलते आया लेकिन आजतक किसी भी सरकार ने इस सम्बन्ध में प्रयास नहीं किए। 2020 की नई शिक्षा नीति के प्रावधानों से कुछ आशा की किरणें जग रही थी लेकिन अभी तक केन्द्र/ राज्य सरकारों ने इस विषय में जागरूकता कम ही दिखाई है। देश की जनता को एकमत होकर इन मुद्दों पर जागरूक होना चाहिए।

सोशल फोरम

देश का राजनीतिक परिदृश्य

इस समय देश का राजनीतिक परिदृश्य जनता के लिए और जनतंत्र के लिए जितना मुफ़ीद है, मेरे होश संभालने के बाद से उतना कभी नहीं रहा। सभी की ढोल में पोल उजागर हो गई। सभी को सभी के दांव अयां हो गए। बेपेंदी के लोटे, बदनीयत मुद्दे, बेबुनियाद आरोप भूलुंठित हो गए। सभी का फूला हुआ आत्मविश्वास पिचक गया। सभी को लग गया, न बड़बोलापन काम आएगा, न कुल ख़ानदान, न आज़ादी की लड़ाई का श्रेय, न धर्म और जाति का ध्रुवीकरण। अब हर क़दम फूंक-फूंक कर रखना पड़ेगा।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

लोगों को विरोधियों की ताक़त पर इतना भरोसा और अपनी ताक़त पर इतना संदेह कभी नहीं रहा। अपना-अपना दूषित लक्ष्य पूरा होने का भरोसा किसी को नहीं रहा। भारतीय जनता इतनी होशियार और अबूझ हो सकती है, इसका अंदाज़ा किसी को नहीं रहा। थोड़ा सच और ढेर सारा झूठ मिलाकर, गंभीर से गंभीर आरोप गढ़ने की क़ाबिलियत चारों खाने चित हो गई। सब्र और ज़िम्मेदारी-पूर्ण आलोचना के, जो भारतीय जनतंत्र की शब्दावली से उड़नछू हो गई थी, लौटकर आने की उम्मीद इतनी प्रबल कभी नहीं रही। शीशे की तरह साफ़ हो गया कि विपक्ष के लिए एकजुट होने या ख़त्म हो जाने के बीच कोई तीसरा विकल्प नहीं रह गया।

महान प्राचीन भारत का भव्य और दिव्य और झलमल करता गौरव हमेशा के लिए कांतिविहीन हो गया। सदियों के अन्याय के प्रतिकार का पवित्र सोमरस गड्ढे का पानी साबित हुआ। प्रशासनिक असफलताओं को घोलकर अदृश्य कर देने वाली राजनीतिक पूंजी और गुप्त चुनाव बांड से अर्जित आर्थिक पूंजी की वही दुर्गति हुई जो नोटबंदी के बाद पुराने नोटों की हुई थी।

सबसे बड़ी बात, लोगों को विकल्प का आभास हो गया। विकल्प के अभाव में आदमी कुछ भी कर सकता है। विकल्पहीनता मनुष्य को ही नहीं, जनतंत्र को भी आत्महत्या के कगार तक पहुंचा देती है। आशा, बल्कि विश्वास है कि विकल्पहीनता की इस शवयात्रा के बाद अब नए अंकुर उगेंगे, नए फूल खिलेंगे।

-फेसबुक वॉल से

हाई-एल्टिट्यूड पर मौत से बचें

तजुर्बाविहीन और नौसिखिये लोग जो एक्सप्लोरर, टूरिस्ट्स और दंभ करने वाले युवा में से कोई भी होते हैं जब हाई एल्टिट्यूड पर बिना तैयारी और मेडिकल एडवाइस के जाते हैं तो ज्यादातर मुसीबत में ही पड़ते देखे गए हैं। तीन से पांच हज़ार मीटर की ऊंचाई पर कोई ख़ास दिक्कत नहीं होती लेकिन जैसे ही 5 हज़ार मीटर से ऊंची जगह पर जाते हैं तब सर दर्द, उल्टी और आधा-शीर्ष में दर्द और दिमाग में धमाके शुरू हो जाते हैं। सबसे बेहतर तो होता है नीचे के एल्टिट्यूड पर व्यक्ति को ले आना। हाई एल्टिट्यूड पर ऑक्सीजन की कमी से हाय्पोपॉक्सिया और एक्यूट माउंटेन सिकनेस होती है। हाइपरटेंशन, डायबिटिक, हृद-वाहिकीय रोग से पीड़ित व्यक्तियों को हाई एल्टिट्यूड पर कभी नहीं जाना चाहिए। हाई एल्टिट्यूड पर जर्नी कैसे की जानी चाहिए, यह समझना महत्वपूर्ण है।

एक ट्रेंड व्यक्ति के लिए ख़ास मुश्किल नहीं होती, लेकिन जब मैदान से उठकर हवाई जहाज या हेलीकाप्टर से सीधा ही चंद घंटे में हाई एल्टिट्यूड पर आते हैं और तुरत बाहर निकलकर घूमना शुरू करते हैं और चढ़ायी भी करते हैं, पैदल ही हैं और बहुत तेज़ी से 15, 20 और 30 किलोमीटर तक 1000-2000 फुट ऊंचाई पर जाने के लिए चढ़ते रहते हैं, जोश में हिम्मत दिखाने के चक्कर में पड़ते हैं तो वास्तव में ही ऐसे शेखीखोर लोग अपनी जान गवां बैठते हैं। नीचे के एल्टिट्यूड पर तो इबुप्रोफेन की 10 एमजी की टेबलट ही डॉक्टर रेकमेंड करते हैं, लेकिन 4500



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

आज पूरे हिमालयी क्षेत्र में जहां भी पीजीआईएमएस या एम्स के साथ–साथ मेडिकल कॉलेज मौजूद हैं उनके डॉक्टर्स को फिजियोलॉजी की पढ़ाई के दौरान हाई एल्टिट्यूड फिजियोलॉजी में डॉ.पेंटल के खोज कार्य से वाकिफियत कराई जाती है।

मीटर से अधिक की ऊंचाई पर अनुकूलन की प्रक्रिया (एक्लाइमेटाईजेशन) से गुज़रे बिना ही अगर कोई पैदल घूमना या चढ़ाई करना शुरू कर दे तो भी जान को बहुत ख़तरा होता है। अगर जिद करके कोई चढ़ाई करना चाहे तो अधिसंख्या में ऐसे लोगों की मौत हो सकती है जो अनुकूलन की प्रक्रिया का उल्लंघन करते हैं। दिल्ली या चंडीगढ़ से फ्लाइट लेकर अगर कोई लेह उतरे तो उसे 72 घंटा के लिए रेस्ट पर डाल दिया जाता है ताकि एक्लाईमेटाईजेशन की प्रक्रिया पूरी हो जाए। इसका फिजियोलॉजिकल मैकेनिज्म बहुत पेचीदा है जो कि ऑक्सीजन सप्लाई और हार्ट की कार्य प्रणाली से सीधा जुड़ा हुआ है। इसमें हार्ट-लंग और आर्टेरियल रिसेप्टर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है और दवा आदि से इनकी निष्क्रियता को चालू करने या बेढंगी चाल पर नियंत्रण में करने पर बहुत खोजबीन हुई है। 50 वर्ष में हाई एल्टिट्यूड फिजियोलॉजी विषय पर भारत में ही बहुत शोधकार्य हुआ है। इस शोध क्षेत्र में अधिकांश कार्य का श्रेय प्रोफेसर औतार सिंह पेंटल और इनकी सहयोगी डॉ. असीमा आनंद की जोड़ी को है। इनके शोधकार्य की लिस्ट दिल्ली स्थित डिफेंस इंस्टिट्यूट ऑफ़ फिजियोलॉजी एंड अलाइड साइंसेज के पिछले बीस साल के काम से भी अधिक है। उक्त शोधकार्य के आधार पर डीआरडीओ ने ऊंचे हिमालय में भारती डिफेन्स फोर्सेज के जवानों और अफसरों के अलावा एन्टार्क्टिक क्षेत्र में स्थापित रिसर्च स्टेशन 'इंदिरा पॉइंट' पर रहने वाले साइंसदानों और तकनीशियन्स के लिए जिस तरह के निवास, वस्त्र, खाद्य सामग्री और अन्य सहायक टेक्नोलॉजीज का विकास और निर्माण किया है वह विश्व स्तर की हैं। यह सब कोल्ड रीजन रिसर्च कहलाता है। इस बाबत रिसर्च के जरिए से प्रोफेसर पेंटल ने ही फेफड़ों में जक्स्टापोज़्ड रिसेप्टर्स (जे-रिसेप्टर्स) को सर्वप्रथम खोज कर इनकी भूमिका को तय किया था। भारत के विख्यात न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट प्रो. औतार सिंह पेंटल ने मुझे सन 1991 के आसपास बताया था कि इस मामले में मैदान के लोगों में जागरूकता लाने की जरूरत है। उन्होंने बताया था कि हाई एल्टिट्यूड ब्रेन को हार्ट और लंग से खतरे के सिग्नल्स मंद पड़ने की वजह क्या हैं। एट्रीयल-बी और वेंट्रीक्युलर प्रेशर रिसेप्टर्स की भूमिका को डॉ. पेंटल ने ही तय किया और यह पता लगाया कि हाई-एल्टिट्यूड पर मैदान से जाने वाले लोगों को ऐसा क्यों होता है।

आज पूरे हिमालयी क्षेत्र में जहां भी पीजीआईएमएस या एम्स के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज मौजूद हैं उनके डॉक्टर्स को फिजियोलॉजी की पढ़ाई के दौरान हाई एल्टिट्यूड फिजियोलॉजी में डॉ.पेंटल के खोज कार्य से वाकिफियत कराई जाती है। यह सिलेबस का अब हिस्सा है। डॉ. पेंटल ने व्यक्तिगत तौर से इस बाबत बताया था कि गर्दन के दोनों और कैरोटिड आर्टरी की कांस्ट्रिकशन होने से संदेश मस्तिष्क तक नहीं पहुंचता और व्यक्ति की 'सडन डेथ' या कार्डियक अरेस्ट हो जाता है। इसलिए हाई-एल्टिट्यूड पर जाने से पहले जोखिम न लें और तीर्थयात्रा के अधिक चक्कर में न पड़ें। खुद को स्वस्थ समझने वाले व्यक्ति भी सरकारी अस्पताल से फिजियोलॉजी डिपार्टमेंट से अपने शरीर की विभिन्न क्रियाओं की जांच करवाकर, सर्टिफिकेट लेकर ही हाई-एल्टिट्यूड की यात्रा करें। डॉ. पेंटल के मुताबिक पैदल चढ़ाई बिलकुल ही धीमी गति से जैसे कि 3 घंटा में एक किलोमीटर ही करें और बीच में रेस्ट करते हुए चढ़ें। खुद चिकित्सा न करें क्योंकि एक ख़ास ऊंचाई के बाद सर दर्द या आधा सर में दर्द से छुटकारा पाने के लिए बिना डॉक्टरी सलाह के ली गई इबुप्रोफेन या दर्दनिवारक दवा भी घातक हो सकती है। निफेडीपिन तो कभी बिना डॉक्टरी सलाह के लेनी ही नहीं होती क्योंकि एक तो यह शेड्यूल्ड ड्रग है और दूसरा, इसे कार्डियोवैस्कुलर ट्रीटमेंट के लिए सुयोग्य डॉक्टर या सर्जन ही प्रेस्क्रायिब करते हैं।

बूंद-बूंद को तरसेंगी भावी पीढ़ियां

हमारे देश में असंख्य लोग पेयजल संकट से जूझते हैं। वर्तमान में उत्तर भारत में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, और बिहार तथा दक्षिण भारत में तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में पानी की किल्लत है। पूर्वी भारत में झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के लोग जल संकट से जूझ रहे हैं।

दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हाल ही में आई एक अध्ययन रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में जल संकट का गंभीर ख़तरा है। वर्ष 2050 तक देश के 50 प्रतिशत से जिलों में पानी के लिए हाहाकार मच जाएगा। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि लोग बूंद-बूंद पानी को तरसेंगे। उस समय तक देश में पानी की मांग में 30 प्रतिशत तक की वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की गई है। दशकों से इस समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए गए हैं। अनेक सरकारी और गैरसरकारी प्रयास भी किए गए हैं, किन्तु कोई भी स्थायी व टिकाऊ समाधान नही हो सका है।

जल जीवन मिशन में जमीनी स्तर आने आने वाली पीढ़ी को जलसंकट से बचाने के लिए एक व्यापक जनांदोलन चलाए जाने की आवश्यकता है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पूरी क्षमताओं के साथ कोशिश करनी होगी। एक दूसरे पर दोषारोपण किए बिना जन-जन को इन प्रयासों में जुटना होगा। घरेलू स्तर पर पानी के उचित व संयमित उपयोग एवं उद्योगों में पानी का चक्रीय उपयोग जल संरक्षण में सहायक सहायक हो सकता है। इस्तेमाल किए गए पानी को शौचालयों में, बगीचों में अथवा फर्श आदि धोने में उपयोग किया जाए। जल संग्रहण करने के लिए जलाशयों आदि को संरक्षित किया जाए। यदि समय रहते जल संरक्षण के समुचित प्रयास न किए गए तो हम तो जैसे-तैसे अपना काम चला लेंगे लेकिन हमारी भावी पीढ़ियों का क्या होगा? यह कल्पना करना भी भयावह है। वास्तव में हमारी भावी पीढियां बूंद-बूंद पानी को तरसेंगी।

एक नजर

छात्राओं का कम्प्यूटर प्रशिक्षण आज से

बनबसा : महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से राजकीय महाविद्यालय की छात्राओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आभा शर्मा ने बताया कि महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिकाओं के लिए रोजगार परक कंम्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत 20 छात्राओं का चयन इसके लिए हो चुका है। प्राचार्य ने बताया कि 18 जून से प्रशिक्षण शुरू होगा।

नशे में वाहन दौड़ाने पर चालक को गिरफ्तार किया

अल्मोड़ा : थाना दन्या ने डायल 112 पर मिली सूचना के आधार पर नशे में वाहन दौड़ा रहे चालक को पकड़ लिया। जिस पर थानाध्यक्ष विजय नेगी ने टीम को मौके पर भेजा। मौके पर कांडानौला के पास वाहन को रोककर चेक किया। जिसका चालक राकेश बोहरा निवासी भूरमुनी जिला पिथौरागढ़ नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। जिस पर पुलिस ने चालक को मोटरवाहन अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर वाहन को सीज किया।

रीठासाहिब जाने वाले तीर्थ यात्रियों की ओवरलोड बसों को प्रशासन ने रोका

रोडवेज और टैक्सियों के माध्यम से किया रवाना, यात्रियों की सुरक्षा के चलते लिया निर्णय

संवाददाता, टनकपुर/ लोहाघाट

लोहाघाट में प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से बड़े वाहनों से सिख तीर्थ यात्रियों को उतारा। ● अमृत विचार

अमृत विचार : सोमवार को रीठासाहिब दर्शन को जाने वाले सिख तीर्थ यात्रियों की बड़ी बसों को सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन ने लोहाघाट रोडवेज स्टेशन के पास रोक दिया। यात्रियों को रोडवेज बस और टैक्सियों के जरिए रीठासाहिब भेजा गया। इस दौरान तीर्थ यात्रियों को करीब एक घंटे तक रोडवेज स्टेशन में रुककर वाहनों का इंतजार करना पड़ा।

सोमवार की सुबह रीठासाहिब जाने वाले तीर्थ यात्रियों से भरी ओवरलोड बसें लोहाघाट पहुंच गई। सूचना के बाद तहसीलदार जगदीश नेगी, थाना निरीक्षक अशोक कुमार ने तीर्थ यात्रियों की एक बस को रोडवेज के पास रोक दिया। तहसीलदार नेगी ने बताया कि एक बस में करीब 50 से अधिक तीर्थ यात्री बैठे थे। उन्होंने बताया कि लोहाघाट-हल्द्वानी और रीठासाहिब रूट में 28 से 32 सीटर से अधिक यात्रियों की बसों के जाने की अनुमति नहीं है।

उच्च अधिकारियों के आदेश के अनुसार और सुरक्षा को देखते हुए रीठा जाने वाली सभी बसों को लोहाघाट में रोका गया। तहसीलदार ने बताया कि तीर्थ यात्रियों को एक रोडवेज की बस और टैक्सियों के माध्यम से रीठासाहिब भेजा गया। इसके बाद तीर्थ यात्रियों की ओवरलोड चार बसें और आई। थाना निरीक्षक अशोक कुमार और यातायात पुलिस कर्मी हेम माहरा ने बताया कि सभी तीर्थ यात्रियों की बड़ी बसों को रोककर उनको टैक्सियों और रोडवेज बसों के माध्यम से भेजा जा रहा है।

पति समेत चार लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

टनकपुर : पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार नगर के वार्ड नंबर छह, कर्मचारी कालोनी निवासी नीलम मेहरा ने खटीमा ग्राम खाली, महुवट, झनकइया निवासी अपने पति संजय मेहरा, ससुर होशियार सिंह, सास भवानी देवी के साथ एक अन्य व्यक्ति रवि मेहरा व उसकी पत्नी पर दहेज को लेकर मारपीट व उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए तहरीर सौंपी है। पीड़िता ने कहा है कि वर्ष 2017 में उसकी शादी झनकइया निवासी संजय मेहरा के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति तथा सास, ससुर दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। एसएसआइ बीएस बिष्ट ने बताया कि महिला ने पति पर गाली-गलौच के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि सभी आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

भागवत कथा के दौरान पूजा अर्चना करते पुरोहित व यजमान।

यज्ञ में पुर्णाहुति देकर की सुख-शांति की प्रार्थना

धौलछीना : धौलछीना के विमलकोट में मां भगवती मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा का सर्व कल्याण की कामना के साथ समापन हो गया। नौ दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिन पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इससे पूर्व यजमानों ने हवन यज्ञ में पुर्णाहुति डाली तथा क्षेत्र की सुख शांति की प्रार्थना की। कथा व्यास पंडित मनोज पांडे ने 9 दिनों तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद् देवी भागवत कथा की महिमा बताई। कथा समापन के दिन रविवार को पंडितों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई, जिसमें यजमान आनंद सिंह रावत तथा उनके परिवार द्वारा पुर्णाहुति डाली। दोपहर बाद भंडारा लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।

भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

रानीखेत : श्रीनंदा देवी मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में भजन-कीर्तन के आयोजन के साथ विभिन्न अनुष्ठान संपन्न कराए गए। सायंकाल परिसर में गंगा दशहरा विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें नगर व आस-पास के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रीनंदा देवी मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव श्रीनंदाष्टमी महोत्सव समिति द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर किरन लाल साह, मुकेश साह, अनिल वर्मा, भुवन सती, मोहिल साह, संदीप तिवारी, सौरभ अग्रवाल, गौरव भट्ट आदि ने सहयोग किया।

समिति फिर से समस्याओं को लेकर करेगी संघर्ष

रानीखेत : रानीखेत विकास संघर्ष समिति स्थानीय समस्याओं को लेकर एक बार फिर से एक्शन मोड पर आ गई है। समिति ने रानीखेत की पेयजल, यातायात अव्यवस्था को लेकर संयुक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देने और तय समय सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन आंदोलन की चेतावनी दी है। सोमवार को ग्रांड होटल में रानीखेत विकास संघर्ष समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें नगर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक में गिरीश भगत, मुकेश साह, खजान जोशी, अनिल वर्मा, किरन लाल साह, अशोक पाण्डे, हरीश अग्रवाल, दीपक गर्ग, जयंत रौतेला, दीपक साह, बसंत कुमार, एलडी पांडे, हरीश मैनाली शामिल थे।

जानलेवा बनी रमक गांव की रक्तरंजित रंजिश...

- अब तक 2 लोगों की मौत, एक महिला सहित 2 लोग अभी भी लड़ रहे जिंदगी की जंग
- 16 जून को पहली और 17 जून को दूसरे युवक की जान गई, इलाज के दौरान दम तोड़ा

संवाददाता, टनकपुर/ चम्पावत

अमृत विचार : चम्पावत जिले के पाटी ब्लॉक के रमक गांव के खूनी संघर्ष ने अब तक दो जिंदगियों को निगल लिया है, 16 जून को हमलावर की मौत हुई और एक दिन बाद सोमवार को जख्मी युवक की इलाज के दौरान हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में जान चली गई।

15 जून की रात रमक गांव में मां और दो ग्रामीणों पर हमला करने वाले व्यक्ति दयानंद जोशी (37) की 16 जून को हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल में मौत हो गई थी। वहीं सोमवार को एक और शख्स खिलानंद (34) ने हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल में दम तोड़ दिया। दयानंद जोशी और खिलानंद के शव के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया चल रही है, 15 जून की रात रमक निवासी दयानंद जोशी (37) अपने घर से चाकू लेकर गांव के दो युवकों जीवन (24) और खिलानंद (34) को मारने के लिए निकला था। दयानंद की मां ने बेटे को जाने से रोकने की कोशिश की, इस प्रयास में मां पार्वती देवी के पेट में चाकू लग गया और वह बुरी तरह से घायल हो गई। दयानंद ने आवेश में आकर दोनों युवकों को जख्मी किया और अंत में खुद को भी बुरी तरह घायल कर लिया था। हल्द्वानी एसटीएच में भी अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि पार्वती देवी और जीवन का इलाज चल रहा है।

वन रेंजर कनारीछीना की कार दुर्घटनाग्रस्त

धौलछीना : भैसियाछाना ब्लॉक के कनारीछीना में सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। वन क्षेत्राधिकारी कनारीछीना आशुतोष जोशी व उनके साथ वन बीट अधिकारी भूपाल राम जिले से आई किसी सूचना पर तत्काल अपने निजी वाहन कर से दोपहर करीब 12 बजे अल्मोड़ा की तरफ निकल ही रहे थे।

रेंज कार्यालय से करीब 50 मीटर ही निकले थे, कि वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरा। संयोग से वन क्षेत्राधिकारी आशुतोष जोशी की कार पेड़ से जाकर अटक गई। अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। फॉरेस्टर गोपाल राम के सिर में चोट लग गई। जिन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेराघाट ले जाया गया। आशुतोष जोशी को गर्दन में हल्की चोट लगी है। जिसका कनारीछीना में ही उपचार किया गया। दोनों ही खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

आश्रितों को मिलेगी नौकरी: आर्या

- कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर बंधाया ढांढस
- मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता के चेक बांटे

संवाददाता, अल्मोड़ा

परिजनों से मुलाकात करती कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या। ● अमृत विचार

अमृत विचार : प्रदेश की कैबिनेट मंत्री और सोमेश्वर विधायक रेखा आर्या ने बिनसर अभ्यारण में आग की चपेट में आए मृतक वन कर्मियों के परिवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बधाया और सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। साथ ही पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता के चेक बांटे।

सोमवार को कैबिनेट मंत्री आर्या ग्राम सौडा भेटुली अयारपानी पहुंची। जहां उन्होंने विगत दिनों बिनसर क्षेत्र में वनाग्नि की घटना में अपने जान गंवाने वाले और घायल कर्मियों के पीड़ित परिवारजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उक्त घटना का तुरंत संज्ञान लेते हुए घायलों को एम्स दिल्ली रेफर करने के साथ ही उचित मुवावजा दिया गया। साथ ही दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई। वहीं उन्होंने मृतक और घायल पीआरडी जवानों के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि के चेक भी वितरित किए।

ये लोग रहे मौजूद

प्रमुख वन संरक्षक कपिल जोशी, वन संरक्षक विनय भार्गव, डीएफओ सिविल सोयम वन प्रभाग हेम चन्द्र गहतोड़ी, तहसीलदार अल्मोड़ा ज्योति धपवाल, रेंज ऑफिसर मुकुल सनवाल, भाजपा जिला महामंत्री धर्मेंद्र बिष्ट, मंडल अध्यक्ष ताकुला प्रदीप नगरकोटी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का समापन

अल्मोड़ा : विक्टोरिया क्लब की ओर से आयोजित जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का समापन हो गया है। सोमवार को प्रतियोगिता के तहत अलग-अलग वर्गों की फाइलन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें नविका, जिज्ञांश, दिविजा, धीरज और निकिता ने बाजी मारी। शारदा पब्लिक स्कूल में फाइलन योग प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि धर्म जागरण समवय प्रांत सांस्कृतिक प्रमुखर अरविंद जोशी और शारदा स्कूल के प्रबंधक शेखर लखचौरा ने किया। अलग-अलग वर्ग के फाइनल में नविका जैरा, जिज्ञांश बिष्ट, दिविजा बिष्ट, धीरज बिनौली, निकिता लमगड़िया ने बाजी मारी। इस मौके पर अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। यहां आयोजक मंडल के मनोज सिंह पवार, सुनिल कुमार यादव, डॉ. चंदन सिंह लटवाल, डॉ. प्रेम प्रकाश पांडे, अमितेश सिंह डॉ. गिरिश सिंह अधिकारी आदि रहे।

मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह देतीं स्कूल की प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

टनकपुर में रोडवेज इंप्लॉइज यूनियन के चुने गए पदाधिकारी। ● अमृत विचार

चंद्र बल्लभ बने रोडवेज इंप्लाइज यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष

टनकपुर : रोडवेज एम्पलाइज यूनियन के क्षेत्रीय कार्यकारिणी का वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। यूनियन के प्रांतीय महामंत्री रवि नंदन कुमार और कपिल त्रिपाठी की देखरेख में हुए चुनाव में अनिल जोशी को क्षेत्रीय संरक्षक, चंद्र बल्लभ जोशी को क्षेत्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर पांडे को कार्यकारिणी अध्यक्ष, कपिल त्रिपाठी और भूपेश उपाध्याय को उपाध्यक्ष, हुकुम चन्द को क्षेत्रीय मंत्री, सर्वेश कुमार व विमल पाठक को संयुक्त मंत्री, सुरेश पांडे को संगठन मंत्री, सतीश कुमार को कोषाध्यक्ष, राकेश कुमार शर्मा को लेखा परीक्षक, दीपक सिंह को प्रचार मंत्री, कुंदन सिंह को कार्यालय सचिव, और सदस्य में विक्रम सक्सेना, राम सिंह व प्रयाग सिंह चुने गए। बैठक में संविदा विशेष श्रेणी कर्मचारियों को नियमितीकरण किए जाने भी मांग को प्रमुखता से उठाया गया।

तदर्थ शिक्षकों की चयन प्रोन्नत वेतनमान की मांग

अल्मोड़ा : चयन प्रोन्नत वेतनमान की मांग को लेकर अशासीय विद्यालयों के शिक्षक मूखर हो गए है। सोमवार को तदर्थ शिक्षक संघर्ष समिति की बैठक में तमाम समस्याओं पर चर्चा की गई। प्रोन्नत वेतनमान समेत अन्य के निराकरण की मांग उठाई। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी। नगर के अल्मोड़ा इंटर कॉलेज के सभागार में आयोजित समिति की बैठक में वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से अशासकीय विद्यालयों के शिक्षक चयन प्रोन्नत वेतनमान की मांग कर रहे है, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा सका है। यहां बैठक में हीरा सिंह मेहरा, प्रकाश चंद्र खोलिया, विजय सिंह गैड़ा, ललित मोहन, डॉ. महेंद्र सिंह महरा, महेंद्र सिंह चौहान, कृष्णा नंद जोशी, माया जोशी, नीरज तिवारी, नीलू भाकुनी, दीपक सिंह नयाल, गिरीश चंद्र जोशी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

अल्मोड़ा के सिटौली के जंगल में धधकी आग, वन संपदा राख

- वनाग्नि से करीब 1.60 हेक्टेयर जंगल जलकर स्वाहा
- वन विभाग की टीम ने करीब चार घंटे में आग पर काबू पाया

अल्मोड़ा, संवाददाता

अल्मोड़ा से सटे सिटौली के जंगल में धधकी आग। ● अमृत विचार

अमृत विचार : फायर सीजन समाप्त होने के बाद भी रोजाना वनाग्नि की घटनाएं सामने आ रही हैं। रविवार देर रात नगर से सटे सीटौली के जंगल में धधक आग धधक गई।

इससे करीब 1.60 हेक्टेयर जंगल जलकर खाक हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने करीब चार घंटे बाद आग पर किसी तरह काबू पाया। फायर कंट्रोल रूप से मिली जानकारी अनुसार सिटौली के जंगल में रात करीब नौ बजे अचानक आग धधक गई। देखते ही देखते आग ने पूरे जंगल को अपने आगोश में ले लिया।

जंगल में धधकी आग की विकराल उलटे सड़क किनारे तक पहुंच गई। इससे अल्मोड़ा-कोसी राजमार्ग की ओर जाने वाले वाहनों चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सूचना पर मौके पर वन विभाग की टीम पहुंची। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। आग लगने से करीब 1.60 हेक्टेयर जंगल आग की भेंट चढ़ गया। इधर, जिलेभर में अब तक वनाग्नि की घटनाओं से आठ से अधिक की वन संपदा राख हो गई है।

सड़क किनारे खड़े वाहन को फूंक डाला

अल्मोड़ा : अराजक तत्वों ने सड़क किनारे खड़े वाहन को आग के हवाले कर दिया। जिससे वाहन जलकर खाक हो गया। अब पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। द्वाराहाट ब्लाक के ग्राम पंचायत भतौरा सेला निवासी विरेंद्र सिंह ने पुलिस में तहरीर दी। कहना है कि बताया कि उनके पास एक टैक्सी आल्टो कार यूके-02-टीए- 1069 है, बताया कि कुछ तकनीकी कारणो से वाहन उनके नाम नहीं है। बताया कि वर्तमान में वाहन मनोज कुमार आर्या पुत्र दानी राम निवासी काटली कौसानी के नाम दर्ज है। उन्होंने बताया कि हमेशा की तरह शुक्रवार को वाहन सेला में खड़ा किया था। लेकिन रात करीब 11 बजे अराजक तत्वों ने वाहन में आग लगा दी। जिससे पूरा वाहन जलकर खाक हो गया है। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की।

बिनसर में लापरवाही पर न्याय मंच की हुंकार

संवाददाता अल्मोड़ा

धरने की तैयारी

- बिनसर न्याय मंच 19 जून को देगा धरना
- बैठक कर तमाम समस्याओं पर चर्चा करते हुए निराकरण की उठेगी मांग

अमृत विचार : बिनसर अभ्यारण में वनाग्नि की घटना को लेकर बिनसर न्याय मंच ने धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। सोमवार को मंच के सदस्यों ने बैठक कर आंदोलन की रणनीति को लेकर चर्चा की। साथ ही बिनसर न्याय मंच का गठन किया गया।

बसौली में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वनाग्नि में जान गवां चुके व्यक्तियों के परिजनों को सरकारी नौकरी देने, मृतकों के परिवारों को 50 लाख व घायलों को 25 लाख सहायता राशि देने, भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए वन रक्षकों की सख़्या बढ़ाने, फायर वाचरों की नियुक्ति में ग्राम पंचायत व वन पंचायत को विश्वास में लेने, फायर वाचरों को नियुक्ति पत्र देने, उनका बीमा कराए जाने, उन्हें फायर प्रूफ कपड़े व आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने आदि की मांग की गई। वहीं, घटना से उत्पन्न परिस्थितियों व बिनसर में वनाग्नि के सवालों पर मंच ने बिनसर कार्यालय में 19 जून को धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी। बैठक में ईश्वर जोशी, डूंगर सिंह, भूपाल सिंह, किशोर तिवारी, नीमा भाकुनी, किरन भाकुनी, सुनील बाराकोटी आदि मौजूद रहे।

त्योहार — ईद-उल-अजहा पर्व पर चम्पावत जिले की विभिन्न मस्जिदों में हुई नमाज, सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे

लोगों ने नमाज पढ़कर मांगी अमन-चैन की दुआ

संवाददाता, टनकपुर

टनकपुर में नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार : ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व चम्पावत जिले में उल्लास और परंपरागत ढंग से मनाया गया। ईदगाहों में मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कर अमन चैन की दुआएं मांगी।

लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। जिले के लोहाघाट खूना मलक मस्जिद में इमाम गुलाम रसूल, कोलीढेक की मदीना मस्जिद इमाम मोहम्मद शाकिर राजा, ईदगाह चानमारी में इमाम जिया उल मुस्तफा और खेतीखान रोड लोहाघाट में मोहम्मद अफजाल अहमद की छत पर मोहम्मद रहमत ने नमाजियों को नमाज अदा करवाई। वहीं मैदानी क्षेत्र टनकपुर में पुरानी जामा मस्जिद में इमाम एजाज अहमद, नई जामा मस्जिद में इमाम मोहमद शाकिर व मनिहारगोठ मस्जिद में इमाम अंसार अहमद ने नमाज अदा कराई।

बनबसा में धूमधाम से मनाया पर्व

बनबसा : मुस्लिम समुदाय ने सोमवार को ईद-उल-अजहा का पर्व धूमधाम से मनाया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई भी दी। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना शमशाद ने साढ़े आठ बजे मस्जिद में नमाज अदा करवाई। इस दौरान थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा।

रानीखेत में एक दूसरे को दी बकरीद की बधाई

रानीखेत : स्थानीय जमा मस्जिद में ईद-उल-अजहा बकरीद का पर्व हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। मौलाना लइक अहमद ने नमाज अदा की। उन्होंने देश व प्रदेश में अमन चैन व खुशहाली की प्रार्थना की। सोमवार को ईद-उल-अजहा बकरीद के अवसर पर मुसलमान समुदाय की ओर से सामूहिक रूप से स्थानीय जमा मस्जिद में नमाज अदा की। मौलाना लइक अहमद ने नमाज पढ़ी। भारी संख्या में दूर-दराज क्षेत्र से आए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज में भाग लिया। नवाज के बाद सभी ने एक दूसरे को गले लगा कर ईद की बधाइयां दीं।

रानीखेत में बकरीद पर नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

अल्मोड़ा ईदगाह में पढ़ी नमाज

संवाददाता, अल्मोड़ा

अल्मोड़ा में नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार : जिलेभर में ईद-उल-अजहा का पर्व भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया गया। लोगों ने सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा की और अमन की दुआएं मांगी।

सोमवार सुबह बड़ी संख्या में लोग कैंट स्थित ईदगाह पहुंचे, जहां शहरी इमाम बहादर कादरी ने ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराई। इस दौरान मजिस्दों में लोगों ने नमाज अदा कर देश की तरक्की और अमन चैन की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने अपनी-अपनी सामर्थ के अनुसार बकरों की कुर्बानी दी। नगर के नियाजगंज, धार की तूनी, करबला स्थित मजार समेत आर्मी मैदान के पास ईदगाह में भी ईद की नमाज अदा की गई। कैंट स्थित ईदगाह के बाहर खड़े होकर निर्वतमान पालिकाध्यक्ष समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने मुस्लिम भाइयों के गले मिलकर ईद की बधाई दी।

ये लोग रहे मौजूद

निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, अब्दुल जब्बार खान, सलीम अहमद, नवाज खान, आजाद खान, मोहम्मद शहनाज खान, सद्दाम हुसैन, हफीज खान, सैयद हामिद हुसैन, मोहसिन हुसैन, आसीफ हुसैन, कासिफ, अधिवक्ता शेखर लखचौरा, नाजिर अली, नासिर खान, शहीर खान, हाजी नूर अकरम खान, अख्तर हुसैन, सलमान खान, इमरान खान, अरमान अंसारी, मोहम्मद साद, सलमान अंसारी, जहजाद कश्मीरी, अमन अंसारी, सैयद नारिस हुसैन, मुमताज कश्मीरी, हुसैन अली समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1100 डीएमओ 800।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2085, राज श्री 1400, फॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1980, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1670, राग गोल्ड 1630, गृहणी 1505, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1670, चक्र टिन 1895, ब्लू 1625, आशीर्वाद मस्टर्ड 1910, स्वास्तिक 2055, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4600, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9200, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15500, अरहर पटका मोटा 16200, अरहर कोरा मोटा 16500, अरहर पटका छोटा 16000-16400, अरहर कोरी छोटी 17400, **चीनी**-डालमियां 4100, पीलीभीत 4080, नवाबगंज 4070, बहेड़ी (नई) 4080 रुपये।

नेक्सजेन एक्जीबिशन ने सर्वेक्षण रिपोर्ट में लक्ष्य हासिल करने के लिए दी सलाह

भारत को 5 अरब डॉलर का रक्षा निर्यात करने के लिए एफडीआई सुव्यवस्थित करना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को सुव्यवस्थित करने के साथ शोध एवं विकास (आरएंडडी) और विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाकर देश चालू वित्त वर्ष के अंत तक 5 अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य हासिल कर सकता है। एशिया की प्रमुख आंतरिक सुरक्षा एवं रक्षा प्रदर्शनी 'अंतर्राष्ट्रीय पुलिस एक्सपो' के आयोजक नेक्सजेन एक्जीबिशन ने एक व्यापक सर्वेक्षण के ये निष्कर्ष जारी किए हैं।

इसका मकसद रक्षा क्षेत्र में एफडीआई से जुड़ी बाधाओं को दूर करना और रक्षा शोध एवं विकास (आरएंडडी) और विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करना है। एक बयान के मुताबिक, इस पहल का उद्देश्य भारत को वित्त वर्ष 2024-25 तक पांच अरब डॉलर रक्षा निर्यात के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की तरफ प्रेरित करना है। भारत के 15 शहरों में किए गए इस सर्वेक्षण में 130 से अधिक राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय हथियार, गोला-बारूद व सुरक्षा उपकरण निर्माताओं, निर्यातकों और स्टार्टअप कंपनियों ने हिस्सा लिया। सर्वेक्षण में सुव्यवस्थित एफडीआई, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और अन्य भविष्योन्मुख प्रौद्योगिकियों के साथ उन्नत प्रौद्योगिकी के एकीकरण और उद्योग के लिए पेशेवरों का एक बड़ा समूह खड़ा करने के लिए एक मजबूत कौशल विकास परिवेश पर जोर दिया गया। बयान के मुताबिक, भारत का आंतरिक सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र शोध एवं विकास तथा विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाकर वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने के लिए तैयार है। रक्षा खरीद श्रेणियों में वृद्धि घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया है। फिलहाल भारत 75 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करता है, जो वैश्विक रक्षा बाजार में इसकी बढ़ती उपस्थिति को दर्शाता है।

नेक्सजेन एक्जीबिशन के निदेशक आधार बंसल ने कहा- खरीद श्रेणियों में वृद्धि और गुणवत्ता एवं नवाचार पर बल ने भारत को वैश्विक मंच पर एक विश्वसनीय रक्षा उपकरण आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित किया है।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	90,400
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,700
गिन्नी (प्रति नग)	54,900-55,100
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,200
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	88,000
चांदी तैयार	89,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,200
सोना जेवरात गिन्नी	71,200
चांदी पक्की	880 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,650
चांदी आभूषण	89,000।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 65 मसूरी 57 अंगूरी 53 बासमती 95, **दाल दलहन**-काला चना 95-120 साबुत चना दाल 70-85 मूंग साबुत 96-104 राजमा 130-140 दाल उड़द 116 साबुत मसूर दाल 80-85 मसूर दाल 73-75 उड़द साबुत 125-130 काबुली चना 127-165 अरहर दाल 160 लोबिया/करमानी 87-110 सोयाबीन 42 मूंगफली 75-100 मटर (सूखी) 46-62 मक्का 17-18 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना: 75 से 78 रुपये मसूर: 60 से 68 रुपये मलका: 62 से 68 रुपये अरहर: 140 से 150 रुपये उड़द: 100 से 110 रुपये धोआ उड़द: 110 से 130 रुपये मूंग धोआ: 104 -106 रुपये मूंग छिलका: 95 से105 रुपये मूंग साबुत: 90 से 105 चना देसी: 60से 70 चना कावली: 90 से 130 राजमा लाल: 130 से 140 राजमा चित्ता: 125 से 130 रुपये।

भारत के पास यूरोपीय संघ के उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने का विकल्प

नई दिल्ली। भारत के पास यूरोपीय संघ (ईयू) से एक निश्चित मूल्य के आयातित सामान पर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) मानदंडों के तहत जवाबी सीमा शुल्क लगाने का विकल्प है। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि दोनों पक्ष कुछ इस्पात उत्पादों पर यूरोपीय संघ के रक्षोपाय (सेफगार्ड) उपायों को लेकर आम सहमति तक पहुंचने में विफल रहे हैं। यूरोपीय संघ ने कुछ इस्पात उत्पादों के आयात पर रक्षोपाय शुल्क को 2026 तक दो साल के लिए बढ़ा दिया है। यह पहले इस महीने समाप्त होने वाला था। यह ऐसे उपायों का दूसरा विस्तार है, जिसे पहली बार 2018 में लगाया गया था। यह टैरिफ दर कोटा (टीआरक्यू) का रूप है। भारत इस उपाय से प्रभावित देशों में शामिल है, क्योंकि यूरोपीय संघ को इस्पात निर्यात में इसकी पर्याप्त रुचि है।

यूएई से 2023-24 में सोना, चांदी का आयात 210 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

- जीटीआरआई के अनुसार एफटीए में शुल्क संशोधन की जरूरत

भारत का अपने मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) साझेदार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से सोने और चांदी का आयात 2023-24 में 210 प्रतिशत बढ़कर 10.7 अरब डॉलर हो गया है। इस उछाल को कम करने के लिए समझौते के तहत रियायती सीमा शुल्क दरों में संभावित रूप से संशोधन करने की आवश्यकता है।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, सोने और चांदी के आयात में यह तीव्र वृद्धि मुख्य रूप से भारत-संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के तहत भारत द्वारा यूएई को दी गई आयात शुल्क रियायतों से मुमकीन हो पाई है। जीटीआरआई की रिपोर्ट के अनुसार, भारत असीमित मात्रा में चांदी के आयात पर सात प्रतिशत शुल्क या सीमा शुल्क रियायतें और 160 मीट्रिक टन सोने पर एक प्रतिशत रियायत देता है। सीईपीए पर फरवरी 2022 में हस्ताक्षर किए गए और मई 2022 में इसे लागू किया गया। इसके अतिरिक्त भारत गिफ्ट सिटी में इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज (आईआईबीएक्स) के जरिए निजी कंपनियों को यूएई से आयात करने की अनुमति देकर सोने और चांदी के आयात की सुविधा देता है।

एसबीआई को चालू वित्त वर्ष में 14-15 प्रतिशत ऋण वृद्धि की उम्मीदः खारा

नई दिल्ली, एजेंसी

- एसबीआई के चेयरमैन दिनेश ने साक्षात्कार में कही बात

एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा कि मौजूदा आर्थिक वृद्धि दर को देखते हुए चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 14-15 प्रतिशत ऋण वृद्धि की उम्मीद है। खारा ने एक साक्षात्कार में कहा-आम तौर पर हम इसे जीडीपी वृद्धि दर और मुद्रास्फीति तथा उसके ऊपर दो से तीन प्रतिशत के योग के आधार पर देखते हैं। इससे हमें करीब 14 प्रतिशत या उसके आसपास का आंकड़ा मिलता है।

उन्होंने कहा-अतः 14-15 प्रतिशत ऋण वृद्धि, ऋण देने के लिए उपलब्ध अवसरों पर निर्भर करती है। यह हमारी जोखिम क्षमता को पूरा करती है। हमें इस गति से वृद्धि करने में खुशी होगी। उन्होंने कहा कि जहां तक जमाराशि का सवाल है, पिछले साल इसमें 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा-हमारे पास अतिरि क्त एसएलआर के मामले में कुछ गुंजाइश है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हमारे ऋण-से-जमा अनुपात को सहारा देने के लिए जमा दरें बढ़ाने का हम पर कोई दबाव नहीं है।

भीषण गर्मी से डीजल-पेट्रोल की घट गई मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

- मासिक आंकड़ों के आधार पर इसमें आ रही गिरावट

देश के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी के कारण यात्रा में कमी आने से जून में डीजल की मांग में गिरावट आई है। ईंधन की बिक्री, जो परंपरागत रूप से चुनाव के दौरान बढ़ जाती है, इस वर्ष प्रवृत्ति के विपरीत रही है तथा मासिक आधार पर इसमें गिरावट आ रही है। यह गिरावट अब आम चुनाव के समाप्त होने के बाद भी जारी है। डीजल की बिक्री एक से 15 जून के दौरान पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 3.9 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह 39.5 लाख टन रह गई है। पेट्रोल की बिक्री एक से 15 मई के दौरान 14.7 लाख टन खपत की तुलना में मासिक आधार पर 3.6 प्रतिशत की गिरावट आई।

देश में सबसे ज्यादा खपत वाले ईंधन की मांग में अप्रैल में 2.3 प्रतिशत और मार्च में 2.7 प्रतिशत की गिरावट आई थी। मई में इसमें 1.1 प्रतिशत की गिरावट आई थी। चुनाव प्रचार के अलावा, गर्मी की फसल कटाई के मौसम तथा चिलचिलाती गर्मी के कारण कारों में एयर कंडीशनिंग की मांग बढ़ जाती है, जिससे ईंधन की खपत बढ़नी चाहिए थी। हालांकि इस साल यह रुझान उलट गया है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में मार्च के मध्य में दो रुपये प्रति लीटर की कमी की गई, जिससे दरों में संशोधन का करीब दो साल लंबा अंतराल समाप्त हो गया, जिससे बिक्री में भी तेजी आनी चाहिए थी। पेट्रोल की बिक्री एक से 15 मई के दौरान 14.7 लाख टन खपत की तुलना में मासिक आधार पर 3.6 प्रतिशत की गिरावट आई।

एक नजर

जम्मू-कश्मीर में हिजबुल मुजाहिदीन का आतंकवादी गिरफ्तार

श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर के हंदवाड़ा उपजिले में हिजबुल मुजाहिदीन के एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवादी की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सेना की 30 आरआर और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने रविवार की रात संयुक्त अभियान चलाया। हंदवाड़ा के पुलिस अधीक्षक दाऊद अयूब ने बताया कि अभियान के दौरान आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से चीनी पिस्तौल, हथगोला और पिस्तौल की दो मैगजीन बरामद की गई। गिरफ्तार आतंकवादी की पहचान जाकिर मीर के रूप में की गई है।

ट्रेलर के पलटने से चार लोगों की मौत

उदयपुर। राजस्थान में उदयपुर सिरोही राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर बेकरियां थाना क्षेत्र में सोमवार को एक अनियंत्रित ट्रेलर राहगीरों को चपेट में लेता हुआ पलट गया जिससे दो महिला सहित चार लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि बेकरिया थाना क्षेत्र में मालवा का चौरा में अनियंत्रित ट्रेलर ने सड़क किनारे चल रहे राहगीरों को चपेट ले लिया और पलट गया। हादसे में तिलोई गांव निवासी मसरु गरासिया, हकरी बाई, सौवनी बाई तथा ट्रेलर चालक बलविंदर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

पाठ्यपुस्तकों में भारत और इंडिया का परस्पर प्रयोग, हम इस बहस में नहीं हैं: सकलानी

एनसीईआरटी प्रमुख बोले-इस पर हमारा रुख वही है जो हमारा संविधान कहता है

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा है कि एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में भारत और इंडिया का परस्पर प्रयोग किया जाएगा, जैसा कि देश के संविधान में है। ये टिप्पणियां सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम पर काम कर रही एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा यह सिफारिश किए जाने के मद्देनजर महत्वपूर्ण हैं कि सभी कक्षाओं की स्कूली पाठ्यपुस्तकों में इंडिया के स्थान पर भारत शब्द होना चाहिए।



एक साक्षात्कार में बातचीत में एनसीईआरटी प्रमुख ने कहा कि किताबों में दोनों शब्दों का इस्तेमाल किया जाएगा और परिषद को भारत या इंडिया से कोई परहेज नहीं है। उन्होंने कहा, यह परस्पर उपयोग के योग्य हैं....इस पर हमारा रुख वही है जो हमारा संविधान कहता है और हम उस पर कायम हैं। हम भारत का इस्तेमाल कर सकते हैं, हम इंडिया का इस्तेमाल कर सकते हैं, इसमें समस्या क्या है? हम इस बहस में नहीं हैं। जहां भी हमें ठीक लगे हम इंडिया का इस्तेमाल करेंगे, जहां भी हमें ठीक लगेगा हम भारत का इस्तेमाल करेंगे।

आरएसएस की सहयोगी के तौर पर काम कर रही एनसीईआरटी : जयराम रमेश



राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पाठ्यपुस्तकों में संशोधन को लेकर विवाद के बीच, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को आरोप लगाया कि यह संस्था 2014 से आरएसएस की सहयोगी के रूप में काम कर रही है और संविधान पर हमला कर रही है। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नीट-2024 परीक्षा में कृपांक (ग्रेस मार्क) विवाद के लिए एनसीईआरटी को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह केवल एनटीए की अपनी नाकामियों से ध्यान हटाने की कोशिश है। कांग्रेस नेता ने कहा- हालांकि यह सच है कि एनसीईआरटी अब पेशेवर संस्था नहीं रही।

नई दिल्ली की जामा मस्जिद में बच्चे ईद-उल-अजहा के पर्व का जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

त्र्यंबकेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं से मारपीट के आरोप में मामला दर्ज

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक जिले में त्र्यंबकेश्वर मंदिर में दो श्रद्धालुओं के साथ कथित तौर पर मारपीट करने को लेकर वहां तैनात तीन सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना रविवार की सुबह त्र्यंबकेश्वर मंदिर में हुई, जहां इस बार लंबे सप्ताहांत के कारण श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। पुलिस ने बताया कि 60 वर्षीय एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि एक सुरक्षा गार्ड ने उसके बेटे को धक्का दिया तथा उसके साथ दुर्व्यवहार किया, जब वह मंदिर में भगवान के दर्शन कर रहा था। महिला ने आरोप लगाया कि बाद में कुछ गार्ड मंदिर के बाहर आए और उसके तथा उसके बेटे के साथ दुर्व्यवहार किया।

पुलिस ने कन्नड हास्य अभिनेता चिक्कन्ना को भेजा नोटिस

बेंगलुरु, एजेंसी

रेणुकास्वामी हत्या मामला

रेणुकास्वामी हत्या मामले की जांच कर रहे पुलिस दल ने सोमवार को कन्नड अभिनेता चिक्कन्ना को पूछताछ के लिए पेश होने का नोटिस दिया।

पुलिस रेणुकास्वामी की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी दर्शन थूगुदीप और उसकी मित्र पवित्रा गौड़ा समेत 19 लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि मुख्य रूप से हास्य भूमिकाओं में नजर आने वाले 37 वर्षीय चिक्कन्ना से पूछताछ करने का निर्णय लिया गया क्योंकि कथित तौर पर वह आठ जून की रात को दर्शन के साथ थे, जब अपराध को अंजाम दिया गया था।

वहीं एक सूत्र ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी सिर्फ पूछताछ की बात है। हम जानना चाहते हैं कि क्या वह (चिक्कन्ना) मामले के बारे में जानते थे और उनके पास क्या जानकारी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दर्शन के प्रशंसक रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर गौड़ा को सोशल मीडिया पर कुछ अश्लील संदेश भेजे थे, जिससे 47 वर्षीय अभिनेता नाराज हो गए थे। मामले की अभी जांच जारी है।

अमित शाह ने हिंसा में शामिल लोगों पर कानूनी कार्रवाई के दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

- गृह मंत्री ने सुरक्षा हालात की समीक्षा को लेकर की बैठक



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को मणिपुर में सुरक्षा हालात की समीक्षा को लेकर बैठक की, जहां एक वर्ष से अधिक समय से जातीय हिंसा का माहौल है। शाह ने मणिपुर में हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ अधिकारियों को कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं अधिकारियों ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकारों तथा अन्य सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारी इस संबंध में एक उच्च-स्तरीय बैठक में शामिल हुए।

मणिपुर की राज्यपाल अनुसूइया उइके ने रविवार को यहां शाह से मुलाकात की थी और समझा जाता है कि दोनों ने राज्य के मौजूदा हालात पर चर्चा की। बहुसंख्यक मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग के विरोध में राज्य के पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के बाद 3 मई, 2023 को मणिपुर में जातीय हिंसा भड़क उठी थी। तब से जारी हिंसा में कुकी और मेइती समुदायों तथा सुरक्षा बलों के 220 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने 10 जून को मणिपुर में एक साल के बाद भी शांति नहीं कायम होने पर चिंता जताई थी। मोहन भागवत ने नागपुर में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा था कि मणिपुर पिछले एक साल से शांति स्थापित होने की प्रतीक्षा कर रहा है।

लोगों ने आवश्यक सामग्री की आपूर्ति करने वाले ट्रकों को रोका

इंफाल। मणिपुर के तामेंगलोंग जिले में तातबंग के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर सोमवार को इंफाल में आवश्यक सामग्री की आपूर्ति करने जा रहे 100 से अधिक ट्रकों को लोगों ने रोक दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने जिरिबाम जिले में हुई हिंसा के विरोध में इंफाल-सिलचर राजमार्ग को अनिश्चितकाल के लिए बंद करने का आह्वान किया है। पुलिस ने कहा, इस बंद के समर्थकों में ज्यादातर महिलाएं हैं जिन्होंने जिरिबाम से इंफाल घाटी की ओर जा रहे ट्रकों को रोक दिया।

केरल कांग्रेस ने विवादास्पद पोस्ट को लेकर ईसाइयों से माफी मांगी

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- कहा-अपमान और निरादर करना कांग्रेस की परंपरा नहीं

केरल कांग्रेस ने सोमवार को ईसाई समुदाय से माफी मांगी। इससे एक दिन पहले कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पोप फ्रांसिस के साथ उनकी हालिया मुलाकात को लेकर सोशल मीडिया पर कटाक्ष किया था, जिससे राज्य में राजनीतिक विवाद उत्पन्न हो गया था। कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल से उक्त पोस्ट को भी हटा लिया है।

कांग्रेस की केरल प्रदेश इकाई ने अपने एक्स हैंडल पर एक ताजा पोस्ट में कहा कि यदि उसके पहले के पोस्ट से ईसाई धर्मावलंबियों को कोई भावनात्मक या मनोवैज्ञानिक पीड़ा हुई है तो वह उनसे बिना शर्त माफी मांगती है। स्पष्टीकरणात्मक पोस्ट में पार्टी ने कहा कि राज्य के लोग स्पष्ट रूप से जानते हैं कि किसी भी धर्म, धर्मगुरुओं या प्रतिमाओं का अपमान और निरादर करना कांग्रेस की परंपरा नहीं है। कांग्रेस ने कहा कि कोई भी कांग्रेस कार्यकर्ता पोप का अपमान करने के बारे में दूर-दूर तक नहीं सोचेगा, जिन्हें दुनिया भर के ईसाई भगवान के समान मानते हैं।

दिल्ली में जल संकट भाजपा द्वारा प्रायोजित : संजय

नई दिल्ली, एजेंसी

- आप के राज्यसभा सदस्य ने राजधानी के निवासियों के खिलाफ साजिश रचने का लगाया आरोप

आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने सोमवार को आरोप लगाया कि दिल्ली में जल संकट भाजपा द्वारा जानबूझकर उत्पन्न किया गया है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने भाजपा पर राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। इन आरोपों पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

सिंह ने कहा-हमारा मानना है कि प्यासे को पानी पिलाने से ज्यादा पुण्य का काम नहीं होता और पानी रोकने से बड़ा कोई पाप नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया, पिछले कई दिनों से दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रायोजित जल संकट है। जब मैं कह रहा हूं कि यह भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रायोजित जल संकट है, तो मैं आपको बताना चाहता हूं कि भाजपा के लोग चाहते हैं कि दिल्ली के लोगों को पानी न मिले और इसके लिए भाजपा के लोग हरसंभव कोशिश कर रहे हैं कि कैसे भी करके दिल्ली में जल संकट हो। आप नेता ने कहा कि दिल्ली को हरियाणा से पानी मिलता है और जब भाजपा शासित राज्य आवश्यक पानी नहीं देता है तो पानी की कमी हो जाती है। उन्होंने कहा-दिल्ली में पानी कम हो रहा है, क्योंकि हमें हरियाणा से पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है और इसके परिणामस्वरूप दिल्ली में जल संकट पैदा हो गया है। सिंह ने कहा कि दिल्ली को, उसका उचित हिस्सा देने के लिए हरियाणा सरकार से बार-बार अनुरोध करने के बावजूद उसे उसका हक नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा, "हम हरियाणा के लोगों के लिए पानी का हिस्सा नहीं मांग रहे हैं, हम दिल्ली के हिस्से का पानी मांग रहे हैं, आप वह भी नहीं देना चाहते।

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने हरियाणा सरकार से यमुना नदी में पानी छोड़ने की अपील की

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने सोमवार को वजीराबाद बैराज का दौरा किया और हरियाणा सरकार से यमुना नदी में पानी छोड़ने की अपील की। आतिशी ने कहा कि वजीराबाद बैराज को हरियाणा से पानी मिलता है, जो चंद्रावल, ओखला और वजीराबाद के जल उपचार संयंत्रों में जाता है। उन्होंने कहा, "अगर पानी नहीं मिलेगा, तो जल उपचार संयंत्र कैसे काम करेंगे। हम हरियाणा सरकार से अपील करते हैं कि दिल्ली के लोग चिंतित हैं और उन्हें यमुना नदी में पानी छोड़ना चाहिए।"



पंड्या और पंत का प्रदर्शन सकारात्मक पहलू

पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन बोले- पंड्या का बेहतर गेंदबाजी प्रदर्शन और पंत का बल्ले से योगदान टीम के लिए उपयोगी

नई दिल्ली, एजेंसी

टी-20 विश्व कप के ग्रुप चरण में भारत के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि हार्दिक पंड्या का उम्मीद से बेहतर गेंदबाजी प्रदर्शन और ऋषभ पंत का तीसरे नंबर पर बल्ले से उपयोगी योगदान टीम के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक चीजों में शामिल हैं।

भारत ने आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की। कनाडा के खिलाफ टीम का आखिरी मैच गीली आउटफील्ड के कारण रद्द हो गया था। हरभजन ने कहा टीम के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक बात यह है कि हार्दिक पंड्या विकेट चटका रहे हैं। विश्व कप से पहले इंडियन प्रीमियर लीग में पंड्या का प्रदर्शन खराब था लेकिन उन्होंने अमेरिका में ग्रुप चरण के तीन मैचों में सात विकेट लेकर अच्छी वापसी की। पंत दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल हो गये थे। उन्होंने लंबे इलाज और रिहैबिलिटेशन के बाद इस साल आईपीएल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। टी-20 विश्व कप में उन्होंने तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए मुश्किल पिच पर 124.67 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। हरभजन ने कहा पंड्या के अलावा ऋषभ पंत ने तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी से प्रभावित किया। जब वह तीसरे नंबर पर खेलते है तो दाएं और बाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन बनता है। भारत सुपर आठ में अपने अभियान की शुरुआत 20 जून को बारबाडोस में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा। टीम के पास नई परिस्थितियों की चुनौती का सामना करने की क्षमता है। टीम के साथ बहुत सारी सकारात्मक चीजें हैं। बेशक, चुनौतियां और कठिनाई है, लेकिन चुनौतियां उनके सामने आती हैं जो बेखौफ होते हैं। यह निडर खिलाड़ियों की टीम है। उन्होंने अच्छा संघर्ष किया और बहुत अच्छा खेले। इस वजह से वे ग्रुप में शीर्ष पर रहे।

रोहित के कोच ने ही मेरे करियर को दिया आकार : हरमीत सिंह

नई दिल्ली। अमेरिका में चल रहे टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रही अमेरिकी टीम का हिस्सा बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह ने खुलासा किया है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के कोच दिनेश लाड ने उनके करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 31 वर्षीय हरमीत ने दो अंडर-19 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया और अमेरिका जाने से पहले आयु वर्ग टूर्नामेंटों में मुंबई के लिए खेले। वह अब अमेरिकी टीम के सदस्य है जिसने टी-20 विश्व कप में अपने पहले ही प्रयास में सुपर आठ चरण में जगह बनाई। एक वीडियो में हरमीत ने कहा मैं इस यात्रा में मेरा साथ देने वाले सभी लोगों और विशेष रूप से दिनेश लाड सर को धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरी प्रतिभा को सबसे पहले लाड सर ने पहचाना जो मेरे स्कूल के दिनों में कोच और मेंटर थे (रोहित शर्मा उसी स्कूल में पढ़ते थे)। उन्होंने कहा असल में उन्होंने ही मुझे अपने स्कूल में शामिल होने की सलाह दी थी। वहां उन्होंने मुझे वह सब कुछ दिया जो वह संभवत: दे सकते थे। हरमीत ने कहा कि लाड के बिना उनकी प्रगति संभव नहीं थी। मैंने स्वामी विवेकानंद स्कूल में दाखिला लिया।

7 विकेट ग्रुप चरण के तीन मैचों में लेकर हार्दिक पंड्या ने की है अच्छी वापसी

गंभीर ने गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात

नई दिल्ली। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर गौतम गंभीर ने सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। गंभीर 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर पूर्वी दिल्ली से सांसद बने थे। उन्होंने अपने क्रिकेट कोचिंग करियर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सक्रिय राजनीति से ब्रेक ले लिया है।

गंभीर ने एक्स पर शाह के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा हाल की चुनावी सफलता पर बधाई देने के लिए माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी से मुलाकात की। गृह मंत्री के रूप में उनका नेतृत्व हमारे राष्ट्र की सुरक्षा और स्थिरता को और मजबूत करेगा। गंभीर टी-20 विश्व कप के बाद भारत के मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ की जगह लेने के मजबूत दावेदार हैं। द्रविड़ ने पुष्टि की है कि वह मौजूदा टी-20 विश्व कप के बाद भारतीय टीम के कोच का पद छोड़ देंगे। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने संभावित नई नियुक्ति पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। यह पता चला है कि अशोक मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली सीएसी ने अभी तक किसी भी इच्छुक उम्मीदवार का साक्षात्कार नहीं लिया है।

विश्वकप में हम अच्छी टीम की तरह नहीं खेले : बाबर

लॉडरहिल, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि टीम हर किसी का अपनी एक भूमिका होती है और हम टी-20 विश्वकप में एक टीम के तौर पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। टी-20 विश्वकप में टीम के प्रदर्शन के बारे में उन्होंने कहा मैंने आपको जैसा कि पहले भी कहा कि हम एक व्यक्ति की वजह से नहीं हारे हैं, हम एक टीम के तौर पर जीतते या हारते हैं। आप कप्तान होने के संदर्भ में मेरे से यह सवाल कर रहे हैं लेकिन मैं हर खिलाड़ी की जगह नहीं खेल सकता।

टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं और हर किसी का अपना रोल होता है। हम यह स्वीकारते हैं कि हम एक टीम के तौर पर अच्छा नहीं खेले। जिस तरह की टीम हमारे पास थी उससे बेहतर परिणाम की अपेक्षा थी। एक कप्तान के तौर पर मैं किसी एक खिलाड़ी के ऊपर उंगली नहीं उठा सकता। कमी सभी 15 खिलाड़ियों में थी। हम समीक्षा करेंगे। हम एक टीम के तौर पर अच्छा नहीं खेले। हम भी प्रशंसकों जितना ही हताश हैं। यह किसी एक की गलती नहीं है। जब मैंने कप्तानी छोड़ी थी, तब मुझे यही लगा था कि मुझे आगे कप्तानी नहीं करनी चाहिए और इसीलिए मैंने स्वयं ही कप्तानी छोड़ने की घोषणा कर दी थी। इसके बाद मुझे वापस कप्तानी दे दी गई और यह पीसीबी का फैसला था। जब मैं वापस जाऊंगा तब जो भी चीजे यहां घटित हुई हैं अगर मुझे कप्तानी छोड़नी पड़ी तो मैं सार्वजनिक तौर पर इसकी घोषणा करूंगा। लेकिन मैंने इस बारे में नहीं सोचा है। इस पर फैसला पीसीबी को करना है।

मैंने ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी: कर्स्टन

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम की तीखी आलोचना करते हुए मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने कहा कि टीम में कोई एकता नहीं है और उन्होंने अपने लंबे कोचिंग करियर में ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी। कर्स्टन की आलोचना अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी-20 विश्व कप से पाकिस्तान टीम के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद आई है। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ पत्रकार ने कर्स्टन के हवाले से कहा पाकिस्तान की टीम में कोई एकता नहीं है। वे इसे एक टीम कहते हैं, लेकिन यह एक टीम नहीं है।

पावो नूरमी खेलों से तैयारियों की शुरुआत करेंगे नीरज

तुर्कू (फ़िनलैंड), एजेंसी

मामूली चोट से उबरने के लिए कुछ समय तक आराम करने वाले ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा मंगलवार को पावो नूरमी खेलों में भाग लेकर पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए अपनी तैयारियों की शुरुआत करेंगे। चोपड़ा इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं।

इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को जर्मनी के किशोर एथलीट मैक्स डेहनिंग की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है जो 90 मीटर तक भाला फेंकने वाले खिलाड़ियों की सूची में सबसे युवा खिलाड़ी हैं। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी को ओलंपिक में चोपड़ा के लिए कड़ा प्रतिस्पर्धी माना जा रहा है। उनके अलावा इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ी ओलिवर हेलैंडर भी अपनी चुनौती पेश करेंगे जिन्होंने यहां 2022 में चोपड़ा को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक जीता था।



भारतीय खिलाड़ी ने 2022 में 89.30 मीटर भाला फेंक कर रजत पदक जीता था। यह उनका तब व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी था। उन्होंने उसी वर्ष डायमंड लीग के स्टोकहोम चरण में 89.94 मीटर भाला फेंक कर इसमें सुधार किया था। ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के 2012 ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वालकॉट भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। चोपड़ा जांघ की मांसपेशियों में हल्के दर्द के कारण पिछले महीने ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक प्रतियोगिता से हट गए थे। दोहा डायमंड लीग से अपने सत्र की शुरुआत करने वाले चोपड़ा पावो नूरमी खेलों के बाद सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में भाग लेंगे।

सुपर-8 : आखिरी टिकट पर बांग्लादेश का कब्जा

किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट), एजेंसी

युवा तेज गेंदबाज तंजीम हसन साकिब ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात रन देकर चार विकेट लिए जिससे बांग्लादेश ने बल्लेबाजों की नाकामी के बावजूद नेपाल को 21 रन से हराकर टी-20 विश्व कप के सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की।

पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका को हैरत में डालने वाले नेपाल के गेंदबाजों ने फिर से अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने बांग्लादेश की टीम को 19.3 ओवर में 106 रन पर आउट कर दिया। इसके जवाब में नेपाल का स्कोर एक समय 5 विकेट पर 78 रन था लेकिन उसने सात रन के अंदर अपने बाकी बचे 5 विकेट गंवा दिए और उसकी पूरी टीम 19.2 ओवर में 85 रन पर आउट हो गई। बांग्लादेश की तरफ से तंजीम ने कसी गेंदबाजी की। उन्होंने अपने चार ओवर में 21 गेंद ऐसी की जिन पर रन नहीं बने। उनके अलावा मुस्तफिजुर रहमान ने सात रन देकर तीन और शाकिब अल हसन ने नौ रन देकर दो विकेट लिए। यह पहला अवसर है जबकि बांग्लादेश ने टी-20 विश्व कप में तीन मैच जीते। तंजीम ने शानदार गेंदबाजी करके नेपाल का शीर्ष क्रम झकझोर दिया। नेपाल का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 26 रन था लेकिन कुशल मल्ला (27) और विश्व रिकॉर्ड धारक दीपेंद्र सिंह ऐरी (25) ने छठे विकेट के लिए 52 रन जोड़कर अपनी टीम की उम्मीद जगा दी। मुस्तफिजुर ने कुशल को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। इसके बाद उन्होंने दीपेंद्र को भी आउट किया जिनके नाम पर टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 9 गेंद पर अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने मैच के बाद कहा हमने इस चरण में जिस तरह का प्रदर्शन किया उससे हम काफी खुश हैं। मुझे उम्मीद है कि हम गेंदबाजी में अपना ऐसा ही प्रदर्शन जारी रखेंगे। आशा है अगले दौर में हमारे बल्लेबाज भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने बेहद लचर प्रदर्शन किया। उसका कोई भी बल्लेबाज 20 रन तक नहीं पहुंच पाया। उसकी तरफ से शाकिब ने सर्वाधिक 17 रन बनाए।

नेपाल की तरफ से सोमपाल कामी, संदीप लामिछाने, दीपेंद्र सिंह ऐरी और कप्तान रोहित पौडेल ने दो-दो विकेट लिए। नेपाल के कप्तान पौडेल ने कहा कि अगर उनके बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया होता तो परिणाम उनके अनुकूल रह सकता था। हमारे बल्लेबाजों विशेष कर शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए था। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की और हम पर दबाव बना दिया। हमें यह सीखना होगा कि किन क्षेत्रों में रन बनाने हैं। हमें परिस्थितियों से तालमेल बिठाना सीखना होगा।

नीदरलैंड को हराने के बाद जश्न मनाते बांग्लादेश के खिलाड़ी। ● एजेंसी

21 रन से बांग्लादेश ने नेपाल को हराया
तंजीम और मुस्तफिजुर ने बिखेरी चमक

टी-20 विश्वकप अंक तालिका

ग्रुप ए	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
भारत (क्वा)	4	3	0	7	1.137	1
अमेरिका (क्वा)	4	2	1	5	0.127	1
पाकिस्तान (बा)	4	2	2	4	0.294	0
कनाडा (बा)	4	1	2	3	-0.493	1
आयरलैंड (बा)	4	0	3	1	-0.594	1
ग्रुप बी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
ऑस्ट्रेलिया (क्वा)	4	4	0	8	2.791	0
इंग्लैंड (क्वा)	4	2	1	5	3.611	1
स्कॉटलैंड (बा)	4	2	0	5	2.164	1
नामीबिया (बा)	4	1	3	2	-2.529	0
ओमान (बा)	4	0	4	0	-3.062	0
ग्रुप सी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
अफगानिस्तान (क्वा)	3	3	0	6	4.230	0
वेस्टइंडीज (क्वा)	3	3	0	6	2.596	0
न्यूजीलैंड (बा)	3	1	2	2	-0.241	0
युगांडा (बा)	4	1	3	2	-4.510	0
पापुआ न्यू गिनी (बा)	3	0	3	0	-0.886	0
ग्रुप डी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
द. अफ्रीका (क्वा)	4	4	0	8	0.470	0
बांग्लादेश (क्वा)	4	3	1	6	0.616	0
श्रीलंका (बा)	4	1	2	3	0.863	1
नीदरलैंड (बा)	4	1	3	2	-1.358	0
नेपाल (बा)	4	0	3	1	-0.542	1

अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग पर पहुंचे सुमित नागल

नई दिल्ली। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल एटीपी एकल रैंकिंग में सुधार जारी रखते हुए 71वें स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके करियर की सर्वोच्च रैंकिंग है। ओलंपिक की तैयारी में लगे नागल पिछले सप्ताह 77वें स्थान पर थे। वह पेरुगिया एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में उपविजेता रहने के कारण छह पायदान आगे बढ़ने में सफल रहे।

पेरिस ओलंपिक के पुरुष एकल के ड्रा में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी नागल के अब 777 एटीपी अंक हैं। नागल ने हाल में अच्छा प्रदर्शन करके न सिर्फ अपनी रैंकिंग में सुधार किया बल्कि इससे वह ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल में जगह बनाने में भी सफल रहे। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन फ्रेंच ओपन में वह पहले दौर में बाहर हो गए थे। नागल ने इस साल की शुरुआत में जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप 2024 चैलेंजर प्रतियोगिता और फरवरी में चेन्नई ओपन में खिताब जीता था।

इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराया

गेल्सेंकिर्चेन (जर्मनी), एजेंसी

जूड बेलिंगहैम के गोल की मदद से इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। रियल मैड्रिड की तरफ से खेलने वाले बेलिंगहैम ने 13वें मिनट में बुकायो साका के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

इस मैच से पहले दोनों टीम के प्रशंसकों के बीच आपस में झड़प हो गई थी जिसके कारण सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। बेलिंगहैम के शुरू में गोल करने के बाद इंग्लैंड के प्रशंसक जश्न में डूब गए। सर्बिया ने इसके बाद कुछ मौके बनाए लेकिन वह अपने समर्थकों को जश्न मनाने का मौका नहीं दे पाया। बेलिंगहैम ने मैच के बाद कहा यह व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए शानदार शुरुआत है और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है लेकिन टीम को जीत दिलाना अधिक महत्वपूर्ण है। इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन दूसरे हाफ में बढ़त दोगुनी करने के करीब पहुंच गए थे लेकिन सर्बिया के गोलकीपर प्रेड्रैग राजकोविच ने उनका हेडर गोल के अंदर नहीं जाने दिया। केन का किसी बड़े टूर्नामेंट में यह 23वां मैच था जो इंग्लैंड की तरफ से नया रिकॉर्ड है।

केन ने मैच के बाद कहा यह बेहद कड़ा मैच था। उनके पास कुछ अच्छे खिलाड़ी हैं और उनकी टीम को हराना आसान नहीं है। इस मैच से तीन अंक हासिल करना अच्छा रहा। इस जीत से इंग्लैंड ग्रुप सी में शीर्ष पर पहुंच गया। इस ग्रुप में इससे पहले डेनमार्क और स्लोवेनिया का मैच 1-1 से ड्रॉ रहा था। इंग्लैंड अपना अगला मैच गुरुवार को फ्रैंकफर्ट में डेनमार्क के खिलाफ खेलेगा।

गेंद के लिए जद्दोजहद करते इंग्लैंड और सर्बिया के खिलाड़ी। ● एजेंसी

बादशाहत के लिए भिड़ेंगी वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान

ग्रोस आइलेट (सेंट लूसिया)। शानदार प्रदर्शन कर रही अफगानिस्तान और मेजबान वेस्टइंडीज मंगलवार को जब टी20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप चरण मैच में एक-दूसरे से भिड़ेंगे तो उनकी कोशिश इसे जीतकर सुपर आठ चरण से पहले आत्मविश्वास को मजबूत करने की होगी।

ग्रुप सी में दोनों टीमें तीन मैचों में तीन जीत के साथ पहले ही सुपर आठ में पहुंच चुकी हैं और ऐसे में दोनों के लिए यह मुकाबला आत्मविश्वास हासिल करने के नजरिये से अहम है। पापुआ न्यू गिनी पर मुश्किल जीत के साथ शुरुआत करने के बाद वेस्टइंडीज ने युगांडा और न्यूजीलैंड पर प्रभावशाली जीत दर्ज की तो वहीं दूसरी ओर, अफगानिस्तान के अब तक के अभियान में कोई कमजोर कड़ी नहीं दिखी है। राशिद खान की अगुवाई वाली टीम कैरेबियन पिचों और यहां की परिस्थितियों का लुत्फ उठा रही है। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से होगा।

श्रीलंका ने नीदरलैंड को 83 रनों से हराया

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी

कुसल मेंडिस (46), चरिथ असलंका (46) की शानदार पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर श्रीलंका ने टी-20 विश्वकप के 38वें मैच में नीदरलैंड को 83 रनों से हराते हुए टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की।

डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में नीदरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर पथुम निसंका (शून्य)का विकेट गवां दिया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए कामिंडु मेंडिस (17) भी छठें ओवर में पवेलियन लौट गए। उसके बाद कुसल मेंडिस ने 29 गेंदों में (46), चरिथ असलंका ने 21 गेंदों में (46), धनंजय डी सिल्वा ने 26 गेंदों में (34) और एंजेलो मैथ्यूज नाबाद 15 गेंदों में (30) ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में टीम का स्कोर छह विकेट पर 201 पहुंचाया। नीदरलैंड की ओर से लोगन वैन बीक ने दो विकेट लिये। विवियन किंगमा, आर्यन दत्त, पॉल वैन मीकरेन ओर टिम प्रिंगल ने एक-एक विकेट लिया।

202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड की माइकल लेविट और मैक्स ओ''डाउड की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 45 रन जोड़े। मैक्स ओ''डाउड (11) और माइकल लेविट (31) रन बनाकर आउट हुये। श्रीलंकाई गेंदबाजों के आगे नीदरलैंड के बल्लेबाज टिक नहीं सके और उसके लगातार विकेट गिरते रहे। विक्रमजीत (7), साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट (11), स्कॉट एडवर्ड (15), एडवड्र्स (31) और आर्यन दत्त (10) रन बनाकर आउट हुये। छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका के गेंदबाजों ने नीदरलैंड की पूरी टीम को 16.4 ओवर में 118 पर ढ़ेर कर मुकाबला 83 रनों से जीत लिया और टूर्नामेंट में अपना सफर समाप्त किया।

साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने क्रिकेट से लिया संन्यास

ग्रोस आइलेट। नीदरलैंड के मध्यक्रम के बल्लेबाज साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 35 वर्षीय एंगेलब्रेक्ट ने रविवार को श्रीलंका के मिली हार के बाद टूर्नामेंट में अपनी टीम का अभियान समाप्त होने पर अपने संन्यास की घोषणा की है। साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट का यह आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच था। उन्होंने इस मैच में शानदार क्षेत्ररक्षण करते हुए ब्राउंड्री का बचाव किए जाने का वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल है इसे इंस्टाग्राम रील्स पर दस लाख से ज्यादा बार देखा गया। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे एंगेलब्रेक्ट ने वर्ष 2023 में नीदरलैंड की टीम में पदार्पण किया था। उन्होंने अपने करियर मे 12 एकदिवसीय और 12 टी-20 मैच खेले।

चरिथ असलंका
46 रन

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

पन्नू की हत्या की साजिश का आरोपी भारतीय नागरिक अमेरिका प्रत्यर्पित

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में एक सिख अलगाववादी की सुपारी देकर हत्या कराने की साजिश में शामिल होने के आरोपी भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य से प्रत्यर्पित कर दिया गया। रविवार को खबरों में यह बात सामने आई। गुप्ता (52) को सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोपों में अमेरिका की सरकार के अनुरोध पर पिछले साल चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था।

द वाशिंगटन पोस्ट ने सबसे पहले गुप्ता के प्रत्यर्पण की खबर जारी की। वह फिलहाल ब्रूकलिन में संघीय मेट्रोपॉलिटन हिरासत केंद्र में बंद है और वहां उसे बंदी के तौर पर रखा गया है। अखबार की खबर के अनुसार, गुप्ता, जिसे चेक गणराज्य में हिरासत में लिया गया था, को सप्तातांत में न्यूयॉर्क लाया गया। मामले के जानकार लोगों ने नाम जाहिर नहीं होने के अनुरोध पर यह जानकारी दी है। संघीय अभियोजकों का आरोप है कि गुप्ता ने पन्नू की हत्या के लिए एक व्यक्ति को सुपारी दी थी और 15,000 डॉलर अग्रिम राशि का भुगतान किया था। उनका आरोप है कि भारत सरकार का एक अधिकारी इसमें शामिल था।

द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर चर्चा

नयी दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने सोमवार को अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन के साथ विस्तृत चर्चा की और इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से महत्वाकांक्षी महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर भारत-अमेरिका पहल (आईसीईटी) के क्रियान्वयन, द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर ध्यान केंद्रित किया। सुलिवन 17 से 18 जून तक दिल्ली की यात्रा पर हैं। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) सुलिवन के साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है जिसमें अमेरिका के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और उद्योग जगत के दिग्गज शामिल हैं। ऐसी जानकारी मिली है कि दोनों देशों के एनएसए ने प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) पर भी विचार-विमर्श किया।

पुतिन उ. कोरिया की यात्रा के दौरान किम से करेंगे मुलाकात

सियोल। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर उत्तर कोरिया पहुंचेंगे। यह 24 वर्षों में पुतिन की उत्तर कोरिया की पहली यात्रा होगी। यह घोषणा दोनों देशों ने की। उम्मीद है कि पुतिन उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच वार्ता सैन्य सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित होगी।

उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि पुतिन किम के निमंत्रण पर मंगलवार और बुधवार को राजकीय यात्रा पर रहेंगे। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस बारे में तत्काल विस्तृत जानकारी नहीं दी। रूस ने भी इस यात्रा की पुष्टि की।

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बिजली गुल, यात्री सेवा प्रभावित

नयी दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार अपराह्न को थोड़ी देर के लिए बिजली गुल होने से चेक-इन और बोर्डिंग संचालन सेवा प्रभावित हो गयी। हवाई अड्डे पर बिजली गुल होने पर कई यात्रियों ने निराशा व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया एक्स का सहारा लिया और जमकर इससे संबंधित पोस्ट डाली।

दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने एक बयान में कहा, सोमवार अपराह्न करीब दो बजे दिल्ली हवाई अड्डे के मुख्य रिसीविंग सब-स्टेशन (एमआरएसएस) के ग्रिड में वोल्टेज अचानक से तेजी से बढ़ गया, जो कथित तौर पर 765 केवी लाइन की ट्रिपिंग के कारण हुआ था। दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड (डीटीएल) ग्रिड से हुए इस वोल्टेज असंतुलन से कुछ समय के लिए सभी आईजीआई टर्मिनलों की सेवाएं प्रभावित हुईं, जिससे सामान को यात्रियों के पास पहुंचाने संबंधी और ई-गेट सेवा भी प्रभावित हुई।

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बिजली गुल होने पर परेशान यात्री।

मतभेदों का उचित समाधान निकालेंगे चीन-ऑस्ट्रेलिया

मेलबर्न। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने सोमवार को कहा कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ दोनों देशों के बीच मतभेदों का उचित तरीके से समाधान निकालने पर सहमति जताई है।

ली कियांग, अल्बनीज और दोनों देशों के वरिष्ठ मंत्रियों ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के संसद भवन में मुलाकात की और व्यापार बाधाओं, अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में दोनों देशों की सेनाओं के बीच संघर्ष तथा ऑस्ट्रेलिया में महत्वपूर्ण खनिजों में निवेश करने की चीन की इच्छा सहित कई जटिल मुद्दों पर चर्चा की। ली शनिवार को एडिलेड और रविवार को राष्ट्रीय राजधानी कैनबरा पहुंचे।

एक नजर

पाकिस्तान की कार्रवाई में पांच आतंकवादी ढेर

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सोमवार को बयान में कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर रविवार को सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर कबायली जिले में अभियान के दौरान, सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकाने पर प्रभावी ढंग से कब्जा कर लिया और पांच आतंकवादियों को मार गिराया। आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किये गये।

इक्वाडोर में भूस्खलन से आठ लोगों की मौत

क्विटो। इक्वाडोर के राष्ट्रीय जोखिम प्रबंधन सचिवालय ने सोमवार को बताया कि रविवार को भूस्खलन के कारण रिसॉर्ट शहर बानोस डी अगुआ सांता में सड़क मार्ग बंद हो गया और यहां स्थित घरों को नुकसान पहुंचा। इक्वाडोर के परिवहन एवं लोक निर्माण मंत्री रॉबर्टो लुके ने एक्स पर लिखा, हम राहत प्रयासों में मदद के लिए समन्वय कर रहे हैं और अधिक मशीनरी तैनात कर रहे हैं।

अर्जेंटीना में डेंगू के पांच लाख से अधिक मामले

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना में इस साल अब तक डेंगू के 508,000 से अधिक मामले सामने आए हैं, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 3.29 गुना अधिक है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक इस वर्ष के पहले 23 सप्ताहों में डेंगू के 508,867 मामले सामने आए, जो 2023 के 31वें सप्ताह में डेंगू की लहर के बाद से दर्ज किए गए कुल 526,030 मामलों का 96.7 प्रतिशत है। मध्य क्षेत्र में सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए, जो कुल मामलों का 61.6 प्रतिशत है, इसके बाद उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में 23.1 प्रतिशत और पूर्वोत्तर क्षेत्र में 13.1 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए। दक्षिण अमेरिकी देश के 24 जिलों में से 19 में डेंगू फैल रहा है।

यात्री विमान में लगी आग सुरक्षित उतारा गया

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड में सोमवार को एक यात्री विमान के इंजन में आग लगने के बाद हवाई जहाज को एक हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया। अग्निशमन विभाग ने यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न के लिए उड़ान भरने वाले वर्जिन ऑस्ट्रेलिया बोइंग 737-800 जेट विमान को आग लगने के कारण मार्ग बदलना पड़ा और हवाई जहाज को न्यूजीलैंड के इन्वरकार्गिल शहर में उतारा गया।

कवच प्रणाली युक्त नहीं था न्यू जलपाईगुड़ी मार्ग

रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष सिन्हा ने कहा कि मिशन मोड पर किया जा रहा है कवच का क्रियान्वयन


दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त ट्रेन की बोगियां।

नयी दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

रेलवे के गुवाहाटी-दिल्ली मार्ग पर जहां सोमवार को सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस में एक मालगाड़ी ने पीछे से टक्कर मारी वहां कवच या ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली उपयोग में नहीं थी। एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि इस मार्ग के लिए स्वचालित टक्कर रोधी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा, अभी यह वहां नहीं है।

मालगाड़ी के चालक की ओर से संभावित मानवीय भूल की ओर इशारा करते हुए सिन्हा ने कहा कि न्यू जलपाईगुड़ी के निकट टक्कर संभवतः इसलिए हुई क्योंकि मालगाड़ी ने सिग्नल की अनदेखी की और अगरतला से सियालदह जा रही कंचनजंघा एक्सप्रेस को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मालगाड़ी के लोको पायलट और कंचनजंघा एक्सप्रेस के गार्ड की भी मौत हो गई है।

सिन्हा ने कहा कि कवच का क्रियान्वयन मिशन मोड पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह 1,500 किलोमीटर रेलवे ट्रैक पर पहले से ही क्रियाशील है, जबकि इस वर्ष के अंत तक इसमें 3,000 किलोमीटर और जोड़ दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के रेलवे नेटवर्क में कवच परियोजना का तेजी से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं द्वारा सुरक्षा प्रणाली का उत्पादन बढ़ाया जाना चाहिए।

वहीं त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने मारे गये त्रिपुरा के यात्री के परिजनों को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। साहा ने कहा कि दुर्घटना से प्रभावित त्रिपुरा के यात्रियों के इलाज पर आने वाला खर्च राज्य सरकार उठायेगी।

इन ट्रेनों का बदला रूट

दुर्घटना स्थल पर जाते केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव।

ट्रेन संख्या 19602 न्यू जलपाईगुड़ी उदयपुर सिटी साप्ताहिक एक्सप्रेस, 20503 डिब्रूगढ़-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 12423 डिब्रूगढ़-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 01666 अगरतला-रानी कमलापति विशेष ट्रेन, 12377 सियालदह-न्यू अलीपुरद्वार पदातिक एक्सप्रेस, 06105 नागरकोइल जंक्शन, डिब्रूगढ़ स्पेशल, 20506 नयी दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस, 12424 नयी दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस, 22301 हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस, 12346 गुवाहाटी-हावड़ा सरायघाट एक्सप्रेस, 12505 कामाख्या-आनंद विहार नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस, 12510 गुवाहाटी-बेंगलुरु एक्सप्रेस, 22302 न्यू जलपाईगुड़ी-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, 15620 कामाख्या-गया एक्सप्रेस, 15962 डिब्रूगढ़-हावड़ा कामरूप एक्सप्रेस, 15636 गुवाहाटी-ओखा एक्सप्रेस, 15930 न्यू तिनसुकिया-ताम्बरम एक्सप्रेस, 13148 बामनहाट-सियालदह उत्तर बंगा एक्सप्रेस, 22504 डिब्रूगढ़-कन्याकुमारी एक्सप्रेस, 13142 न्यू अलीपुरद्वार-सियालदाह तीस्ता तोरसा, 12344 हल्दीबाड़ी- सियालदाह दार्जिलिंग मेल, 12378 न्यू अलीपुरद्वार सियालदाह पदातिक एक्सप्रेस, 15651 गुवाहाटी-जम्मू तवी लोहित एक्सप्रेस और 15658 कामाख्या-दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल परिवर्तित मार्ग से चलेंगी।

भीषण रेल हादसों से दहला साल 2024

पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी में सोमवार को मालगाड़ी ने सियालदाह जाने वाली कंचनजंघा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। भीषण हादसे में अब तक पांच लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 25 से ज्यादा लोग घायल हैं। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद कंचनजंघा एक्सप्रेस की कई बोगियां पटरी से उतर गईं। साल 2024 में हुए भीषण रेल दुर्घटनाओं के बारे में आपको अवगत कराते हैं।

- 18 जनवरी 2024 को झारखंड के गम्हरिया रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक पार कर रहे चार लोग उत्कल एक्सप्रेस की चपेट आ गए थे। सभी की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई थी। नई दिल्ली-पुरी उत्कल एक्सप्रेस टाटानगर स्टेशन जा रही थी। गम्हरिया रेलवे स्टेशन के पास घने कोहरे के कारण रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान चार लोग तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए थे।
- 17 फरवरी 2024 को दिल्ली में जखीरा फ्लाईओवर के पास मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस मालगाड़ी में लोहे की शीट के रोल लोड थे। सराय रोहिल्ला रेलवे के पास एक मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। हादसे के बाद रेलवे की टीमों ने मरम्मत कार्य शुरू कर ट्रेनों का आवागमन सुगम किया। जानमाल का नुकसान नहीं हुआ था।
- 28 फरवरी 2024 को झारखंड के जामताड़ा और विद्यासागर स्टेशन के बीच कई लोगों पर ट्रेन चढ़ गई थी। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई थी। डाउन लाइन में बेंगलुरु-यशवंतपुर एक्सप्रेस गुजर रही थी। इस बीच लाइन के किनारे डाली गई गिट्टी का डस्ट उड़ रहा था, डस्ट को देखकर चालक को अंदेशा हुआ कि ट्रेन में आग लग गई है और धुंआ निकल रहा है। ड्राइवर ने ट्रेन रोकी और कई यात्री ट्रेन से उतर गए, इसी बीच अप में जा रही ईएमयू ट्रेन की चपेट में कई यात्री आ गए थे।
- 2 जून 2024 को पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में सरहिंद के माधोपुर के पास दो मालगाड़ियां आपस में टकरा गईं। इस टक्कर में दो ट्रेन ड्राइवर घायल हो गए थे। घायलों को श्री फतेहगढ़ साहिब सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सिविल अस्पताल फतेहगढ़ साहिब से राजिंदर अस्पताल पटियाला रेफर कर दिया गया था।

जहाजों की टक्कर के लिए फिलीपींस जिम्मेदार : चीन

- फिलीपींस की सेना ने चीन के तटरक्षक के दावे को भ्रामक और गुमराह करने वाला करार दिया

ताइपे, एजेंसी

दक्षिण चीन सागर में विवादित स्प्रैटली द्वीप समूह के निकट सोमवार को एक चीनी जहाज और फिलीपींस के एक आपूर्ति जहाज के बीच टक्कर हो गई। चीन ने इस घटना के लिए फिलिपींस को जिम्मेदार ठहराया है। चीन के तटरक्षक बल ने बताया कि फिलीपींस का एक आपूर्ति जहाज स्प्रैटली द्वीप समूह में जलमग्न चट्टान सेकंड थॉमस शोल के निकट जलक्षेत्र में घुस आया। स्प्रैटली द्वीप समूह पर, कई देश अपने-अपने क्षेत्र का हिस्सा होने का दावा करते हैं। फिलीपींस की सेना ने चीन के तटरक्षक के दावे को भ्रामक और गुमराह करने वाला करार दिया है।

चीनी तटरक्षक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वीचैट पर एक बयान में कहा कि फिलीपींस का एक आपूर्ति जहाज चीन द्वारा बार-बार दी गयी चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए गैर-पेशेवर तरीके से एक चीनी जहाज के पास खतरनाक तरीके से पहुंच गया, जिसके परिणामस्वरूप टक्कर हो गयी। बयान के मुताबिक इस दुर्घटना के लिए पूरी तरह से फिलीपींस जिम्मेदार है। फिलीपींस सेना ने मनीला में कहा कि सेना मनुष्यों की वैध आवाजाही और आयंगिन शोल पर पुनःआपूर्ति मिशन को लेकर किसी तरह की परिचालन जानकारी पर चर्चा नहीं करेगी।

नेतन्याहू ने प्रभावशाली वार कैबिनेट को भंग किया : इजराइली अधिकारी

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइली अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उस प्रभावशाली वार कैबिनेट (युद्ध मंत्रिमंडल) को भंग कर दिया है, जिसे गाजा में युद्ध का संचालन करने का काम सौंपा गया था। अधिकारियों के मुताबिक, विपक्षी नेता बेनी गैंट्ज़ के सरकार से बाहर चले जाने के बाद इस वार कैबिनेट को भंग कर दिया गया। बेनी गैंट्ज हमास के खिलाफ युद्ध के शुरुआती दिनों में इजराइल की गठबंधन सरकार में शामिल हुए थे। गैंट्ज ने मांग की थी कि नेतन्याहू की सरकार में अति-दक्षिणपंथी सांसदों को दरकिनार करने के लिए एक छोटा मंत्रिमंडल बनाया जाए। गेंट्ज, नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योआव गैलेंट इसके सदस्य थे और उन्होंने पूरे युद्ध के दौरान मिलकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इजराइली अधिकारियों ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर यह बात कही, क्योंकि उन्हें मीडिया के साथ इस बदलाव पर चर्चा करने का अधिकार नहीं है।

गाजा में इजरायल के हवाई हमले में नौ की मौत

गाजा, एजेंसी। ईद-उल-अज़हा के एक दिन पहले मध्य गाजा में अल-बुरीज शरणार्थी शिविर पर इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमले में कम से कम नौ फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने रविवार को नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि हवाई हमले में दो आवासीय घरों को निशाना बनाया गया, जिसमें छह बच्चों सहित नौ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रविवार तक गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या 37,337 हो गई है, जबकि 85,299 लोग घायल हुए हैं। उधर, इजरायली सैन्य प्रवक्ता अविचाय एद्राई ने रविवार को कहा कि दक्षिणी गाजा पट्टी में लड़ाई जारी है, जिसमें गाजा के सबसे दक्षिणी शहर राफा भी शामिल है।

राष्ट्र विरोधी गतिविधि बंद करे पीटीआई : सरकार

- कानूनी मामलों के प्रवक्ता अकील मलिक ने कहा पाकिस्तानी सरकार की ऐसे लोगों पर नजर

इस्लामाबाद, एजेंसी

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी से राष्ट्र विरोधी गतिविधियां एवं दुष्प्रचार को बंद करने की अपील करते हुए सरकार ने चेतावनी दी है कि वह मित्र देशों के साथ संबंधों को नुकसान पहुंचाने के प्रयास में सोशल मीडिया पर राष्ट्र विरोधी अभियान चलाने में शामिल लोगों पर शिकंजा कसेगी।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कानूनी मामलों के प्रवक्ता अकील मलिक ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) विदेशों में जिस तरह पाकिस्तान विरोधी गतिविधि चला रही है, पूर्व में वैसी कोई मिसाल नहीं मिलती। उन्होंने कहा, पाकिस्तान एक स्वतंत्र देश है और किसी दूसरे देश से वह निर्देश नहीं लेता। हम सभी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध चाहते हैं। हालांकि, 2022 के अविश्वास प्रस्ताव के बाद से विदेशों में पाकिस्तान के खिलाफ बदनामीकारक अभियान शुरू हो गया है, जिसने पाकिस्तान विरोधी दुष्प्रचार को बढ़ावा दिया है। मलिक ने आरोप लगाया कि पीटीआई ने दूसरे देशों में पाकिस्तान विरोधी अभियान को बढ़ावा देने के लिए लामबंदी करने वालों और जनसंपर्क कंपनियों को काम पर रखा है।

बॉलीवुड हलचल

15 नवंबर को प्रदर्शित होगी शुजित सरकार की फिल्म

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मकार शुजित सरकार की आने वाली फिल्म 15 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शुजित सरकार की आने वाली फिल्म एक पिता और बेटी के बीच के रिश्ते की कहानी है। इस फिल्म में महानायक अमिताभ बच्चन के सुपुत्र अभिषेक बच्चन की मुख्य भूमिका है। शुजित सरकार ने कहा, पिता-बेटी के रिश्ते वाकई खास होते हैं। उनमें अपनी अजीबोगरीब चीजें और चुनौतियां होती हैं। साथ ही, मुझे लगता है कि यह सबसे कम चर्चित या प्रस्तुत किए जाने वाले रिश्तों में से एक है, जिसमें खूबसूरत कहानियों की बहुत गुंजाइश है। पीकू एक ऐसी कहानी थी जिससे मैं तुरंत जुड़ गया, और मैं इसे बहुत कुछ पेश कर सका। इसी तरह, मेरी अगली फिल्म भी एक पिता और बेटी के बीच के मधुर बंधन के इर्द-गिर्द घूमती है और आपको उनकी भावनात्मक यात्रा के साथ यात्रा कराती है और हम 15 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दुनिया भर के दर्शकों के सामने यह दिल को छू लेने वाली कहानी लाने के लिए तैयार हैं।

सूर्या की शूटिंग फिर से शुरू करेंगे सन्नी देओल

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के माचो हीरो सन्नी देओल अपनी आने वाली फिल्म सूर्या की शूटिंग फिर से शुरू करेंगे। सन्नी देओल ने हाल ही में बॉर्डर 2 अनाउंस की है। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। सन्नी देओल की अब एक और फिल्म को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। सन्नी की इस फिल्म का नाम है सूर्या है ,जो वर्ष 2018 में रिलीज हुई मलयालम फिल्म जोसेफ का रीमेक है। सन्नी देओल ने वर्ष 2022 में फिल्म सूर्या का काम शुरू किया था, लेकिन काम खत्म नहीं हो पाया था. लेकिन अब इस फिल्म का काम एक बार फिर से शुरू होने वाला है। कहा जा रहा है कि सन्नी देओल फिर से फिल्म सूर्या की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। कहा जा रहा है कि इसी साल नवंबर तक फिल्म सूर्या की शूटिंग खत्म हो जाएगी।

शबाना आजमी को पसंद आयी फिल्म चंदू चैंपियन

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री शबाना आजमी को कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन बेहद पसंद आयी है। कबीर खान के निर्देशन में बनी कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है। इस फिल्म को लोगों से मिली जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। शबाना आजमी ने अपने पति जावेद अख्तर के साथ फिल्म चंदू चैंपियन देखी। शबाना आजमी ने कार्तिक और कबीर खान के काम की तारीफ की। शबाना आजमी ने कहा कि चंदू चैंपियन बेहतरीन फिल्म है ।मैं तो रो-रो के पागल हो गई और कार्तिक का काम बहुत अच्छा था। कबीर ने बहुत अच्छा काम किया। मैंने बहुत दिनों के बाद कबीर की फिल्म देखी। कहानी ने हमें सेकंड हाफ में भी बांधे रखा ।फिल्म देखते हुए मैं रोना बंद नहीं कर पाई। चंदू चैंपियन प्रेरणादायक कहानी है।

खगोल विज्ञान | उत्तरी गोलार्ध में शनिवार से लंबा होने लगेगा रात का समय

21 जून का दिन होगा वर्ष का सबसे बड़ा दिन

- जून संक्रांति पर उत्तरी गोलार्ध में 23.5 डिग्री के कोण पर झुका होता है सूर्य
- इसके बाद दिसंबर तक दिन की अवधि छोटी होती चली जाएगी और रातें लंबी होती चली जाएंगी

अमृत विचार, नैनीताल

दिन व रात का अपना सफर एक सामान्य प्रक्रिया होने के बावजूद हमारे जीवन में गहरी छाप है। 21 जून को वर्ष का सबसे बड़ा दिन होगा। इसके बाद रात का अंधियारा बढ़ना शुरू हो जाएगा। यह प्रक्रिया निरंतर दिसंबर तक जारी रहेगी।

21 जून को जून संक्रांति कहा जाता है। इस दिनसूर्य उत्तरी गोलार्ध में अपने सबसे उत्तरी बिंदु पर पहुँच जाता है। यह बिंदु आकाशीय कर्क रेखा पर है, जो आकाश के समानांतर होता है और भूमध्य रेखा से 23.5 डिग्री उत्तर में मौजूद होता है। या कहें कि जून संक्रांति पर सूर्य उत्तरी गोलार्ध में 23.5 डिग्री के कोण पर झुका होता है। कर्क रेखा में दोपहर के समय सूर्य सीधे सिर के ऊपर होता है। इसी दौरान दक्षिणी गोलार्ध में स्थिति उत्तरी गोलार्ध के विपरीत होती हैं। यानी दिन छोटा व रात लंबी होती है। पृथ्वी पर कोई भी संक्रांति पृथ्वी के अपनी धुरी पर झुके होने और सूर्य के चारों ओर अपनी कक्षीय गति के कारण होती है। पृथ्वी के अपनी धुरी पर 23.5 डिग्री झुकी होने के कारण न केवल दिन रात के समय में अंतर आता है, बल्कि मौसम परिवर्तन की सबसे बड़ी वजह भी यही है। सर्दी और गर्मी का एहसास इसी वजह से होता है। जून संक्रांति 20 से 22 जून के बीच पड़ती है। इस वर्ष 21 जून को है। इसके बाद दिसंबर तक दिन की अवधि छोटी होती चली जाएगी और रातें लंबी होती चली जाएंगी।



पृथ्वी पर दिन व रात का चित्र।

इन दिनों सर्वाधिक दूर होता है सूर्य

नैनीताल : भले ही इन दिनों तपा देने वाली भीषण गर्मी पड़ रही हो, लेकिन हकीकत में सूर्य उत्तरी गोलार्ध में हमसे सबसे दूर होता है। इसकी तुलना में सर्दियों में हमारे सर्वाधिक करीब होता है और तब थरथराने वाली ठंड का सामना करना पड़ रहा होता है। पृथ्वी के अपने अक्ष में झुकाव के कारण यह परिवर्तन आता है, जबकि दक्षिणी गोलार्ध में स्थिति उत्तरी गोलार्ध के विपरीत होती है।